



# हरिभूमि

छत्तीसगढ़, मध्यप्रदेश, हरियाणा व दिल्ली से एक साथ प्रकाशित

समाचार ही नहीं, विचार भी

haribhoomi.com

बिलासपुर, गुरुवार 17 जुलाई 2025





# बेटे की बीमारी ठीक करने हैवान ने दी तीन साल के मासूम की बलि

## 16 महीने से बालक था लापता, पुलिस ने सुलझाई हत्या की गुत्थी

बलरामपुर जिले के सामरी थाना क्षेत्र में नरबली का सनसनीखेज मामला सामने आया है। अंधविश्वास में डूबे हैवान ने अपने बेटे की मिर्गी की बीमारी ठीक करने के उद्देश्य से तीन साल के बच्चे को बिस्किट और मिठाई का लालच देकर उसका अपहरण किया। फिर घर ले जाकर उसकी गर्दन को धड़ से अलग कर बलि दे दी।

हरिभूमि न्यूज ▶▶| अंबिकापुर

आरोपी ने मासूम बच्चे की हत्या करने के बाद उसके धड़ को जंगल में ले जाकर जला दिया और सिर को घर में 3 दिनों तक छिपाकर रखा। बाद में जब पुलिस ने गांव में खोजबीन शुरू की, तो आरोपी ने सिर को कपड़े में लपेटकर जंगल में दफन कर दिया। सवा साल पहले हुए इस जघन्य हत्याकांड में पुलिस ने अब आरोपी को गिरफ्तार कर मामले का खुलासा किया है। पुलिस ने बच्चे के सिर का अवशेष बरामद करने के साथ ही हथियार बरामद करने में सफलता हासिल की है। दिल दिमाग को झंझोर देने वाली यह घटना बलरामपुर जिले के ▶▶| शेष पेज 8 पर

- बलरामपुर जिले के सामरी पाठ थाना क्षेत्र में नरबलि



### छुरी से रेतकर अलग की गर्दन

आरोपी चांदो थाना अंतर्गत ग्राम चटनिया कटईडीह निवासी 40 वर्षीय राजू कोरवा आ. लेब्धु कोरवा ने पुलिस को बताया कि उसे 29 मार्च को ग्राम झलबासा में ढाई से तीन साल का बालक खेलता हुआ दिखा तो वह उसे मिठाई और बिस्किट देने का लालच देकर गोद में उठाकर अपने घर ले गया और घर जाते ही तंत्र मंत्र करके मासूम बच्चे की बलि दे दी। आरोपी ने छुरी से बच्चे के सिर को धड़ से अलग कर दिया। हत्या के बाद आरोपी धड़ को बोरी में भरकर बोड़ादह कोना नाला ले गया और रात के समय धड़ को जला दिया जबकि बच्चे के सिर को तंत्रमंत्र के लिए तीन दिनों तक ▶▶| शेष पेज 8 पर

### कड़ी सजा दिलाने का करेंगे प्रयास

गुमशुदा बालक की पतासाजी की जा रही थी। हमें एक युवक पर संदेह था। जब सूचना के आधार पर संदेही को पकड़कर कड़ाई से पूछताछ की तो उसने अपने बेटे की मिर्गी की बीमारी ठीक करने के नाम पर बच्चे की बलि देने व धड़ को जलाने एवं सिर को दफन करने की बात स्वीकार की। बच्चे का अवशेष बरामद किया गया है जिसका डीएनए सैम्पल जांच के लिए भेजा जाएगा। हमारा प्रयास है कि इस अमानवीय घटना के लिए आरोपी को कड़ी से कड़ी सजा दिलाई जाए।

—वैभव बैंकर रमनलाल, एसपी

### खोपड़ी के अवशेष को भेजा जाएगा डीएनए के लिए

*आरोपी के कबूलनामा के बाद पुलिस ने एसडीएम को मामले की जानकारी दी और सामरी तहसीलदार की उपस्थिति में शव उत्खनन कराया गया। पुलिस ने मौके से खोपड़ीनुमा अवशेष बरामद किया है। फिलहाल पुलिस द्वारा बच्चे की पहचान की पुष्टि करने के लिए अवशेष को डीएनए जांच हेतु भेजा जाएगा और उसके बाद अवशेष परिजन के सुपुर्द किया जाएगा। इस मामले में पुलिस ने आरोपी 40 वर्षीय राजू कोरवा आ. लेब्धु कोरवा को भादवि की धारा 363, 302, 201 के तहत गिरफ्तार कर घटना में प्रयुक्त लोहे की छुरी को बरामद किया है।*

## खबर संक्षेप

### नीट में बिजली गुल, दोबारा परीक्षा के लिए याचिका



**नई दिल्ली।** सुप्रीम कोर्ट मप्र के कुछ केंद्रों पर बिजली कटौती के पीड़ित अभ्यर्थियों के लिए राष्ट्रीय पात्रता सह प्रवेश परीक्षा-स्नातक (नीट-यूजी) 2025 दोबारा कराने का निर्देश देने से इंकार करने संबंधी आदेश के खिलाफ याचिका पर सुनवाई के लिए सहमत हो गया।

### एनएमसी के 24 अंशकालिक सदस्यों का किया चयन

**नई दिल्ली।** केंद्रीय स्वास्थ्य मंत्रालय ने लॉटरी के जरिये राष्ट्रीय चिकित्सा आयोग और उसके चार स्वायत्त बोर्ड के 24 अंशकालिक सदस्यों का चयन किया है। केंद्रीय स्वास्थ्य मंत्री जे. पी. नड्डा ने मंगलवार को एनएमसी, स्वायत्त बोर्डों और खोज समिति के अंशकालिक सदस्यों की नियुक्ति प्रक्रिया में भाग लिया। चिकित्सा सलाहकार परिषद में राज्य चिकित्सा परिषद द्वारा नामित व्यक्तियों में से एनएमसी के नौ अंशकालिक सदस्यों का चयन किया गया।

### फिल्म 'उदयपुर फाइल्स' पर सुनवाई 21 तक टाली

**नई दिल्ली।** सुप्रीम कोर्ट ने 'उदयपुर फाइल्स-कन्हैया लाल टेलर मर्डर' मामले पर सुनवाई 21 जुलाई तक टाल दी। फिल्मकारों से फिल्म के खिलाफ आपत्तियों पर सुनवाई के लिए केंद्र द्वारा नियुक्त समिति का फैसला आने तक इंतजार करने को कहा। समिति बुधवार को अपराह्न ढाई बजे इस मामले में सुनवाई करेगी। न्यायमूर्ति सूर्यकांत और न्यायमूर्ति जे. बागची की पीठ ने फिल्मकारों से कहा कि फिल्म निर्माताओं को आर्थिक रूप से क्षतिपूर्ति तो दी जा सकती है।

### खराब मौसम के कारण दिल्ली में 5 फ्लाइट डायवर्ट



**नई दिल्ली।** दिल्ली-एनसीआर में बीते एक हफ्ते से तेज बारिश जारी है। पिछले तीन दिनों से बारिश लगातार हो रही है। बुधवार को भी तेज बारिश जारी है। खराब मौसम के कारण दिल्ली एयरपोर्ट पर उतरने वाली इंडिगो-एअर इंडिया की 2-2 फ्लाइट जयपुर और एअर इंडिया की 1 फ्लाइट को अमृतसर डायवर्ट किया गया।

## हरिभूमि की बड़ी पड़ताल...

रजिस्ट्रेशन में दिया मोबाइल नंबर एक किराना व्यापारी का, उसने कहा-मैं अभनपुर में हूं, जग सप्लाई से लेनादेना नहीं

# 32 हजार का जग सप्लाई करने वाली कंपनी फर्जी, रायपुर टिकरापारा में फर्म ही नहीं

हरिभूमि न्यूज ▶▶| रायपुर

छत्तीसगढ़ में इन दिनों 32 हजार रुपए में एक जग सप्लाई करने का मामला चर्चा में है। सरकार सफाई दे रही है और विपक्ष हमलावर। सोशल मीडिया पर मीम्स बन रहे हैं। बलौदाबाजार के आदिवासी विभाग ने कहा कि टेंडर आया था, लेकिन कीमत ज्यादा होने की वजह से रद्द कर दिया गया। हरिभूमि ने उस कारोबारी को तलाश करने का प्रयास किया जिसने 32 हजार में सप्लाई के लिए टेंडर भरा। जीएसटी नंबर के सहारे टीम रायपुर टिकरापारा तक पहुंची। वहां फर्म का अतापता नहीं है। जिस मोबाइल नंबर का जिक्र किया गया, उसने कहा वह अभनपुर में किराना दुकान चलाता है।

उल्लेखनीय है कि जग सप्लाई का कोटेशन देने वाली फर्म का नाम है श्रीराम सेल्स एंड सप्लायर। ▶▶| शेष पेज 8 पर

हरिभूमि एक्सक्लूसिव

### जांच के बाद कार्रवाई

*श्रीराम सेल्स को लेकर जीएसटी इंटेलिजेंस शाखा को उक्त फर्म के संबंध में जांच के निर्देश दिए गए है। जांच प्रतिवेदन मिलने के बाद कार्रवाई तय की जाएगी।*

*पुष्पेंद्र मीणा, आयुक्त, छग जीएसटी*

### टीम हरिभूमि ने हर जगह तलाश किया, कुछ नहीं मिला







### फर्जी दस्तावेजों के आधार पर जीएसटी

टेंडर हासिल करने कोटेशन भरने जिस जीएसटी नंबर का उल्लेख किया गया है। नंबर हासिल करने जालसाज द्वारा फर्जी दस्तावेजों का सहारा लेने की आशंका है। जिस चंद्रेश नाम के व्यक्ति के नाम से जीएसटी नंबर हासिल किया गया है। उनका कहना है कि उसका अभनपुर में छोटे से किराना का दुकान है। साथ ही उसने जीएसटी नंबर लेने की बात से इनकार किया है। ऐसे में जालसाज द्वारा चंद्रेश के दस्तावेजों का गलत तरीके से इस्तेमाल करते हुए जीएसटी नंबर हासिल कर टेंडर के लिए कोटेशन जमा करने की आशंका है।

### एक किलोमीटर तक कोई दुकान नहीं

हरिभूमि की टीम ने सिद्धार्थ चौक से लेकर नंदी चौक, हटरीबाजार तक श्रीराम सेल्स नाम की फर्म की जानकारी जुटाई। ऐसी किसी दुकान या फर्म के बारे में जानकारी नहीं मिल सकी। सिद्धार्थ चौक से एक किलोमीटर के दायरे में श्रीराम सेल्स नाम की कोई फर्म नहीं मिली।

### जीएसटी नंबर के लिए यह दस्तावेज है अनिवार्य

जीएसटी विभाग के अनुसार किसी भी कारोबारी को जीएसटी नंबर तभी आबंटित किया जाता है, जब वह आवेदन के साथ समस्त दस्तावेज प्रस्तुत करे। इसमें आधार कार्ड,पेन कार्ड, फोटो, बिजली बिल, बैंक का नाम और अकाउंट नंबर आदि। जीएसटी नंबर जारी करने के पूर्व जीएसटी के सर्किल अफसर मौके पर भौतिक सत्यापन करने जाते हैं।

### जीएसटी नंबर चंद्रेश देवांगन के नाम पर

श्रीराम सेल्स ने आदिवासी विकास विभाग को कोटेशन में जो जीएसटी 22 एएफएचएफएस 8638 ई- 1 जेडवी नंबर दिया था। वह जीएसटी नंबर पूरी तरह से सही पाया गया जो एक पार्टनरशिप फर्म है। पार्टनरशिप फर्म के थोक कारोबार करने का उल्लेख है। उक्त फर्म का पंजीयन 25 जुलाई 2024 को हुआ। इसका रजिस्ट्रेशन चंद्रेश कुमार देवांगन नामक व्यक्ति ने किया है। उसने अपना मोबाइल नंबर भी रजिस्ट्रेशन के समय दिया था। दिए गए मोबाइल नंबर पर काल किया तो कॉल रिसिव करने वाले ने अपना नाम चंद्रेश देवांगन बताया। उसने बताया कि वह अभनपुर में किराना दुकान चलाता है। उसने किसी टेंडर में हिस्सा नहीं लिया है,और नहीं उसने जीएसटी नंबर लिया है। हालांकि चंद्रेश देवांगन ज्यादा बात करने से बचते नजर आया।

# जेम पार्टल का एक और कारनामा, 5 टीवी 50 लाख की, बाजार से 6 गुना रेट



हरिभूमि न्यूज ▶▶| रायपुर

32 हजार के एक जग की सप्लाई का विवाद अभी थमा भी नहीं था कि जेम पोर्टल का एक और कारनामा सामने आया है। सरगुजा में अनुसूचित जाति, जनजाति विभाग के लिए पांच टीवी खरीदने के नाम पर जेम पोर्टल के माध्यम से एक कारोबारी समूह ने टीवी नौ लाख 99 हजार 500 रुपए कोड किया गया है। इस तरह से पांच टीवी खरीदी करने के लिए 49 लाख 97 हजार 500 रुपए कोट किए हैं। कोटेशन 2 जनवरी 2025 का है। ओपन ब्रिड के माध्यम से कोटेशन जमा करने वाली कारोबारी संस्था का नाम बगुलामुखी इंटरप्राइजेस प्राइवेट लिमिटेड है। जिस कंपनी का टीवी खरीदने कोटेशन भरा गया है उक्त टीवी कंपनी का नाम सोलीटेयर कंपनी की 86 इंच की टीवी है।

### हरिभूमि की रिपोर्ट




### ऑनलाइन रेट डेढ़ लाख रुपए

हरिभूमि ने सेम कंपनी और सेम सिस्टम की कीमत आनलाइन सर्च की। इमेजान और इंडिया मार्ट में प्रति टीवी एक लाख 45 हजार और एक लाख 55 हजार नजर आए। इस तरह बाजार की कीमतें कोटेशन से करीब छह गुना ज्यादा हैं। हरिभूमि ने कंपनी के भागीदार नवीन सोनी से संपर्क किया गया तो उन्होंने ओपन ब्रिड में नौ लाख 99 हजार 500 रुपए में टीवी के लिए कोटेशन भरे जाने की बाक कबूल की। ▶▶| शेष पेज 8 पर

विधानसभा में सौहार्द्र, सत्तापक्ष ने मेजें थपथपाकर किया स्वागत

# बिजली दर पर विपक्ष का स्थगन अस्वीकार चर्चा के बाद महंत ने जताया सीएम का आभार

हरिभूमि न्यूज ▶▶| रायपुर

सदन की कार्यवाही के दौरान बहुत कम ऐसे मौके आते हैं, जब विपक्ष सरकार को धन्यवाद दे। सत्ता पक्ष भी विपक्ष की बातों को गंभीरता से सुने। बिजली दरों में वृद्धि को लेकर विपक्ष ने स्थगन प्रस्ताव लाया, लेकिन आसंदी ने उसे अस्वीकार कर दिया। इसके बावजूद विपक्ष ने कोई हंगामा नहीं किया, बल्कि शांतिपूर्ण ढंग से अपनी बात रखी। इस दौरान ऐतिहासिक और सौहार्द्रपूर्ण दृश्य देखने को मिला। सत्तापक्ष ने मेजें थपथपाकर स्वागत किया। खास बात यह रही कि नेता प्रतिपक्ष डॉ. चरण दास महंत ने मुख्यमंत्री विष्णु देव साय को ▶▶| शेष पेज 8 पर



### बेहतर आपूर्ति और घटती हानि

मुख्यमंत्री ने कहा, शहरी क्षेत्रों में औसतन 23.85 घंटे/दिन और ग्रामीण क्षेत्रों में 23.45 घंटे/दिन बिजली आपूर्ति सुनिश्चित की जा रही है। विशेष रूप से कृषि फीडरों में 18 घंटे प्रतिदिन की आपूर्ति दी जा रही है, जो देश के सभी राज्यों में सर्वाधिक आंकड़ों में शामिल है। तकनीकी और वाणिज्यिक हानि को 2020-21 में 23.14 प्रतिशत से घटाकर 2024-25 में 13.79 प्रतिशत किया गया है। यह उपलब्धि दक्ष संचालन, ▶▶| शेष पेज 8 पर

### प्रधानमंत्री सूर्य घर मुफ्त बिजली योजना

मुख्यमंत्री विष्णु देव साय ने प्रधानमंत्री सूर्य घर मुफ्त बिजली योजना के अंतर्गत मिलने वाले अनुदान का भी जिक्र किया। उन्होंने बताया कि 3 किलोवाट तक के संयंत्र पर 78,000 रुपए तक का केंद्र और 30,000 रुपए तक का राज्य सरकार का अनुदान मिलेगा। नेता प्रतिपक्ष डॉ. चरण दास महंत ने इस विषय पर मुख्यमंत्री की संजीदगी और जवाब को सकारात्मक बताते हुए धन्यवाद दिया। उन्होंने कहा, ऐसा लगा कि मुख्यमंत्री वास्तव में इस विषय पर काम करना चाहते हैं।

विधानसभा में कृषि मंडी संशोधन विधेयक को मंजूरी

# मंडी एक्ट के उल्लंघन पर अब जेल नहीं, केवल 5000 का जुर्माना

हरिभूमि न्यूज ▶▶| रायपुर

खास खबर

*राज्य विधानसभा में बुधवार को छत्तीसगढ़ कृषि मंडी संशोधन विधेयक को मंजूरी दी गई। संशोधन में यह बात शामिल है कि मंडी एक्ट का उल्लंघन करने पर छह महीने के कारावास की जगह अब पांच हजार रुपये का जुर्माना लगाया जाएगा। विधानसभा में यह संशोधन विधेयक कृषि मंत्री रामविचार नेताम ने विपक्षी सदस्यों की गैरमौजूदगी में पेश किया। संशोधन पर चर्चा में सत्ता पक्ष के कुछ सदस्यों ने अपनी बात रखी और संशोधन को उचित ठहराया।*

### मंत्री ने कहा- किसानों को अच्छा मार्केट मिलेगा



*मंत्री श्री नेताम ने चर्चा का जवाब देते हुए कहा- इस बिल को लाने के पीछे उद्देश्य यह है कि धारा 48, धारा 49 में जो कारावास का प्रावधान किया गया था, उसे हटाया गया है और छोटे-छोटे संशोधन लाए गए हैं। एग्रीकल्चर मार्केटिंग ईको सिस्टम के रिफॉर्म करने का भारत सरकार का, हमारे देश के प्रधानमंत्री की सोच है कि हम कृषकों को बेहतर सुविधा कैसे उपलब्ध करा सकें? एग्रीकल्चर मार्केटिंग ईको सिस्टम में व्यापार के नियम, नीति एवं अधोसंरचना में सुधार करने के लिए और कृषि उत्पादों के विपणन प्रक्रिया को और अधिक सार्वजनिक बनाने के लिए सभी राज्य इस तरह का प्रयास कर रहे हैं। इसको लेकर समय-समय पर भारत सरकार का मार्गदर्शन प्राप्त होता रहा है और उस दिशा में ही हमारे छत्तीसगढ़ में हम लोगों ने संशोधन लाकर अपने किसानों को और अच्छा मार्केट उपलब्ध करा सकें। उन्हें उत्पाद की बेहतर कीमत मिल सके, ऐसा सोचकर यह संशोधन लाने का प्रयास किया गया है।*

### कृषि उपज की अधिकतम कीमत मिले इसलिए संशोधन

*कृषि मंत्री ने कहा कि राज्य सरकार का दृष्टिकोण है कि विक्रेताओं को उनके अधिसूचित कृषि उपज की अधिकतम कीमत प्राप्त हो सके, ऐसा सोच करके यह संशोधन लाया गया है। उन्होंने कहा कि समझता हूं कि इस बारे में तमाम सारे सदस्यों के अच्छे सुझाव आए हैं, मैं चाहता हूं कि इसे पास करें। चूंकि ऐसे समय में हमारे प्रतिपक्ष के नेताओं को रहना जरूरी था, मैं समझता हूं कि वे इस बिल को देख नहीं पाए। अगर इस बिल को देखे होते, तो आज बहिर्गमन नहीं किए होते। फिर भी मैं उनसे अपेक्षा करता हूं कि इस बिल को देखें, ये प्रदेश के किसानों के हित में है। हम यहां के कृषि व्यापार को कैसे सुसंगत कर सकें, ऐसा सोच करके इसमें इस तरह का एक छोटा संशोधन लाया गया है।*

# तीन माह का चावल बांटने में रायपुर टॉप पर, सुकमा-दंतेवाड़ा जिला पिछड़ा



हरिभूमि न्यूजः रायपुर

चावल उत्सव के तहत छत्तीसगढ़ में अब तक लगभग 95 प्रतिशत कार्ड धारकों को तीन माह का चावल वितरण किया जा चुका है। चावल वितरण में रायपुर जिला टॉप पर है। यहां अभी तक 100.36 प्रतिशत कार्ड धारकों को राशन बांटा गया है, वहीं सुकमा और दंतेवाड़ा चावल वितरण में सबसे पीछे हैं। सुकमा में अभी तक 84.50 तथा दंतेवाड़ा में 90.19 प्रतिशत चावल वितरण किया गया है। इसके अलावा अन्य जिलों में 91 प्रतिशत या उससे अधिक चावल वितरण किया जा चुका है। हालांकि प्रदेश में अभी भी लगभग 2 लाख 92 हजार कार्ड धारक बचे हुए हैं, जिन्हें तीन माह का चावल बांटा जाना है।

प्रदेशभर 2 लाख 92 हजार कार्ड धारकों को तीन माह का चावल मिल नहीं पाया है। सूत्रों के अनुसार बचे हुए धारकों में लगभग दो लाख एपीएल के कार्ड धारक हैं। शासन ने तीन माह का चावल वितरण की अंतिम तारीख 31 जुलाई तय की है। इस तरह अभी भी 15 दिन शेष हैं। विभागीय अधिकारियों का दावा है कि शेष दिनों में भी बचे हुए हितग्राहियों को चावल वितरण कर दिया जाएगा। सभी उचित मूल्य की दुकानों में एक जून से नई ईपॉश मशीन से चावल वितरण किया जा रहा है। यह मशीन पुरानी मशीन की तुलना में काफी छोटी है। छोटी होने के कारण मशीन में हितग्राहियों की उंगली स्कैन करने में काफी परेशानी आ रही थी।

### बांटा गया चावल जिलेवार

| | |
|---|---|
| बालोद | 98.90 |
| बलौदाबाजार | 94.32 |
| बलरामपुर | 92.78 |
| बस्तर | 92.77 |
| बेमेतरा | 94.42 |
| बीजापुर | 91.94 |
| बिलासपुर | 91.82 |
| दंतेवाड़ा | 90.19 |
| धमतरी | 98.64 |
| दुर्ग | 94.35 |
| गरियाबंद | 93.99 |
| गौरेला-पेंड्रा-मरवाही | 96.38 |
| जांजगीर | 93.78 |
| जशपुर | 93.39 |
| कांकेर | 94.76 |
| कवर्धा | 94.68 |
| खैरागढ़-गंडई | 98.25 |
| कोंडागांव | 91.70 |
| कोरबा | 92.72 |
| कोरिया | 96.24 |
| महासमुंद | 91.43 |
| महेंद्रगढ़-चिरमिरी | 93.06 |
| मोहला-मानपुर | 95.05 |
| मुंगेली | 97.52 |
| नारायणपुर | 88.87 |
| रायगढ़ | 98.48 |
| रायपुर | 100.36 |
| राजनांदगांव | 96.19 |
| सक्ती | 94.02 |
| सारंगढ़-बिलाईगढ़ | 97.04 |
| सरगुजा | 91.13 |
| सुकमा | 86.50 |
| सूरजपुर | 97.00 |

# उम्र की किचकिच... 6 वर्ष होनी थी पहली कक्षा की प्रवेश आयु, आदेश नहीं इसलिए इससे पहले भी दाखिले

**राष्ट्रीय शिक्षा नीति के अंतर्गत होना था बदलाव, सितंबर तक 6 वर्ष की आयु पूर्ण होना आवश्यक**

हरिभूमि न्यूज : रायपुर

नवीन शैक्षणिक सत्र में पहली कक्षा में छात्रों की प्रवेश आयु पर माथापच्ची शुरू हो गई है। राष्ट्रीय शिक्षा नीति के अंतर्गत पहली कक्षा में प्रवेश के लिए न्यूनतम आयु 6 वर्ष की जानी थी। इस शैक्षणिक सत्र में विद्यार्थी पहली कक्षा में प्रवेश लेने वाला है, उस सत्र के सितंबर में छात्र की आयु 6 वर्ष पूर्ण हो जानी थी। 6 वर्ष की आयु पूर्ण होने के पहले छात्रों के लिए बालवाड़ी शिक्षा का भी प्रावधान राष्ट्रीय शिक्षा नीति में किया गया है। प्रवेश आयु को लेकर विधिवत आदेश जारी नहीं होने के कारण विद्यालय पूर्व की तरह 5 वर्ष की आयु पूर्ण करने वाले विद्यार्थियों को भी पहली कक्षा में प्रवेश प्रदान कर रहे हैं।



स्कूलों में पूर्व की गाइडलाइन के आधार पर ही छात्रों को दाखिले दिए जा रहे हैं। राष्ट्रीय शिक्षा नीति के अंतर्गत सभी राज्यों की शिक्षा व्यवस्था में एकरूपता लाने की कोशिश की जा रही है, ताकि एक बोर्ड से दूसरे बोर्ड में जाने पर छात्रों को अधिक समस्या ना हो।

### ...इसलिए दिक्कत

शुरुआती कक्षा में छात्रों को किसी प्रकार की परेशानी नहीं होती है। लेकिन बोर्ड कक्षाओं में आयु को लेकर स्पष्ट निर्देश होते हैं। निर्धारित आयु पूर्ण करने पर ही छात्र संबंधित बोर्ड परीक्षा में शामिल हो सकता है। उम्र कम होने पर बोर्ड छात्रों को कक्षा रिपीट करने कहा जाता है। पांच वर्ष की आयु में पहली कक्षा में प्रवेश लेने के बाद जब छात्र पहली बार बोर्ड परीक्षा के लिए आवेदन करेगा, उस दौरान फॉर्म रिजेक्शन सहित अन्य तरह की समस्याएं आएंगी। विशेषकर सीबीएसई द्वारा आयु को लेकर सख्ती बरती जाती है।

### स्पष्ट करें स्थिति

शासन को चाहिए की स्थिति स्पष्ट करें। निजी विद्यालय भी असमंजस की स्थिति में हैं। छात्रों को भविष्य में दिक्कतें उठानी पड़ सकती हैं।

- राजीव गुप्ता, अध्यक्ष, निजी स्कूल संघ







बिलासपुर
गुरुवार 17 जुलाई 2025
श्रावण कृष्ण पक्ष सप्तमी
वर्ष : 25, अंक : 116
पृष्ठ : 12+6 = 18 मूल्य : 4.00***


मौसम
अधि. 28.8
न्यून. 24.0


# हरिभूमि

छत्तीसगढ़, मध्यप्रदेश, हरियाणा व दिल्ली से एक साथ प्रकाशित

समाचार ही नहीं, विचार भी

haribhoomi.com



9 टेस्ट रैंकिंग: जडेजा को फायदा तो गिल को ...





विचार पेज
2 बेहतरी की ओर बढ़ते भारत के कदम







# खाएं पर रखें ख्याल, समोसा और जलेबी पर नहीं वार्निंग लेबल

हरिभूमि न्यूज ▶▶| नई दिल्ली

अलग खबर

देश में मोटापा के बढ़ते मामलों को देखते हुए समोसा-जलेबी पर भी सिगरेट की तरह चेतावनी जारी करने की बात हुई थी। पूरे देश में यह खबर फैल गई थी कि सरकार समोसा-जलेबी पर सिगरेट के पैकेट की तरह चेतावनी लेबल लगाने का आदेश दिया है, लेकिन सरकार की ओर से यह साफ कर दिया गया कि ऐसी कोई चेतावनी सरकार की ओर से जारी नहीं की गई है। पहले पीआईबी के फेक्ट चेक पर इसका खंडन किया गया उसके बाद स्वास्थ्य मंत्रालय ने कहा कि समोसा- ▶▶|शेष पेज 8 पर

### सरकार स्ट्रीट फूड को निशाना नहीं बनाएगी

हाल ही में कुछ मीडिया रिपोर्ट्स में कहा गया कि सरकार समोसा, जलेबी और लड्डू जैसे खाने की चीजों पर वॉर्निंग लेबल लगाने जा रही है। अब केंद्रीय स्वास्थ्य मंत्रालय ने इस बात को गलत बताया है। मंत्रालय ने साफ कहा है कि ऐसा कोई आदेश नहीं दिया गया है। यह खबर पूरी तरह से अफवाह और झूठी है। सरकार भारतीय स्ट्रीट फूड या परंपरागत खाने को निशाना नहीं बना रही है।

## दो दिन पहले चेतावनी की खबर आई थी, अब सरकार ने किया ऐलान



### किसी भी खाने पर वॉर्निंग नहीं

केंद्रीय स्वास्थ्य मंत्रालय ने साफ कहा है कि किसी भी खाने की चीज पर वॉर्निंग लेबल लगाने की बात नहीं हुई है। न ही इसमें समोसा, जलेबी या लड्डू जैसे भारतीय खाने को टारगेट किया गया है। यह सलाह सभी तरह के खाने को लेकर है जिसमें ज़्यादा तेल या चीनी हो सकती है। यह पहले से ही प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी कह रहे हैं कि खाने में तेल की मात्रा को 10 प्रतिशत तक कम किया जाए, लेकिन यह कभी नहीं कहा गया कि समोसा जलेबी न खाएं या इसमें कैलोरी को देखें।

### सेहत का ख्याल रखने ऐसी सलाह

हालिया एडवाइजरी में यह भी कहा गया है कि लोग सीढ़ियों का ज्यादा इस्तेमाल करें, थोड़ी-थोड़ी देर पर टहलें और अगर मुमकिन हो तो ऑफिस में हल्के-फुल्के एक्सरसाइज के लिए ब्रेक लें। यह पहल एनपी-एनसीडी नाम के सरकारी कार्यक्रम का हिस्सा है, जिसका मकसद है लोगों को मोटापा, डायबिटीज और हाई ब्लड प्रेशर जैसी बीमारियों से बचाना है। ज़्यादा तेल और चीनी खाने से ये बीमारियां बढ़ती हैं, इसलिए समय रहते जागरुक करना जरूरी है।


inh 24x7
छत्तीसगढ़ एवं मध्यप्रदेश का सर्वाधिक लोकप्रिय चैनल देखें
TATA PLAY चैनल नं. 1155
airtel चैनल नं. 366


## केंद्रीय मंत्रिमंडल की मंजूरी, 100 जिलों में कृषि क्षेत्र को मिलेगा प्रोत्साहन

# किसानों को सौगात, पीएम धन-धान्य कृषि योजना के लिए हर साल 24 हजार करोड़

*केंद्र सरकार ने प्रधानमंत्री धन-धान्य कृषि योजना को मंजूरी दे दी है। ये योजना अगले 6 साल तक चलेगी और देश के 100 जिलों को कवर करेगी। हर साल इसके लिए 24,000 करोड़ रुपए का बजट तय किया गया है। इस स्कीम का मकसद किसानों को फसल कटाई के बाद भंडारण की बेहतर सुविधा देना, सिंचाई व्यवस्था को सुधारना और खेती की पैदावार को बढ़ाना है।*

हरिभूमि न्यूज ▶▶| नई दिल्ली

केंद्रीय मंत्रिमंडल ने 100 जिलों में कृषि क्षेत्र के प्रोत्साहन के लिए सालाना 24,000 करोड़ रुपए के आवंटन वाली 'प्रधानमंत्री धन-धान्य कृषि योजना' को बुधवार को मंजूरी दी। छह साल तक चलने वाली इस योजना से करीब 1.7 करोड़ किसान लाभान्वित होंगे। यह योजना 2025-26 के बजट में कृषि उत्पादकता बढ़ाने, फसल विविधीकरण और टिकाऊ कृषि पद्धतियों को अपनाने के लिए 100 जिलों के विकास की घोषणा के अनुरूप है। सूचना एवं प्रसारण मंत्री अश्विनी वैष्णव ने केंद्रीय मंत्रिमंडल की बैठक में लिए गए इस निर्णय की जानकारी दी। वैष्णव ने संवाददाताओं से कहा कि ▶▶|शेष पेज 8 पर

■ 6 साल तक चलेगी केंद्र की योजना



1.7 करोड़ किसान होंगे लाभान्वित

### क्या होगा फायदा

आधिकारिक बयान के मुताबिक, इन 100 जिलों में लक्षित परिणामों में सुधार होने के साथ ही देश के लिए प्रमुख निष्पादन संकेतकों के संदर्भ में समग्र औसत में वृद्धि होगी। इसमें कहा गया है कि प्रधानमंत्री धन-धान्य कृषि योजना से कृषि एवं संबद्ध क्षेत्र में उत्पादकता में वृद्धि, मूल्य संवर्धन और स्थानीय आजीविका का सृजन होगा।

### हर राज्य से होगा कम से कम एक जिला

प्रत्येक राज्य/केंद्रशासित प्रदेश में जिलों की संख्या शुद्ध फसल क्षेत्र और परिचालन जोत के हिस्से पर आधारित होगी। हालांकि, प्रत्येक राज्य से कम-से-कम एक जिला इस योजना के लिए चुना जाएगा। योजना के प्रभावी नियोजन, कार्यान्वयन और निगरानी के लिए जिला, राज्य और राष्ट्रीय स्तर पर समितियां गठित की जाएंगी।

### हर महीने होगी निगरानी

जिला योजनाओं को फसल विविधीकरण, जल एवं मृदा स्वास्थ्य संरक्षण, कृषि एवं संबद्ध क्षेत्रों में आत्मनिर्भरता जैसे राष्ट्रीय लक्ष्यों के अनुरूप बनाया जाएगा। योजना की प्रगति की निगरानी मासिक आधार पर एक डैशबोर्ड के माध्यम से 117 प्रमुख संकेतकों पर की जाएगी।

## कैबिनेट का एक और फैसला

### एनटीपीसी की निवेश सीमा 20,000 करोड़ रुपए की

हरित ऊर्जा की दिशा में एक बड़ा कदम उठाते हुए सरकार ने बुधवार को सार्वजनिक क्षेत्र की कंपनी एनटीपीसी की निवेश सीमा बढ़ाकर 20,000 करोड़ रुपए कर दी। साथ ही सरकार ने सार्वजनिक क्षेत्र की एक अन्य कंपनी एनएलसीआईएल को नवीकरणीय ऊर्जा परियोजनाओं में 7,000 करोड़ रुपए का निवेश करने की अनुमति दे दी। इस बढ़े अधिकार के साथ एनटीपीसी 2032 तक 60 गीगावाट नवीकरणीय ऊर्जा क्षमता हासिल कर सकेगी। महारत्न कंपनी की नवीकरणीय ऊर्जा के लिए मौजूदा निवेश सीमा 7,500 करोड़ रुपये है। एनएलसी इंडिया लिमिटेडको अपनी पूर्ण स्वामित्व वाली अनुषंगी कंपनी एनएलसी इंडिया रिन्यूएबल्स लिमिटेड (एनआईआरएल) में 7,000 करोड़ रुपए का निवेश करने की अनुमति दी गई है।

### इन क्षेत्रों में होगा कार्य

केंद्रीय सार्वजनिक क्षेत्र के उद्यम (सीपीएसई) और देश की प्रमुख बिजली इकाई के तौर पर एनटीपीसी का लक्ष्य 2032 तक 60 गीगावाट की नवीकरणीय ऊर्जा क्षमता जोड़ना है। इससे देश को 2070 तक शुद्ध शून्य कार्बन उत्सर्जन के लक्ष्य की दिशा में आगे बढ़ने में मदद मिलेगी। एनएलसीआईएल के संबंध में एक अन्य बयान में कहा गया है कि बैठक में नवरत्न सीपीएसई पर लागू मौजूदा निवेश दिशानिर्देशों से इसके लिए विशेष छूट को मंजूरी दी गई।

## 20 साल बाद बदलेगा 5वीं-8वीं का सिलेबस, सेंट्रलाइज्ड बोर्ड परीक्षा के कारण फैसला

हरिभूमि न्यूज ▶▶| रायपुर

प्रदेश के पांचवी और आठवीं कक्षा के छात्र शैक्षणिक सत्र 2026-27 से नवीन पाठ्यक्रम का अध्ययन करेंगे। ना सिर्फ पांचवी और आठवीं, बल्कि चौथी और सातवीं के सिलेबस में भी बदलाव किया जाएगा। वर्तमान शैक्षणिक सत्र में पहली, दूसरी, तीसरी और छठवीं में नया सिलेबस लागू किया गया है। इस तरह से अगले शैक्षणिक सत्र से पहली से आठवीं तक सभी कक्षाओं के पाठ्यक्रम अपडेट हो जाएंगे। राज्य शैक्षिक अनुसंधान एवं प्रशिक्षण परिषद द्वारा इसके पूर्व 2005 में सिलेबस में बदलाव किया गया था। इसके बाद विभिन्न सत्रों में आवश्यकतानुसार कई टॉपिक जोड़े-घटाते गए, लेकिन पूर्ण रूप से पाठ्यक्रम में बदलाव कभी नहीं किया गया। एससीईआरटी की किताबें अपडेट ▶▶|शेष पेज 8 पर

### एनसीईआरटी की किताबें होंगी अडॉप्ट

अगले सत्र से जिन कक्षाओं की किताबों में बदलाव किया जाना है, उन्हें अंतिम रूप देना प्रारंभ कर दिया गया है। एनसीईआरटी की किताबों को ही इसके लिए अडॉप्ट किया जा रहा है। इसमें कुछ प्रतिशत बदलाव करते हुए स्थानीय जानकारी शामिल की जाएंगी। शेष पाठ्यक्रम एनसीईआरटी की ही तर्ज पर होगा। किन हिस्सों में बदलाव किया जाएगा एवं कौन से तथ्य नवीन रूप से जोड़े जाएंगे, इस पर मंथन जारी है।

### ब्रिज कोर्स को लेकर फैसला नहीं

जिन विद्यालयों में एनसीईआरटी पाठ्यक्रम से पढ़ाई होती है, उन स्कूलों में नया कोर्स लागू करने से पहले छात्रों के लिए ब्रिज कोर्स लागू किया गया था। ब्रिज कोर्स वह अध्ययन सामग्री होती है, जिसके माध्यम से पुराने और नए पाठ्यक्रम के मध्य की दूरी पाटी जाती है। ये अध्ययन सामग्री स्कूलों को ऑनलाइन उपलब्ध कराई गई थी। प्रदेश में नवीन पाठ्यक्रम से पूर्व ब्रिज कोर्स लागू होगा या नहीं, इसे लेकर निर्णय नहीं हुआ है।

## खबर संक्षेप

### अमरनाथ यात्रा के लिए एक और जत्था रवाना

**जम्मू।** दक्षिण कश्मीर हिमालय में अमरनाथ गुफा मंदिर के दर्शन के लिए बुधवार को 6,064



तीर्थयात्रियों का एक और जत्था रवाना हुआ। कड़ी सुरक्षा व्यवस्था के बीच दो अलग-अलग काफिलों में 1,511 महिलाओं सहित तीर्थयात्री अनंतनाग में नुनवान-पहलगाम और गांदरबल में बालटाल आधार शिविरों के लिए रवाना हुए।

### शेयर पर ज्यादा मुनाफे के झांसे में 2.85 करोड़ गंवाए

**मुंबई।** महाराष्ट्र के ठाणे जिले के 66 वर्षीय सेवानिवृत्त सरकारी कर्मचारी को शेयरों पर ज्यादा मुनाफे का झांसा देकर, उससे 2.85 करोड़ रुपये कथित तौर पर ठग लिए गए। शिकायतकर्ता लगभग दो महीने में यह सारा पैसा गंवा बैठे। वरिष्ठ नागरिक ने पुलिस को बताया कि कुछ लोगों ने उनसे मोबाइल फोन पर संपर्क किया। खुद को एक 'निवेश फर्म' और एक प्रतिष्ठित 'प्रतिभूति व्यापार' कंपनी का प्रतिनिधि बताया।

### हाईटेंशन तार की चपेट में आने से छह मोर की मौत

**मुरैना।** मप्र के मुरैना जिले में बिजली के हाईटेंशन तार की चपेट में आने से छह मोर की मौत हो गई। यह घटना मंगलवार दोपहर दिमनी थाना क्षेत्र के गांव सिरमती में एक मंदिर के



पास हुई। करीब छह मोर मंदिर के पास खुले मैदान में घूम रहे थे, तभी वे ऊपर से गुजर रही बिजली की हाई वोल्टेज तार की चपेट में आ गए। सभी पक्षियों की मौके पर ही मौत हो गई। उन्होंने बिजली विभाग और वन विभाग के अधिकारियों को सूचित करने की कोशिश की, लेकिन किसी ने कोई जवाब नहीं दिया।

### पुनीत मणिपुर के नए मुख्य सचिव

**इंफाल।** आईएएस के वरिष्ठ अधिकारी पुनीत कुमार गोयल को मणिपुर का नया मुख्य सचिव नियुक्त किया गया है। एजीएमयूटी कैडर के 1991 बैच के अधिकारी गोयल प्रशांत कुमार सिंह का स्थान लेंगे, जिन्हें राष्ट्रीय अनुसूचित जनजाति आयोग का सचिव नियुक्त किया गया है। मंत्रिमंडल की नियुक्ति समिति ने पुनीत कुमार गोयल को मणिपुर का मुख्य सचिव नियुक्त करने के कार्मिक एवं प्रशिक्षण विभाग के प्रस्ताव को मंजूरी दे दी है और वह 31.08.2025 तक, यानी सेवानिवृत्ति की तिथि तक पद पर रहेंगे।

## साइबर क्राइम पर भाजपा विधायक ने उठाए सवाल

# छत्तीसगढ़ में 18 महीनों में 1301 सायबर क्राइम, 107 करोड़ से ज्यादा की ठगी



हरिभूमि न्यूज ▶▶| रायपुर

छत्तीसगढ़ में पिछले डेढ़ साल में साइबर अपराध के 1,301 केस दर्ज किए गए हैं। इनमें पीड़ितों को 107 करोड़ रुपये से अधिक का नुकसान हुआ है। डिप्टी सीएम विजय शर्मा ने विधानसभा में यह जानकारी दी। उन्होंने बताया कि पुलिस इनमें से 107 मामलों में 3.36 करोड़ रुपये बरामद करने में सफल रही है। प्रश्नकाल में साइबर क्राइम को लेकर बीजेपी विधायक सुनील सोनी ने जनवरी 2024 से जून 2025 तक छत्तीसगढ़ में दर्ज साइबर अपराध के मामलों की संख्या की जानकारी मांगी। उन्होंने यह भी पूछा कि ऐसे अपराधों को रोकने के लिए क्या कार्रवाई की जा रही है। उन्होंने कहा, साइबर अपराध के जरिए हजारों लोगों को ठगा जा ▶▶|शेष पेज 8 पर

### सिम कार्ड और आईएमआई नंबर ब्लॉक

उन्होंने बताया कि साइबर अपराध अनुसंधान क्षमता के विकास के लिए, पुलिस अधिकारियों, कर्मचारियों को समय-समय पर सी-डैक और सरदार वल्लभभाई पटेल राष्ट्रीय पुलिस अकादमी जैसे देश के प्रतिष्ठित संस्थानों के माध्यम से डार्क वेब, क्रिप्टो करेंसी जैसे जटिल विषयों पर प्रशिक्षण दिया जा रहा है। शर्मा ने बताया कि केंद्रीय गृह मंत्रालय के निर्देशानुसार, हाल में साइबर अपराध से निपटने के लिए साइबर कमांडो योजना के अंतर्गत ▶▶|शेष पेज 8 पर

### चलाए जा रहे हैं जागरूकता कार्यक्रम

उन्होंने बताया कि साइबर अपराध को रोकने के लिए पुलिस मुख्यालय और जिला स्तर पर व्यापक जन जागरूकता कार्यक्रम चलाए जा रहे हैं। पीड़ितों को धन वापसी के प्रयासों के बारे में उपमुख्यमंत्री ने बताया कि साइबर अपराध के पीड़ितों को तुरंत शिकायत दर्ज कराने की सुविधा प्रदान करने के लिए राष्ट्रीय साइबर अपराध रिपोर्टिंग पोर्टल (एनसीआरपी) है। ▶▶|शेष पेज 8 पर

## चार स्कूलों को बम से उड़ाने की धमकी, तीन दिन में नौ

हरिभूमि न्यूज ▶▶| नई दिल्ली

दिल्ली के चार निजी स्कूलों को बुधवार सुबह बम से उड़ाने की धमकी मिलने के बाद अधिकारियों ने गहन जांच के लिए परिसर तत्काल खाली करा लिए। दमकल अधिकारियों ने यह जानकारी दी। यह लगातार तीसरा दिन है जब राष्ट्रीय राजधानी के शैक्षणिक संस्थानों को ईमेल से बम रखे होने की धमकी दी गई है। इससे पहले पिछले दो दिन में स्कूलों में बम रखे होने की धमकी, जांच में झूठी साबित हुई है।

### 24 घंटे में दूसरी बार

सेंट थॉमस स्कूल को बम से उड़ाने की यह धमकी 24 घंटे से भी कम समय में दूसरी बार दी गई है। इन स्कूलों में रात में भी रहने वाले कर्मचारियों को एहतियात के तौर पर तुरंत सुरक्षित स्थानों पर ले जाया गया।

*अज्ञात हमलावरों ने घर में घुसकर की वारदात*

## बुजुर्ग दंपति की नृशंस हत्या, गांव में दहशत, पुलिस कर रही जांच

हरिभूमि न्यूज ▶▶| अभनपुर

अभनपुर थाना क्षेत्र अंतर्गत ग्राम बिरोदा में दिल दहलाने देने वाली वारदात को अंजाम दिया गया। अज्ञात हमलावरों ने घर में घुसकर बुजुर्ग दंपति की गला रेतकर हत्या कर दी। मृतकों की पहचान भुखन ध्रुव (62) और उसकी पत्नी रूखमनी ध्रुव (60) के रूप में हुई है। घर के अंदर पति-पत्नी का खून से लथपथ शव मिला और बुजुर्ग का शव घर के कमरे में मिला। वहीं, महिला का शव दूसरे कमरे के अंदर जमीन मे मिला है। शुरूवाती जांच मे पता चला है कि धारदार हथियार से गला ▶▶|शेष पेज 8 पर



### अज्ञात आरोपियों के खिलाफ मामला दर्ज

हत्या के कारणों की गहराई से जांच की जा रही है। गांव के अंतिम छोर में रह रहे सीधे साधे बुजुर्ग जोड़े की हत्या से पूरे गांव मे दहशत का माहौल है। अभनपुर पुलिस अज्ञात आरोपियों के विरुद्ध मामला पंजीबद्ध कर जांच कर रही है।

### आसपास का इलाका सील

*मौके पर पहुंची एफएसएल यूनिट, फिंगरप्रिंट एक्सपर्ट, डॉग स्क्वायड के माध्यम से जांच की गई है तथा पूरे घर के आसपास के एरिया को सील किया गया है। साथ ही पुलिस ग्रामीणों से पूछताछ कर रही है। प्रारंभिक तौर और आपसी रंजिश, पुरानी दुश्मनी को घटना की वजह मान रही है। पुलिस पंचनामा कार्रवाई के बाद शव को पोस्टमार्टम के लिए भेज दिया गया है।*

## एक मां ऐसी भी : महाराष्ट्र के परभणी दंपति गिरफ्तार

# बस में डिलीवरी फिर नवजात को फेंका, कहा-पालने में असमर्थ

एजेंसी ▶▶| मुंबई

महाराष्ट्र के परभणी में 19 वर्षीय युवती ने चलती बस में बच्चे को जन्म दिया, लेकिन उसने और उसका पति होने का दावा करने वाले एक व्यक्ति ने नवजात को खिड़की से बाहर फेंक दिया जिससे बच्चे की मौत हो गई। इधर, जांच के दौरान दंपति ने बताया कि उन्होंने नवजात को इसलिए फेंक दिया क्योंकि वे इसके पालन-पोषण में असमर्थ थे। पुलिस अधिकारी ने बताया कि यह घटना मंगलवार ▶▶|शेष पेज 8 पर

**हिरासत में दंपतिः** वाहन की जांच और प्रारंभिक पूछताछ के बाद, उन्होंने युवती और शेख को हिरासत में ले लिया। दंपति ने बताया कि उन्होंने नवजात को इसलिए फेंक दिया क्योंकि वे इसके पालन-पोषण में असमर्थ थे। उन्होंने बताया कि सड़क पर फेंके जाने से बच्चे की मौत हो गई। पुलिस के अनुसार ढेरे और शेख दोनों परभणी के रहने वाले हैं और पिछले डेढ़ साल से पुणे में रह रहे हैं।




### ड्राइवर ने पूछा तो कहा- पत्नी को उल्टी हुई

बस के ड्राइवर ने देखा कि खिड़की से बाहर कुछ फेंका गया है। जब उसने शेख से इस बारे में पूछा तो उसने बताया कि उसकी पत्नी को उल्टी हुई थी। इसी बीच, सड़क पर एक व्यक्ति ने भी देखा कि बस से कुछ फेंका गया है। जब उसने पास जाकर देखा, तो वह नवजात बच्चा था। उसने तुरंत इसकी सूचना पुलिस को दी।

### पति-पत्नी का दावा पर दस्तावेज नहीं

पुलिस अधिकारी ने बताया कि उन्होंने पति-पत्नी होने का दावा किया, लेकिन इस बात को साबित करने के लिए कोई दस्तावेज पेश नहीं कर पाए। अधिकारी ने कहा, उन्हें हिरासत में लेने के बाद, पुलिस ने युवती को अस्पताल में भर्ती करा दिया है। परभणी के पाथरी पुलिस स्टेशन में दंपति के खिलाफ मामला दर्ज किया गया है।

## चिंतन

# कृषि क्षेत्र पर विशेष ध्यान देने की जरूरत

भारतीय कृषि क्षेत्र अभी भी अनेक संकटों के दौर से गुजर रहा है। केंद्र में वर्ष 2014 में नरेन्द्र मोदी की राजग सरकार आने के बाद से कृषि क्षेत्र की कायापलट के लिए अनेक योजनाएं शुरू की गई, किसानों की आय वर्ष 2022 तक दोगुनी करने करने का संकल्प लिया गया। इसके बावजूद न ही कृषि क्षेत्र की कायापलट हो सकी, न ही कृषि लाभकारी बन सकी और न ही किसानों की आय दोगुनी हो सकी। करीब एक वर्ष से अधिक समय तक तीन कृषि कानूनों की वापसी के लिए किसान आंदोलन चला, दबाव में सरकार ने तीनों कृषि कानून वापस ले लिए। उसके बाद से कृषि क्षेत्र सुस्त गति से बढ़ रहा है। जीडीपी में कृषि क्षेत्र का योगदान भी 35 फीसदी से घट कर 14 फीसदी के करीब आ गया है। वित्त वर्ष 2024-25 में कृषि क्षेत्र की विकास दर 3.8 फीसदी रही, जबकि दरकार पांच फीसदी से अधिक की है। मानव कार्यबल के करीब 50 फीसदी श्रम कृषि क्षेत्र में कार्यशील हैं, इसके बावजूद यह क्षेत्र संकटग्रस्त है। देश में कृषि क्षेत्र कई समस्याओं का सामना कर रहा है, जिनमें जलवायु परिवर्तन, भूमि की उर्वरता में कमी, सिंचाई की कमी और छोटे व खंडित जोत शामिल हैं। वहीं, विपणन और भंडारण सुविधाओं की कमी, मशीनीकरण का खराब उपयोग, और ऋण उपलब्धता भी महत्वपूर्ण समस्याएं हैं। कृषि क्षेत्र को गति देने के लिए सरकार ने पीएम धन-धान्य कृषि योजना को मंजूरी दी है। इस योजना पर 24 हजार करोड़ रुपये खर्च होंगे, 100 कम कृषि उत्पादन वाले जिलों को शामिल किया जाएगा। इनमें हर राज्य/केन्द्र शासित प्रदेश से कम से कम एक जिला जरूर कवर होगा। वित्त वर्ष 2025-26 के लिए 1 फरवरी को आए केंद्रीय बजट में इस योजना की घोषणा की गई थी। इसमें 11 मंत्रालयों की 36 मौजूदा योजनाओं को एकीकृत किया जाएगा। साथ में राज्य की योजनाएं और निजी क्षेत्र की भागीदारी भी जोड़ी जाएगी। योजना 2025-26 से शुरू होकर अगले 6 साल तक चलेगी। इस स्कीम में 1.7 करोड़ किसान लाभान्वित होंगे। इस योजना का मकसद चयनित जिलों में ज्यादा उत्पादन, फसल विविधता, टिकाऊ खेती, आधुनिक भंडारण और हर किसान को किफायती कर्ज देना है। यह योजना देश में केवल कृषि और उससे जुड़े क्षेत्रों पर ही फोकस करेगी। पीएम धन-धान्य कृषि योजना में किसानों को गेहूं-धान के बजाय दूसरी फसलों और टिकाऊ कृषि तरीकों को भी अपनाने के लिए प्रेरित किया जाएगा। कटाई के बाद उपज के सुरक्षित भंडारण के लिए पंचायत-स्तर और ब्लॉक-स्तर पर गोदाम, कोल्ड स्टोरेज और वैल्यू एडिशन यूनिट्स बनाई जाएंगी। हर किसान तक लंबी और छोटी अवधि का सस्ता कर्ज और सिंचाई सुविधाएं पहुंचेंगी। मिट्टी-पानी संरक्षण, जैविक खेती और जल की बचत पर खास फोकस होगा, जिससे किसान के खर्च घटे और आमदनी बढ़े। प्लानिंग और मॉनिटरिंग के लिए हर जिले, राज्य और राष्ट्रीय स्तर पर विशेषज्ञों और प्रगतिशील किसानों को जोड़कर समिति बनाई जाएगी। हर जिले का अपना 'डिस्ट्रिक्ट एग्रीकल्चर एंड अलाइड एक्टिविटीज प्लान तैयार होगा, उसमें स्थानीय जरूरत और ताकत के हिसाब से फसल, सिंचाई, भंडारण आदि की रणनीति तय होगी। यह योजना जमीन पर कितनी उतरेगी और कृषि क्षेत्र के विकास में किस प्रकार योगदान करेगी, अभी कुछ कहना जल्दबाजी होगा, लेकिन अतीत की अधिकांश कृषि योजनाओं के क्रियान्वयन में अनेक अनियमितताएं व लूपहोल्स देखे गए हैं। सरकार को सतर्क रहना होगा।



समानता रिपोर्ट
उमेश चतुर्वेदी

# बेहतरी की ओर बढ़ते भारत के कदम

**विश्व बैंक की रिपोर्ट ने भारतीय समाज को ज्यादा समतामूलक बताया है। रिपोर्ट के अनुसार, भारत इस रैंकिंग में चोटी के चार देशों में शामिल हो गया है, जबकि दुनिया की नंबर एक और नंबर दो अर्थव्यवस्थाएं यानी अमेरिका और चीन उससे पीछे हो गए हैं। दिलचस्प यह है कि जिस समय यह रिपोर्ट आई, ठीक उन्हीं दिनों ऑक्सफैम जैसी दूसरी एजेंसियों की ओर से आई रिपोर्टों के हवाले से भारत में बढ़ती आर्थिक असमानता को लेकर सवाल उठ रहे थे। ऐसे में विश्व बैंक की इस रिपोर्ट का आना और उसके समानता सूचकांक में भारत का बेहतर प्रदर्शन करना सुखद आश्चर्य का कारण तो बनता ही है। साफ है कि गिनी सूचकांक में भारत की स्थिति सुधरी है।**

इसे संयोग कहें या कुछ और, जिस समय भारतीय संविधान की प्रस्तावना में आपातकाल के दिनों जोड़े गए शब्दों 'धर्मनिरपेक्ष' और 'समाजवादी' को लेकर बहस हो रही है, ठीक उसी वक्त आई विश्व बैंक की रिपोर्ट ने भारतीय समाज को ज्यादा समतामूलक बताया है। विश्व बैंक की इस रिपोर्ट के अनुसार, भारत इस रैंकिंग में चोटी के चार देशों में शामिल हो गया है, जबकि दुनिया की नंबर एक और नंबर दो अर्थव्यवस्थाएं यानी अमेरिका और चीन उससे पीछे हो गए हैं। भारत से आगे स्लोवाक गणराज्य, स्लोवेनिया और बेलारूस हैं। दिलचस्प यह है कि जिस समय यह रिपोर्ट आई, ठीक उन्हीं दिनों ऑक्सफैम जैसी दूसरी एजेंसियों की ओर से आई रिपोर्टों के हवाले से भारत में बढ़ती आर्थिक असमानता को लेकर सवाल उठ रहे थे। ऐसे में विश्व बैंक की इस रिपोर्ट का आना और उसके समानता सूचकांक में भारत का बेहतर प्रदर्शन करना सुखद आश्चर्य का कारण तो बनता ही है।

विश्व बैंक के समानता सूचकांक को गिनी सूचकांक भी कहा जाता है। एक तरह से यह आर्थिक विकास को सामाजिक समानता से जोड़ने का सूचकांक है। इस आंकड़े के अनुसार, भारत का गिनी इंडेक्स 25.5 है। भारत 'सामान्य से कम' असमानता श्रेणी में है। मानकों के अनुसार, इस श्रेणी के लिए स्कोर 25 से 30 के बीच होता है। यह 'कम असमानता' वाले समूह के मानक से कुछ ही ज्यादा है। इस श्रेणी में स्लोवाक गणराज्य शामिल है। स्लोवाक का गिनी इंडेक्स 24.1 है। इसी तरह दूसरे स्थान पर रहे सोवियत संघ के पूर्व हिस्से और मौजूदा स्लोवेनिया देश का सूचकांक 24.3 है। इसके बाद 24.4 अंकों के साथ बेलारूस है। इन तीनों के बाद भारत का नंबर है। गौरतलब है कि विश्व बैंक ने दुनिया के 167 देशों का गिनी इंडेक्स जारी किया है। इनमें भारत की स्थिति बहुत बेहतर है। रिपोर्ट के अनुसार, सिर्फ़ 30 देश 'सामान्य से कम' असमानता वाली श्रेणी में आए हैं। जिनमें अत्यधिक लोक कल्याण वाले अनेक यूरोपीय देश जैसे आइसलैंड, नॉर्वे, फ़िनलैंड, बेल्जियम और पोलैंड शामिल हैं। इसमें संयुक्त अरब अमीरात जैसा धनी देश भी शामिल है। इस सूचकांक के लिहाज से भारत का प्रदर्शन विगत के डेढ़ दशक की तुलना में बहुत बेहतर है। साल 2011 में भारत का गिनी सूचकांक 28.8 था। साल 2022 में यह 25.5 पर पहुंच गया। गिनी सूचकांक के जरिए यह समझने की कोशिश की जाती है कि देश विशेष के घरों या व्यक्तियों के बीच आय, संपत्ति और उसके उपभोग के वितरण में कितनी समानता है। इसे शून्य से लेकर 100 के सूचकांक के स्तर पर मापा जाता है। इस सूचकांक के अनुसार, जिस देश का स्कोर शून्य है, उसका मतलब है कि उस देश में पूरी तरह समानता है यानी आय का वितरण पूरे नागरिकों में समान है। इस सूची में 100 स्कोर का अर्थ है कि एक ही व्यक्ति के पास पूरी आय और संपत्ति है और वही सबसे ज्यादा उपभोग करता है, जबकि दूसरों के पास कुछ भी नहीं है। इसका मतलब यह होता है कि उस देश विशेष में पूरी तरह असमानता व्याप्त है। मोटे तौर पर समझ सकते हैं कि जिस देश का गिनी इंडेक्स जितना ज्यादा होगा, उस देश में उतनी ही असमानता होगी। विश्व बैंक का मानना है कि गिनी इंडेक्स में भारत की मजबूत स्थिति की वजह उसके गरीबी हटाओ उपाय हैं। इनके जरिए ग्रामीण और



शहरी दोनों ही क्षेत्रों में गरीबी को कम करने में देश लगातार आगे बढ़ रहा है। इस रिपोर्ट के अनुसार, बीते दशक में 17.1 करोड़ लोगों को अत्यधिक गरीबी से बाहर निकालने में कामयाबी हासिल की गई है।

विश्व बैंक ने गरीबी के लिए रोजाना 2.15 अमेरिकी डॉलर से नीचे की आय को रखा है। इस लिहाज से भारत में 2011-12 के दौरान करीब 16.2 प्रतिशत लोग गरीबी रेखा से नीचे जी रहे थे, उनकी संख्या में साल 2022-23 में घटकर सिर्फ 2.3 प्रतिशत रह गई है। भारत में समानता लाने में मोदी सरकार की योजनाओं का बहुत योगदान है। इसमें नई योजनाएं हैं और पुरानी का बेहतर कार्यान्वयन भी है। इसमें प्रधानमंत्री जन धन योजना को पहले स्थान पर रखा जा सकता है। जिस योजना के तहत 25 जून, 2025 तक 55.69 करोड़ से ज़्यादा लोगों के पास जन धन खाते थे। इनके जरिए ना सिर्फ लोगों को राज्य की ओर से मिलने वाली कल्याणकारी योजनाओं का फायदा सीधे पहंच रहा है, बल्कि वित्तीय कामकाज के लिए बैंकों तक इन लोगों का जुड़ाव बढ़ा है। इससे लोगों की आर्थिक स्थिति सुधर रही है। आधार और डिजिटल पहचान के जरिए कल्याणकारी योजनाओं की पहुंच अंतिम व्यक्ति तक सुनिश्चित हुई है। भारत की आर्थिक और सामाजिक असमानता को कम करने में आयुष्मान भारत योजना का भी हाथ मान सकते हैं। इसके जरिए इससे कवर परिवार को सालाना 5 लाख रुपये तक का स्वास्थ्य बीमा मिल रहा है। केंद्र सरकार के आंकड़ों के अनुसार तीन जुलाई, 2025 तक देशभर में 41.34 करोड़ से अधिक आयुष्मान कार्ड जारी किए जा चुके हैं। इसके दायरे में देश भर के 32,000 से अस्पताल शामिल हैं।

आयुष्मान भारत डिजिटल मिशन की वजह से यह प्रयास और मजबूत हुआ, जिसमें लोगों को डिजिटल स्वास्थ्य सेवाओं से जोड़ने के लिए 79 करोड़ से अधिक स्वास्थ्य खाते बनाए जा चुके हैं। भारत में आर्थिक और सामाजिक असमानता को दूर करने में स्टैंड-अप इंडिया जैसी योजना के योगदान को नकारा नहीं जा सकता। देश में उद्यमिता को बढ़ावा देने के लिए स्थापित इस योजना के जरिए दलित और आदिवासी एवं महिला उद्यमियों को ग्रीनफील्ड उद्योग स्थापित करने के लिए 10 लाख से एक करोड़ रुपये तक का कर्ज दिया जा रहा है। केंद्र सरकार के आंकड़ों के अनुसार इस साल जुलाई के पहले हफ्ते तक इस योजना के तहत पूरे देश में 2.75 लाख से अधिक आवेदन स्वीकृत किए जा चुके थे। इसके तहत नव उद्यमियों को 62,807.46 करोड़ रुपये दिये जा चुके हैं। एक तरह से इस योजना के जरिए वंचित समुदाय की आर्थिक तरक्की हो रही है। आर्थिक तरक्की की राह सामाजिक विकास को भी प्रभावित करती है। भारत में जारी प्रधानमंत्री गरीब कल्याण अन्न योजना देश की खाद्य और सामाजिक सुरक्षा का मजबूत स्तंभ बन चुकी है। कोरोना महामारी के दौरान शुरू की गई इस योजना तहत 80.67 करोड़ लोगों को खाद्यान्न दिया जा रहा है। इसका यह मतलब नहीं कि ऑक्सफैम की रिपोर्ट को अनदेखा कर दिया जाए। इसके अनुसार देश में आर्थिक असमानता बहुत ज्यादा है। इस रिपोर्ट के अनुसार देश के सबसे अमीर महज एक प्रतिशत लोगों के पास देश की चालीस फीसद से ज्यादा की संपत्ति है, जबकि सबसे गरीब आधी आबादी के पास सिर्फ तीन प्रतिशत संपत्ति है। यह असमानता आय, संपत्ति और अवसरों में भी साफ तौर पर दिखती है। साफ है कि गिनी सूचकांक में भारत की स्थिति सुधरी है, लेकिन ऑक्सफैम की रिपोर्ट के अनुसार असमानता की ओर भी ध्यान देना होगा। तभी हम सही मायने में समतामूलक और समाजवादी समाज बन सकेंगे, क्योंकि समाजवाद का मतलब पूंजी का विकेंद्रण होता है, संकेंद्रण नहीं।

(लेखक वरिष्ठ पत्रकार व राजनीतिक विश्लेषक हैं, ये उनके अपने विचार हैं। लेख पर अपनी प्रतिक्रिया edit@haribhoomi.com पर दे सकते हैं।

## सारा संसार



भुवनेश्वर में राम मंदिर भगवान राम, उनकी पत्नी, देवी सीता और उनके प्यारे भाई, भगवान लक्ष्मण को समर्पित एक खूबसूरत मंदिर है। भगवान हनुमान, भगवान शिव और अन्य कई देवताओं समेत यह शानदार मंदिर है।

## आत्म ज्ञान क्या है



संकलित
दर्शन

एक इच्छा पूरी होती नहीं कि दूसरी खड़ी हो जाती है-जैसे हवाई अड्डे पर हवाई जहाज एक के बाद एक उड़ान भरते हैं। जब हम अपने मन की इस प्रवृत्ति पर ध्यान करते हैं, तभी एक गहरा प्रश्न उभरता है-जीवन का उद्देश्य क्या है? यह प्रश्न उठना ही मनुष्य होने का चिन्ह है। हम दूसरों से पूछते हैं, तुम क्या कर रहे हो? कभी-कभी स्वयं से भी पूछना चाहिए, मैं क्या कर रहा हूँ? यह प्रश्न स्वयं में ही एक साधना है। इसका उत्तर ढूँढ़ने की जल्दी मत करो। यह प्रश्न तुम्हें भीतर की गहराई में ले जाएगा। किताबें पढ़कर या केवल कुछ क्रियाएँ करके जवाब नहीं मिलते, बल्कि यह प्रश्न ही तुम्हें तुम्हारी आत्मा के करीब ले जाएगा। तो आत्मज्ञान क्या है? यह जीवन को गहराई से जीना है- ऐसी अवस्था जिसमें कोई भी परिस्थिति तुम्हें तनाव नहीं दे सकती। बल्कि तुम परिस्थितियों को प्रभावित कर सकते हो। अगर तुम्हारी मुस्कान हृदय की गहराई से आए, तो वही आत्मज्ञान है। हम सब मुस्कुराते हैं, लेकिन अंदर की मुस्कान से संपर्क टूट गया है। जब तुम उस भीतर की मुस्कान से जुड़ते हो, सरल हो जाते हो, निष्कलुष हो जाते हो, यही आत्मज्ञान है। आत्मज्ञान कोई उपलब्धि नहीं है। बल्कि अज्ञान को हटाना उपलब्धि है, तनाव और बोझ को छोड़ देना उपलब्धि है। क्योंकि हमारा मूल स्वभाव ही आत्मज्ञान है। इसलिए मानवीय और दैवीय दो अलग-अलग वस्तुएं नहीं हैं। मानव शरीर उस फल का छिलका है, और भीतर की मिठास ही दिव्यता है। और उस पर चढ़ा हुआ प्लास्टिक कवर तनाव है। *-श्रीश्री रविशंकर*

## कोयल-अपनी वाणी को मधुर बना लेना



संकलित
प्रेरणा

एक बार वसंत ऋतु में एक कोयल वृक्ष पर बैठी कूक रही थी। आते-जाते लोग उसकी कूक को सुनते और उसकी सुरीली आवाज का आनंद लेते हुए उसकी तारीफ के पुल बांधते। कुछ देर बाद कोयल के सामने एक कौआ तेज गति से आया। कोयल ने उससे पूछाः इतनी तेज गति से कहां जा रहे हो? कुछ देर बैठो, बातें करते हैं। कौए ने उत्तर दियाः कि वह जरा जल्दी में है और देश को छोड़कर परदेस जा रहा है। कोयल ने इसका कारण पूछा तो कौआ बोलाः यहां के लोग बहुत खराब हैं। सब तुम्हें ही चाहते हैं। सभी लोग सिर्फ तुम्हारा आदर करते हैं। वह यही चाहते हैं कि तुम हमेशा की तरह इसी प्रकार से उनके क्षेत्र में गाती रहो। वहीं जहां तक मेरी बात है तो मुझे कोई देखना तक नहीं चाहता। यहां तक कि मैं किसी की मुंडेर पर बैठता हूं तो मुझे कंकड़ मारकर वहां से भगा दिया जाता है। मेरी आवाज भी कोई नहीं सुनना चाहता। जहां मेरा अपमान हो, मैं ऐसे स्थान पर एक क्षण भी नहीं रहना चाहता। ज्ञानियों ने भी हमें यही शिक्षा दी है कि अपमान की जगह पर नहीं रहना चाहिए। यह सुनकर कोयल बोली, परदेस जाना चाहते हो तो बड़े शौक से जाओ। यह पूरी तरह से तुम्हारी इच्छा पर निर्भर है। लेकिन एक बात का सदैव ध्यान रखना कि वहां जाने से पहले अपनी आवाज को बदल लेना। अपनी वाणी को मधुर बना लेना। यदि तुम्हारी वाणी ठीक वैसी ही कठोर रही, जैसी यहां पर है तो परदेस में भी लोग तुम्हारे साथ वही व्यवहार करेंगे जो अभी हो रहा है। संसार जो है, जैसा भी है, उसे बदला नहीं जा सकता।

## संस्कृति

डॉ. रमेश ठाकुर



# मत्तूरु गांव में 600 वर्षों से बोली जा रही है 'संस्कृत'

एकाध दशकों से पश्चिमी भाषा इस कदर हावी हुई है जिससे हमने अपनी पारंपरिक भाषाओं और सभ्यताओं को पीछे छोड़ दिया है, इसमें 'संस्कृत भाषा' अव्वल स्थान पर है। कड़वी सच्चाई ये है कि समूचे भारत में मात्र एक प्रतिशत भी संस्कृत का प्रचार-प्रसार, बोलचाल और पठन-पाठन नहीं बचा? ऐसे में संस्कृत से जुड़ी एक सुखद खबर मन को खुशी देती है। खबर है कि देश में आज भी एक गांव ऐसा है जहां चौबीसों घंटे सिर्फ संस्कृत ही बोली और पढ़ी जाती है। 'मत्तूरु' गांव में पिछले छह सौ वर्षों से संस्कृत जिंदा है। वहां के लोग दैनिक बातचीत में नियमित संस्कृत का प्रयोग करते हैं। संस्कृत भाषा की जो परंपरा सदियों पहले हुआ करती थी, उस गांव में अब भी यथावत है। भारत के राज्यों में एकाध गांव और भी हैं जहां संस्कृति बोली जाती है, लेकिन इस गांव में शत-प्रतिशत संस्कृत का प्रयोग होता है। 'मत्तूरु' गांव कर्नाटक से करीब 300 किलोमीटर दूर 'तुंग नदी' के समीप बसा है जिसे देश के अंतिम 'संस्कृत भाषी' गांव की उपाधि हासिल है। गांव में रहने वाले प्रत्येक शख्स को संस्कृत बोलनी, लिखनी और पढ़नी अच्छे से आती है। इस गांव में 16वीं शताब्दी से संस्कृत बोली जाती है। किसानों से लेकर नौकरीपेशा भी संस्कृत में बात करते हैं। इस अनोखे गांव का आकर्षण ऐसा है कि पूर्व प्रधानमंत्री अटल बिहारी वाजपेयी से लेकर राजीव गांधी, इंदिरा गांधी व पूर्व राष्ट्रपति एपीजे अब्दुल कलाम भी भ्रमण कर चुके हैं। साल भर देश-विदेश के लोग गांव का विजिट करते हैं। ताज्जुब करने वाली बात ये है कि गांव में बाहरी लोगों के लिए कोई होटल या रेस्त्रा नहीं है। अतिथियों का गांववासी अपने यहां खाना और रुकने की व्यवस्थाएं निःशुल्क करते हैं। संस्कृत प्रेमी जब पहुंचते हैं तो गांव वाले उन्हें पानी और गुड देकर स्वागत करते हैं। संस्कृत के अलावा वहां हिंदी या अंग्रेजी में गांव के लोग एक शब्द भी नहीं बोलते। निश्चित रूप से अंग्रेजी और अन्य देशी-विदेशी भाषाओं ने संस्कृत को पीछे धकेला हो, लेकिन 'मत्तूरु' गांव आज भी संस्कृत की संस्कृति को सहेजे हुए है। भारतीय अपनी देशी भाषाओं को छोड़ बाहरी भाषाओं को अधिक व्यावहारिक और उपयोगी मानने लगे हैं। लेकिन 'मत्तूरु' गांव में विभिन्न देशों के लोग संस्कृत सीखने लगातार पहुंच रहे हैं। 'भाषा एंव संस्कृति मंत्रालय' का ताजा आंकड़ा बताता है कि भारत में पिछड़ती भाषाओं को विदेशी लोग बड़े चाव से सीख रहे हैं। विदेश के ज्यादातर विश्वविद्यालयों में हिंदी और संस्कृत प्रमुखता से पढ़ाई जाने लगी है जिनके प्रोफेसर या विशेषज्ञ कोई भारतीय नहीं, बल्कि विदेशी ही हैं, जो हमारे यहां से सीखकर गए हैं। ये अपने आप में बड़ा मुद्दा है कि जिन भाषाओं को हम नकार रहे हैं उन्हें विदेशी अपना रहे हैं? इसके पीछे का लॉजिक हमें समझना होगा? भविष्य में हमारे लिए खतरनाक भी साबित हो सकता है। क्योंकि भाषाओं के बल पर घुसपैठ होना कोई बड़ी बात नहीं? संस्कृत को "देवों की भाषा" कहा गया है। संस्कृत के गर्भ से ही संसार की ज्यातार भाषाओं की उत्पत्ति हुई है। संस्कृत को भारत की सर्वाधिक पुरानी भाषाओं में गिना जाता है। इसलिए संस्कृत के संरक्षण और आधुनिक शिक्षा प्रणाली के साथ-साथ इसे भी उतना ही महत्व दिए जाने की जरूरत है। संस्कृत की संस्कृति बचाने की दिशा में 'मत्तूरु' गांव हमारे लिए उदाहरण है।

(लेखक स्वतंत्र पत्रकार हैं, ये उनके अपने विचार हैं।)

## अंतर्मन




## आज की पाती

### एआई का बढ़ता महत्त्व

प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी ने हाल ही में एक बार फिर आर्टिफिशियल इंटेलीजेंस (एआई) का जिक्र किया। उन्होंने कहा कि एआई के क्षेत्र में देश तेजी से अपनी पहचान बना रहा है। एआई के क्षेत्र में युवा तेजी से आगे बढ़ रहे हैं और नई ऊंचाइयों को छू रहे हैं। इस दौरान दुनिया ने इस सेक्टर में भारत की प्रगति की जमकर सराहना की। असल में एआई को लेकर कहा जा रहा है कि इससे नौकरियां खत्म होंगी, लेकिन यह पूरा सच नहीं है। यह बात कुछ हद तक ठीक है कि इससे रोजगार जाएंगे, लेकिन कुछ क्षेत्रों में ही ऐसा होगा और वह भी काफी कम मात्रा में। इसके उलट कई सेक्टरों में नई नौकरियां भी पैदा होंगी।

*-रमेश प्रताप सिंग, सरायपाली*

## करंट अफेयर

# इजराइल में लोगों ने मनाया अंतरराष्ट्रीय योग दिवस

यरुशलम के ऐतिहासिक जाफा गेट परिसर में 11वां अंतरराष्ट्रीय योग दिवस (आईडीवाई) मनाने के लिए करीब 200 योग प्रेमी मंगलवार शाम पहुंचे। अंतरराष्ट्रीय योग दिवस हालांकि 21 जून को मनाया जाता है लेकिन इजराइल-ईरान संघर्ष के कारण इसे स्थगित कर दिया गया था। यह योग सत्र यरूशलम नगर पालिका, इजराइल के विदेश मंत्रालय और भारतीय दूतावास ने यरुशलम के बाहरी इलाके में आयोजित किया था। इज़राइल में भारत के राजदूत जे पी सिंह ने कहा, ''इस समय इजराइल में योग का आयोजन बहुत ही सामयिक है क्योंकि लोग तनावग्रस्त हैं और चिंता का स्तर बहुत ज़्यादा है। योग हमें शारीरिक और मानसिक रूप से स्वस्थ रखता है।



उन्होंने कहा, ''हालिया संघर्ष के कारण हम 21 जून को अंतरराष्ट्रीय योग दिवस का आयोजन नहीं कर पाए लेकिन हम इजराइली विदेश मंत्रालय और यरुशलम नगर पालिका के सहयोग से आज ऐतिहासिक शहर यरुशलम में इसका आयोजन कर रहे हैं। उन्होंने कहा, लोगों के कल्याण के लिए हर दिन योग दिवस होना चाहिए। विदेश मंत्रालय में दक्षिण एशिया ब्यूरो प्रमुख राजदूत सागी कर्णी ने उपस्थित लोगों को संबोधित करते हुए कहा, ''हम जानते हैं कि अंतरराष्ट्रीय योग दिवस भारत के प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी के लिए बहुत महत्वपूर्ण है।

## ऑफ बीट

# साइकिल चलाना पैदल चलने से चार गुना ज्यादा प्रभावी

साइकिलिंग के माध्यम से लोग चलने या दौड़ने की तुलना में कम ऊर्जा खपत पर तेज और दूर तक सुविधाजनक तरीके से सफर करने में सक्षम होते हैं।



लेकिन आखिर पैदल चलने की तुलना में साइकिलिंग इतनी आसान क्यों लगती है? इसका जवाब छिपा है उस सुव्यवस्थित जैव-यांत्रिकी में जो साइकिल का हमारे शरीर के साथ तालमेल बनाती है। लेकिन यह सरलता एक ऐसी इंजीनियरिंग को छिपाए हुए है, जो मानव शरीर की संरचना और क्रिया प्रणाली से बिल्कुल मेल खाती है। जब हम चलते या दौड़ते हैं तो असल में हमारा झुकाव एक नियंत्रित तरीके से आगे की ओर रहता है और हर कदम पर खुद को संभालते हैं। हमारे पैरों को हर कदम पर एक बड़े दायरे में आगे बढ़ाना पड़ता है, हर कदम पर पैरों को गुरुत्वाकर्षण के विरुद्ध ऊपर उठाना पड़ता है। सिर्फ इस क्रिया में ही शरीर की बहुत सारी ऊर्जा खर्च होती है। साइकिल पर, आपके पैर बहुत छोटी गोलाकार गति में घूमते हैं। हर क्रिया पर अपने पूरे पैर का वजन उठाने के बजाय, आप बस अपनी जांघों और पिंडलियों को एक संकुचित पैडल वाली साइकिल पर घुमाते हैं। इस वजह से शारीरिक ऊर्जा की बचत तुरंत महसूस होती है। लेकिन असली दक्षता यह है कि मानव ताकत ऐसी ऊर्जा में बदल जाती है जो साइकिल को आगे बढ़ाती है।

## ट्रेंड

### कृषि को प्रोत्साहन



आज केंद्रीय कैबिनेट ने 'प्रधानमंत्री धन-धान्य कृषि योजना' को मंजूरी दी है। इस योजना के तहत देशभर में 100 एग्री-डिस्ट्रिक्ट चयनित किए जाएँगे, जहाँ 11 मंत्रालयों की 36 योजनाओं का समन्वय कर वैज्ञानिक व आधुनिक कृषि को प्रोत्साहित किया जाएगा।

-अमित शाह, केंद्रीय गृहमंत्री

### सेंटर का उद्घाटन



आज मुंबई के बीकेसी में भारत में टेस्ला के पहले एक्सपीरियंस सेंटर का उद्घाटन किया गया। यह केवल एक एक्सपीरियंस सेंटर का उद्घाटन नहीं है; यह एक शक्तिशाली संदेश है - टेस्ला यहाँ है, और इसने सही शहर और सही राज्य चुना है: मुंबई, महाराष्ट्र!

-देवेन्द्र फड़नवीस, सीएम, महाराष्ट्र

### सबसे भ्रष्ट मुख्यमंत्री



असम का मुख्यमंत्री भारत का सबसे भ्रष्ट मुख्यमंत्री है - और, कुछ ही समय में कांग्रेस के बब्बर शेर उसे जेल पहुंचाएंगे। इसका डर उसकी आंखों में साफ दिख रहा है - क्योंकि उसे अब न मोदी बचा पाएंगे और न ही शाह!

-राहुल गांधी, सांसद कांग्रेस

### यही किरदार है



एक साल में तीन फिल्में बनायीं और तीनों में अलग-अलग भूमिकाएँ। ऐसा प्रदर्शन जो सब से अलग, किरदार ; कहीं भी नहीं लगा कि ये अभिषेक बच्चन है, यही लगा कि यही किरदार है। मेरा हृदय से आशीर्वाद।

-अमिताभ बच्चन, अभिनेता

हमारा पता
हरिभूमि कार्यालय
रिंग रोड नं. 2, गौरवपथ, बिलासपुर
फोनः 401050,271016,फैक्स-271018
ई-मेलः haribhoomibsp@gmail.com
वेब-साइटः www.haribhoomi.com

# मेकाहारा में 161 मशीनों में 50 बंद, 11 की कराई जा रही मरम्मत

### स्वास्थ्य मंत्री बोले 5 साल आपकी भी थी सरकार

# मेकाहारा की बंद पड़ी मशीनों पर विपक्ष का सवाल

हरिभूमि न्यूजः रायपुर।

छत्तीसगढ़ विधानसभा के मानसून सत्र के तीसरे दिन विपक्ष ने मेकाहारा में वर्षों से बंद पड़ी मशीनों को लेकर सरकार को घेरा। स्वास्थ्य मंत्री ने कहा, इस स्थिति के लिए मौजूदा सरकार को जिम्मेदार ठहराना सही नही है, क्योंकि हमसे पहले पांच साल कांग्रेस की भी सरकार थी।

प्रश्नकाल के दौरान कांग्रेस विधायक शेषराज हरवंश ने पूछा कि मेकाहारा अस्पताल में कई जांच मशीनें वर्षों से बंद हैं। मशीनों की मरम्मत और खरीदी क्यों नहीं हो रही है और प्रक्रिया क्या है? कैंसर जांचने वाली मशीन बंद क्यों है? स्वास्थ्य मंत्री श्याम बिहारी जायसवाल ने जवाब में बताया कि मेकाहारा में कुल 161 मशीनें लगी हुई हैं, जिनमें से 50 फिलहाल बंद हैं। 70 करोड़ रुपये की लागत से नई मशीनों की खरीदी कर रहे हैं। 11 मशीनों की मरम्मत प्रक्रिया चल रही है। जब विधायक ने पूछा कि कैंसर की जांच करने वाली मशीनें क्यों उपलब्ध नहीं हैं, तो मंत्री ने स्पष्ट किया कि वो मशीन जांच के बजाय इलाज की श्रेणी में आती है, और विदेश से आयात होती है। हम उसे जल्द शुरू करने की दिशा में काम कर रहे हैं।



### अजय चंद्राकर ने की जांच की मांग

बीजेपी विधायक अजय चंद्राकर ने भी चर्चा में हस्तक्षेप करते हुए कहा, मैंने पिछले 5 सालों में भी बार-बार यह कहा है कि अगर वह मशीन चालू हो जाती, तो सैकड़ों मरीजों को इलाज मिल सकता था। यदि खरीदी में कोई अनियमितता है, तो उसकी भी जांच कराई जाए।

### 9 साल से बंद मशीन नहीं हुई शुरू

विधायक शेषराज हरवंश ने सवाल पूछा कि ये मशीन 9 साल पहले खरीदी गई थी। ये बीजेपी सरकार के ही कार्यकाल में थी। इतने वर्षों बाद भी यह चालू क्यों नहीं हो सकी? इस पर स्वास्थ्य मंत्री ने जवाब दिया कि पूर्ववर्ती सरकार ने अच्छी सोच के तहत मशीन खरीदी थी, लेकिन तकनीकी और व्यवस्थागत कारणों से इसे चालू नहीं किया जा सका। अब हम उसे सक्रिय करने के लिए काम कर रहे हैं, लेकिन यह भी याद रखें कि 5 साल कांग्रेस की भी सरकार रही।

### राज्यपाल ने कहा- छत्तीसगढ़ विधानसभा की उच्च संसदीय परम्पराओं का अनुसरण अन्य विधान मंडलों को करना चाहिए

# भावना, लखेश्वर को उत्कृष्ट विधायक सम्मान, प्रिंट और इलेक्ट्रॉनिक मीडिया के पत्रकार भी सम्मानित



हरिभूमि न्यूजः रायपुर

छत्तीसगढ़ विधानसभा परिसर में बुधवार को राज्यपाल रमेन डेका ने वर्ष 2024 के लिए उत्कृष्ट विधायक, संसदीय पत्रकार एवं इलेक्ट्रानिक मीडिया रिपोर्टर एवं कैमरामैन को सम्मानित किया।

उत्कृष्ट विधायक के रूप में भावना वोहरा एवं लखेश्वर बघेल को सम्मानित किया गया। उत्कृष्ट संसदीय पत्रकार के लिए राकेश पाण्डेय एवं इलेक्ट्रानिक मीडिया में उत्कृष्ट संसदीय पत्रकार पुरस्कार के लिए योगेश मिश्रा एवं कैमरामैन विश्व प्रकाश पुरेना को सम्मानित किया गया। अलंकरण कार्यक्रम के बाद सांस्कृतिक संध्या के अन्तर्गत मैथिली ठाकुर का सुगम संगीत का कार्यक्रम आयोजित किया गया।

कार्यक्रम की अध्यक्षता विधान सभा अध्यक्ष डॉ. रमन सिंह ने की। कार्यक्रम में अतिविशिष्ट अतिथि के रूप में मुख्यमंत्री विष्णु देव साय एवं विशिष्ट अतिथि के रूप में नेता प्रतिपक्ष डॉ. चरण दास महंत, संसदीय कार्यमंत्री केदार कश्यप, सांसद ज्योत्सना महंत, वीणा देवी सिंह एवं कौशिल्या साय उपस्थित थे। इस अवसर पर मंत्री, विधायक, पूर्व विधान सभा अध्यक्ष, निगम मंडल के अध्यक्ष, विधान सभा के सचिव दिनेश शर्मा एवं राज्य शासन के वरिष्ठ अधिकारी तथा पत्रकार उपस्थित थे।

### सदन में अपनी उत्कृष्टता साबित करना सराहनीय- साय

मुख्यमंत्री विष्णु देव साय ने उत्कृष्ट विधायकों एवं उत्कृष्ट संसदीय पत्रकार पुरस्कार से सम्मानितों को बधाई देते हुए कहा, जिन विधायकों को यह पुरस्कार प्राप्त हुआ है, उनके दायित्व सभा के प्रति और बढ़ गये हैं। ये उत्कृष्ट विधायक हमेशा सदन में सक्रिय रहे एवं जनसमस्याओं के मुद्दों को प्रमुखता से सभा में उठाया। सामान्य कार्यकर्ता एवं जनप्रतिनिधि के रूप में जनसेवा प्रारंभ कर सदन में अपनी उत्कृष्टता साबित करना निश्चित ही सराहनीय है। उन्होंने कहा, पुरस्कृत पत्रकारों ने भी सभा की कार्यवाही की रिपोर्टिंग में उत्कृष्ट संसदीय परम्पराओं का पालन करते हुए अपनी विशिष्ट छाप छोड़ी है।

### छत्तीसगढ़ विधानसभा ने आपसी सद्भाव की आधारशिला रखी- डेका



समारोह में राज्यपाल रमेन डेका ने छत्तीसगढ़ विधान सभा के रजत जयंती वर्ष पर बधाई देते हुए कहा, छत्तीसगढ़ विधान सभा में संसदीय दायित्वों को परिमार्जित करने के उद्देश्य से उत्कृष्ट विधायक एवं उत्कृष्ट संसदीय पत्रकार को सम्मानित करने का यह कार्य अत्यन्त महत्वपूर्ण है। उन्होंने कहा, विधान सभा राज्य की सबसे बड़ी जनप्रतिनिधि सभा है। यह एक ऐसा पवित्र सदन है, जहां से राज्य के विकास का रास्ता सुनिश्चित होता है। छत्तीसगढ़ विधान सभा ने राज्य के विकास और नागरिकों के हित के लिए राजनीतिक प्रतिबद्धता से ऊपर उठकर आपसी सद्भाव की आधारशिला रखी है। छत्तीसगढ़ विधान सभा ने जिन उच्च संसदीय परम्पराओं को स्थापित किया है, उन परम्पराओं का अनुसरण देश की अन्य विधान मंडलों को भी करना चाहिए।

### विधानसभा के सभी विधायक श्रेष्ठ- रमन



विधान सभा अध्यक्ष डॉ. रमन सिंह ने कहा, छत्तीसगढ़ विधान सभा के सभी 90 विधायक श्रेष्ठ हैं, जो प्रदेश की तीन करोड़ जनता का प्रतिनिधित्व करते हैं। उत्कृष्टता अलंकरण का मुख्य उद्देश्य संसदीय मूल्यों को अलंकरण और अधिक मजबूती देना है, जिससे कि भविष्य में भी हमारी विधानसभा का संसदीय वातावरण अन्य संसदीय निकायों के लिए एक आदर्श बन सके। छत्तीसगढ़ की षष्ठम विधानसभा ने संसदीय मूल्यों को संरक्षित रखते हुए, अपने कार्यकरण से श्रेष्ठता के उच्च मानकों को स्पर्श किया है। छत्तीसगढ़ विधान सभा ने अपने कार्यकरण से राष्ट्रीय और अंतर्राष्ट्रीय संसदीय परिदृश्य में जो स्थान प्राप्त किया है वह एक आदर्श है तथा इसका पूरा श्रेय हमारे विधायी निकाय के सभी विधायकों को जाता है।

# बेलतरा विधायक सुशांत ने सड़क, नर्सिंग कालेज और एसआई भर्ती परीक्षा को लेकर पूछे सवाल



**बिलासपुर।** विधानसभा मानसून सत्र के तीसरे दिन बेलतरा विधायक सुशांत शुक्ला ने बेलतरा विधानसभा क्षेत्र में पिछले तीन सालों में प्रधानमंत्री ग्राम सड़क योजना और मुख्यमंत्री ग्राम सड़क योजना के तहत बनाई गई सड़कों, सड़कों की मरम्मत और बजट के संदर्भ में उप मुख्यमंत्री विजय शर्मा से जानकारी मांगी।

विधायक श्री शुक्ला ने पूछा कि बेलतरा विधानसभा क्षेत्र अंतर्गत वर्ष 2022-23 से जून 2025 तक प्रधानमंत्री, मुख्यमंत्री सड़क योजनान्तर्गत कौन-कौन सी सड़क का निर्माण किया गया है? किन-किन सड़कों की संधारण अवधि समाप्त हो चुकी है? उक्त अवधि में संधारण अवधि समाप्त हो चुकी सड़कों के नवीनीकरण हेतु कितनी राशि की आवश्यकता है? अब तक कितनी राशि का बजटीय प्रावधान किया गया? कितनी सड़कों का संधारण, नवीनीकरण किया जा रहा है? सड़कवार, पूर्ण ,अपूर्ण अप्रारंभ सड़क कितनी है और सड़कों के संधारण, नवीनीकरण हेतु अब तक कितनी राशि राशि व्यय की गई। जिस पर उपमुख्यमंत्री विजय शर्मा ने बताया कि 2022 से जून 25 तक प्रधानमंत्री ग्राम सड़क योजना अंतर्गत सिर्फ 02 सडकों का निर्माण किया गया है. और उक्त अवधि में 09 सडकों का संधारण अवधि समाप्त हो गई है. इसके अलावा इन तीन सालों में मुख्यमंत्री ग्राम सड़क एवं विकास योजना अंतर्गत एक भी सड़क नहीं बनाई गई है और 2 सड़को की संधारण अवधि समाप्त हो गई है, प्रधानमंत्री ग्राम सड़क योजना अंतर्गत की 09 सड़कों में 05 वर्ष संधारण अवधि समाप्त हो चुकी है जिनकी नवीनीकरण हेतु राशि रू. 942.30 लाख की आवश्यकता है। मुख्यमंत्री ग्राम सड़क एवं विकास योजना अंतर्गत 02 सड़कों में नवीनीकरण हेतु राशि रुपए 283.52 लाख की आवश्यकता है।

इसके अलावा विधायक सुशांत ने सब इंस्पेक्टर भर्ती परीक्षा के संदर्भ में उप मुख्यमंत्री विजय शर्मा से पूछा की क्या वर्ष 2019 से जून 2025, तक उपनिरीक्षक पद भर्ती हेतु विज्ञापन जारी किया गया था ? यदि हां तो कितने-कितने पदों हेतु विज्ञापन जारी किया गया था? उपरोक्त विज्ञापन के परिप्रेक्ष्य में कितने-कितने आवेदन प्राप्त हुए? कब-कब शारीरिक दक्षता परीक्षण एवं लिखित परीक्ष आयोजित की गई ? परिणाम कब जारी किया गया ? कितने वर्षों की भर्ती प्रक्रिया पूर्ण कर चयनित अभ्यर्थियों को पदस्थापना प्रदान की गई एवं कितने वर्षों की भर्ती प्रक्रिया किन कारणों से पूर्ण नहीं हुई ? कब तक पूर्ण कर ली जाएगी? जिस पर उप मुख्यमंत्री ने जवाब दिया की वर्ष 2019 से जून 2025 के मध्य सूबेदार/उप निरीक्षक संवर्ग/प्लाटून कमाण्डर के पद पर भर्ती हेतु क्रमशः 17 सितंबर 2021 को 975 पदों हेतु पुलिस विभाग द्वारा एवं 20 अक्टूबर 2024 को 341 पदों हेतु छत्तीसगढ़ लोक सेवा आयोग द्वारा विज्ञापन जारी किया गया है।

विज्ञापन की प्रतियों के संबंध में जानकारी पुस्तकालय में रखे प्रपत्र अनुसार है। दिनांक 17 सितंबर 2021 को विज्ञापित 975 पदों हेतु 1.48,858 ऑनलाईन आवेदन पत्र प्राप्त हुए। इसके संबंध में प्रारंभिक लिखित परीक्षा दिनांक 29.01.2023 को एवं मुख्य लिखित परीक्षा दिनांक 26, 27 एवं 29 को छ.ग. व्यावसायिक परीक्षा मण्डल द्वारा आयोजित की गई थी तथा शारीरिक दक्षता परीक्षा 18 जुलाई 2023 से 1 अगस्त 2023 तक 4755 अभ्यर्थियों का एवं उच्च न्यायालय के आदेश के पालन में अतिरिक्त 370 पुरूष अभ्यर्थियों का 9 जुलाई 2024 को आयोजित किया गया। भर्ती प्रक्रिया पूर्ण किया जाकर अंतिम चयन सूची 28 अक्टूबर 2024 को जारी की गई।

# विधानसभा घेराव करने निकले दिव्यांगों को पुलिस ने रास्ते में रोका गाड़ी में बैठाकर ले गये धरना स्थल



हरिभूमि न्यूज : रायपुर।

प्रदेश में फर्जी दिव्यांग प्रमाणपत्र के जरिए सरकारी नौकरी कर रहे 148 अधिकारियों को बर्खास्त करने की मांग कर रहे प्रदेश के दिव्यांग और दिव्यांग संघ ने संयुक्त रूप से बुधवार को अपनी 6 सूत्रीय मांगों के प्रति शासन का ध्यान आकर्षित कराने विधानसभा का घेराव करने निकले। इस दौरान पुलिस ने उन्हें रास्ते में रोक लिया, उन्हें बलपूर्वक गाड़ी में बिठाकर तूता स्थित धरना स्थल ले गये। दिव्यांगों ने पुलिस प्रशासन पर दुर्व्यवहार करने का आरोप लगाया है।

- 6 सूत्रीय मांग पर विधानसभा घेराव करने निकले, पुलिस ने रास्ते में रोका

अपने विभिन्न मांगों को लेकर दिव्यांग संघ शासन का ध्यान आकर्षित कराने जुटा है। इसी कड़ी में बुधवार को दिव्यांग जन विधानसभा घेराव की तैयारी में थे। पुलिस ने उन्हें रास्ते में रोका और उन्हें जबरिया गाड़ी में बिठाकर तूता स्थित धरना स्थल ले जाकर छोड़ा। दिव्यांगों का कहना है कि वे शांतिपूर्ण तरीके से अपनी मांगों को लेकर शासन का ध्यान आकर्षित कराने निकले, लेकिन पुलिस वालों ने उन्हें रास्ते में रोक लिया। दिव्यांगों ने पुलिस पर दुर्व्यवहार करने का आरोप भी लगाया है।

### 6 सूत्रीय मांग इस तरह

0 फर्जी प्रमाणपत्र के सहारे नौकरी पाने वालों को तत्काल बर्खास्त किया जाए
0 दिव्यांग कोटे के बैकलाग पदों पर विशेष भर्ती अभियान चलाने की मांग
0 दिव्यांगों के पेंशन को 5 हजार रुपये प्रतिमाह किया जाए
0 बीपीएल की अनिवार्यता समाप्त करने की मांग
0 21 वर्ष से अधिक अविवाहित दिव्यांग महिलाओं को महतारी वंदन योजना में शामिल करने संबंधी मांग
0 3 फीसदी पदोन्नति आरक्षण के पालन के लिए परिपत्र जारी किया जाए

# महंत ने लगाया पीएम आवास में अनियमितता का आरोप, शर्मा ने कहा-शिकायत मिलने पर होगी जांच

हरिभूमि न्यूजः रायपुर

छत्तीसगढ़ विधानसभा के मानसून सत्र में नेता प्रतिपक्ष डॉ. चरणदास महंत ने प्रधानमंत्री आवास योजना (ग्रामीण) को लेकर आरोप लगाया कि कई जिलों में बिना शौचालय निर्माण के मकानों को पूर्ण दिखाया जा रहा है। पात्र दिव्यांगों एवं अल्पसंख्यकों को वाजिब लाभ नहीं मिल पा रहा। उन्होंने योजना में अनियमितता का आरोप लगाते हुए सरकार को घेरा। डिप्टी सीएम विजय शर्मा ने सदन में स्पष्ट किया कि तीसरी किस्त के बाद भुगतान किया जाता है और काम को अंतिम रूप माना जाता है। पिछली सरकार की लेटलतीफी के कारण कई समस्याएं उत्पन्न हुई हैं। उन्होंने यह भी जोड़ा कि वर्तमान की विष्णुदेव साय सरकार में सुशासन भी है और सख्ती भी है। शिकायतें मिलने पर जांच की जाएगी।



### डिप्टी सीएम के आरोप पर सदन में विपक्ष ने किया हंगामा

प्रश्नकाल में ही इसके बाद नेता प्रतिपक्ष ने मनरेगा भुगतान का मुद्दा उठाते हुए कहा, कई जिलों में मजदूरी की राशि अब तक नहीं दी गई है, जिनमें जशपुर और बीजापुर जैसे जिले शामिल हैं। उन्होंने आरोप लगाया कि बीजापुर में केवल 38 प्रतिशत भुगतान ही हुआ है। जवाब में डिप्टी सीएम विजय शर्मा ने कहा, 30 जून तक मजदूरी भुगतान कर दिया गया है, बाकी मामलों की दोबारा जांच की जाएगी। नेता प्रतिपक्ष ने कहा, उनके पास फोटो और दस्तावेज हैं, जो वे विधानसभा अध्यक्ष के पटल पर रखने को तैयार हैं।

### महंत के आरोप पर विजय शर्मा का तीखा वार

इस दौरान डॉ. महंत ने डिप्टी सीएम विजय शर्मा पर लोगों को घुमाने का आरोप लगाया। डिप्टी सीएम ने इस पर तीखा पलटवार करते हुए कहा, कांग्रेस शासनकाल में खुद पीएम आवास योजना को लेकर टालमटोल की गई थी, इसके सारे दस्तावेज हमारे पास हैं। उनके जवाब के बाद कांग्रेस विधायकों ने सदन में जोरदार विरोध किया, जिस पर सत्ता पक्ष और विपक्ष के बीच बहस और हंगामा और तेज हो गया।





हाल के वर्षों में आम लोगों से लेकर कई सेलिब्रिटीज की भी डेथ सडन कार्डिएक अरेस्ट की वजह से हुई है। इसकी अनेक वजहें हो सकती हैं। लेकिन अगर आप अपनी हेल्थ को लेकर कॉन्शस रहें, मनमाने ढंग से कोई ट्रीटमेंट न लें और बैलेंस्ड डाइट लें तो इससे बचे रह सकते हैं। इस बारे में यहां दे रहे हैं बहुत युजफुल सजेशंस।

# रोका जा सकता है सडन कार्डिएक अरेस्ट

डॉक्टर्स एडवाइस
डॉ. महेश वाधवानी
डायरेक्टर, एचओडी-सीटीवीएस
फोर्टिस मानेसर, गुरुग्राम







हाल ही में 'कांटा लगा गर्ल' के नाम से पॉपुलर 42 वर्षीय मॉडल-एक्ट्रेस शेफाली जरीवाला की अचानक कार्डिएक अरेस्ट आने से हुए निधन ने सबको चौंका दिया। हालांकि फिटनेस-फ्रीक शेफाली जरीवाला को कोई बीमारी नहीं थी। लेकिन खबरों के अनुसार सुंदर-जवां दिखने की चाहत में पिछले 7-8 साल से लगातार एंटी-एजिंग ट्रीटमेंट ले रही थीं। जिसमें वो स्किन वाइटनिंग, यूथफुल ग्लो और लिवर डिटॉक्सीफिकेशन के लिए ग्लूटाथियॉन, विटामिन-सी जैसी मेडिसिन और आईवी इंजेक्शन ले रही थीं। हार्मफुल केमिकल्स के रिएक्शन को उनकी डेथ की बड़ी वजह माना जा रहा है। दरअसल, केमिकल से वेसोवेगल तंत्रिका प्रभावित होती है और व्यक्ति का ब्लड प्रेशर एकाएक कम हो जाता है। इन दवाओं का असर हार्ट फंक्शन पर भी पड़ता है, यानी वो पंप करना बंद कर सकता है, जिससे बेहोश होने और सडन कार्डिएक अरेस्ट का रिस्क हो सकता है।

आज के दौर में अनेक महिलाएं और पुरुष भी यंग और अट्रैक्टिव दिखने के लिए कई तरह के ब्यूटी ट्रीटमेंट्स लेने लगे हैं। लेकिन इन्हें एक्सपर्ट के सुपरविजन में लेना ही उपयुक्त रहता है। जवां दिखने के जुनून में इन मेडिसिन की ओवरडोज लेने से लोगों में हार्मोनल असंतुलन, ब्लड प्रेशर बढ़ने या गैस्ट्रिक समस्याएं होने का खतरा बढ़ता है। खासकर व्रत के दौरान ऐसी दवाएं लेना ज्यादा नुकसानदायक हो सकता है।

## बढ़ रहा कार्डिएक अरेस्ट

सडन कार्डिएक अरेस्ट किसी भी व्यक्ति को कभी भी हो सकता है, लेकिन आजकल की भागम-भाग जिंदगी में कम उम्र में भी बहुतायत में ऐसा देखा जा रहा है। पिछले दो-तीन दशकों में लाइफस्टाइल में बदलावों यानी मीठा ज्यादा खाना, शारीरिक श्रम कम करना, सिगरेट-एल्कोहल के सेवन से लोगों में मेटाबॉलिक सिंड्रोम की समस्या बढ़ी है, जिससे महिलाओं में कार्डिएक अरेस्ट का रिस्क दोगुना हो गया है, हालांकि पुरुषों की तुलना में अभी भी काफी कम (90:10 प्रतिशत) है।

## कार्डिएक अरेस्ट के लक्षण

ज्यादातर मरीजों को ये लक्षण महसूस होते हैं- पेट में गैस होना, छाती में होने वाला दर्द, कंधे, पीठ या बांह में जाना, धड़कन तेज होना, बहुत ज्यादा कमजोरी और थकान महसूस होना, चक्कर आना, बेहोशी आना। किसी भी तरह की तकलीफ महसूस होने पर नजरअंदाज करना घातक हो सकता है। ऐसे में यथाशीघ्र आस-पास के लोगों को सूचित जरूर करना चाहिए ताकि जल्द से जल्द पेशेंट को मेडिकल मदद मिल सके और कॉम्प्लीकेशन होने की संभावना को रोका जा सके।



## क्या है कारण

सडन कार्डिएक अरेस्ट होने के पीछे कई कारण जिम्मेदार होते हैं। इनमें शामिल हैं- आरामपरस्त जीवनशैली होना। अनहेल्दी फूड हैबिट्स, हाई कैलोरी फूड खाना, जंक-प्रोसेस्ड फूड का सेवन अधिक करना। मेटाबॉलिक सिंड्रोम होना। यानी ब्लड में कोलेस्ट्रॉल या शुगर लेवल बढ़ना, जिनकी वजह से आर्टरीज का ब्लॉक होना। हार्मोनल बदलाव, ओबेसिटी खासकर सेंट्रल ओबेसिटी, हाइपरटेंशन, डिप्रेशन, एंग्जाइटी, मिरगी जैसी बीमारियों से ग्रस्त होना। सीवियर डिसफंक्शनल हार्ट होना यानी कई कारणों से हार्ट के सेल्स डैमेज होने से कार्यक्षमता 35 प्रतिशत से कम हो जाना। कोरोनरी आर्टरी डिजीज या खून की नसें ब्लॉक होना। या फिर बायपास सर्जरी हुई हो और बायपास के बाद स्टेंट लगा हो, हार्ट ट्रीटमेंट और दवाइयां पहले से चल रही हों। हाइपरट्रोफिक हार्ट डिजीज होना। यानी हार्ट के मुख्य वॉल्व में रुकावट होना, अनकंट्रोल हाई ब्लड प्रेशर, जन्मजात दोष जैसे कारणों से हार्ट की मसल्स का मोटा होना, जिससे हार्ट की पंपिंग क्षमता कम होना। हार्ट इलेक्ट्रिकल स्टीमुलस में गड़बड़ी के कारण हार्टबीट बहुत धीमी या तेज होना। पल्मोनरी थ्रम्बोएंबॉलिज्म होना, जिसमें डीप वेन थ्रंबोसिस के ब्लड क्लॉट माइग्रेट कर हार्ट तक आने से उसकी कार्यक्षमता प्रभावित होना। परिवार में किसी को हार्ट डिजीज, डायबिटीज या हाई ब्लड प्रेशर की शिकायत होना। माइक्रोवेस्कुलर डिजीज होना यानी महिलाओं में हार्ट की नसें प्राकृतिक रूप से छोटी होने की वजह से ज्यादा ब्लॉकेज होना।

एस्ट्रोजन हार्मोन में कमी की वजह से रिप्रोडक्टिव उम्र से आगे बढ़ना या मेनोपॉज की उम्र में पहुंची महिलाएं। स्ट्रेस बढ़ना। बॉडी बिल्डिंग के लिए जिम में बिना ट्रेनर की गाइडेंस के जरूरत से ज्यादा या हाई इंटेंसिटी एक्सरसाइज करना। वजन कम करने, सुंदर और फिट दिखने के पियर प्रेशर की वजह से बिना डॉक्टर की सलाह पर एंटी एजिंग मेडिसिन, प्रोटीन सप्लीमेंट्स, स्टेरॉयड या ड्रग्स की ओवरडोज लेना। तंबाकू, एल्कोहल का सेवन अधिक करना। भरपूर नींद न लेना।

## बचाव के उपाय

सडन कार्डिएक अरेस्ट से होने वाली मौत से बचने के लिए ऐसी आदतों में बदलाव लाना चाहिए, जिनसे कोलेस्ट्रॉल या ब्लड शुगर लेवल बढ़ता है। सबसे आसान तरीका है, खाना संयमित तरीके से खाएं, मीठी या तली हुई, मैदे से बनी चीजें कम से कम खाएं। फल, शहद जैसी नेचुरल शुगर कंट्रोल में लेना बेहतर है। नमक या सोडियम सीमित मात्रा (रोजाना 4-5 ग्राम) लें क्योंकि ज्यादा नमक आर्टरीज में जमा होने लगता है, जिससे आर्टरीज सख्त हो जाती हैं और व्यक्ति का ब्लड प्रेशर लेवल बढ़ता रहता है। अपनी डाइट में विटामिन-सी, ए, ई रिच फूड्स शामिल करें, जिससे स्किन ग्लोइंग बनती है। हाइड्रेटेड रहें ताकि स्किन नेचुरली ग्लो करे।

**स्ट्रेस अवॉयड करें:** स्ट्रेस मैनेजमेंट के लिए रोजाना मेडिटेशन, हास्य योगा, अपने करीबियों के साथ हास-परिहास करें। जो चीज आपके कंट्रोल में नहीं है, उस पर दुखी होने के बजाय हंस कर टाल दें। टेंशन अपने आप कम हो जाएगी। प्रोफेशन-पर्सनल लाइफ में बैलेंस बनाकर चलें। सोशल नेटवर्क बढ़ाएं। रोज मिल पाना संभव न हो तो फोन से संपर्क में रहें। मी टाइम या पर्सनल कामों के लिए कुछ समय जरूर निकालें। अपने पसंदीदा काम करें, हॉबीज को अंजाम दें।



**सही वेट मेंटेन करें:** बॉडी मास इंडेक्स (बीएमआई) 25 से नीचे रहना चाहिए। अगर वजन ज्यादा है, तो हार्ट को हेल्दी रखने के लिए अपने वर्तमान वजन से कम से कम 10 प्रतिशत जरूर घटाएं। इसके लिए डाइट पर कंट्रोल और रेगुलर एक्सरसाइज करें। 30-35 साल की उम्र के बाद मेंटल और फिजीकल फिटनेस जरूर मेंटेन करें। खासकर महिलाएं घर-बाहर के कामों को एक्सरसाइज मानने के बजाय रेग्युलर वर्कआउट के लिए समय निकालें। एक्सरसाइज में योगा, मेडिटेशन सबसे अच्छी एक्सरसाइज हैं। इससे ब्लड फ्लो बेटर होता है और एक्सरसाइज टॉक्सिंस को भी आपकी बॉडी से बाहर निकालता है।

**कार्डियो एक्सरसाइज:** कार्डियो एक्सरसाइज में एज का फार्मूला होता है। 220 माइनस द एज। अगर कोई व्यक्ति 50 साल का है तो 220-50=170। यानी व्यक्ति की हार्टरेट अधिकतम रेंज 170 होनी चाहिए। ऐसे फार्मूला में अगर व्यक्ति 70 प्रतिशत तक की रेंज तक यानी 135 की हार्टरेट तक पहुंच जाता है, तो उसे अच्छी कार्डियो एक्सरसाइज माना जाता है। इसी हिसाब से एक्सरसाइज के दौरान अपनी हार्टरेट को एक्सरसाइज के रेंज में ले जाकर 15-20 मिनट तक वहीं पर होल्ड रखें। लेकिन अगर व्यक्ति की टारगेट हार्टरेट ज्यादा हो जाती है तो एरिद्मिया ट्रिगर होने और एक्सरसाइज के दौरान मौत होने की संभावना रहती है।

**ओवरएक्सरसाइज से बचें:** 50 साल की उम्र के व्यक्ति जिसकी फिटनेस अच्छी नहीं है और ओवरएक्सरसाइज करके अपनी हार्टरेट 150 या अधिक की रेंज में ले जा रहा हो- ऐसे में कार्डिएक अरेस्ट की संभावना बढ़ जाती है। खासकर महिलाओं में फिटनेस शेड्यूल थोड़ा कम होती है, उनमें एक्सरसाइज टॉलरेंस नहीं होती, उनकी हार्टरेट पुरुषों की तुलना में ज्यादा रहती है। एक्सरसाइज के दौरान उनकी टारगेट हार्टरेट से ज्यादा पहुंचने की संभावना रहती है, जिससे कार्डिएक अरेस्ट होने की संभावना रहती है।

**नशे से बचें:** तंबाकू, सिगरेट, एल्कोहल के सेवन से दूर रहें। ये चीजें एंग्जाइटी बढ़ाती हैं, जिनका असर हार्ट पर पड़ता है।

**कंसल्टेशन से लें दवा:** अच्छा दिखने के लिए अगर कोई सप्लीमेंट्स लेना हो तो डॉक्टर के प्रिसक्रिप्शन से लें और ब्लड टेस्ट के बाद ही लें। लाइफ-लांग मेडिसिन डॉक्टर को कंसल्ट करके ही लें। सेल्फ-मेडिकेशन या कॉस्मेटिक प्रोसिजर में किए जाने वाले ट्रीटमेंट कई बार बॉडी को शॉक भी देते हैं। किडनी, लिवर पर असर डालती हैं और कार्डिएक अरेस्ट की नौबत भी आ जाती है।

**इग्नोर न करें लक्षण:** किसी बीमारियों के संकेतों को नजरअंदाज न करें। छोटा समझ कर छिपाना या अनदेखा करना सेहत के लिए हानिकारक हो सकता है। जितना जल्दी हो सके डॉक्टर को कंसल्ट करके उपचार कराएं। छोटी-छोटी तकलीफ हार्ट डिजीज का कारण बन सकती हैं।

**रेग्युलर चेकअप:** 30 साल की उम्र के बाद मेडिकल चेकअप जरूर कराएं। जैसे- ईको टेस्ट से व्यक्ति के हार्ट की गलत बनावट या ब्लॉकेज का पता चल जाता है। नॉर्मल हो, तो आगे 5-10 साल में एक बार या फिर बीमारीग्रस्त होने पर समय-समय पर टेस्ट जरूर करवाते रहें।

**नींद है जरूरी:** रोजाना रात में 7-8 घंटे की गहरी नींद जरूर लें। खाने के समान रोजाना अच्छी नींद सोना जरूरी है क्योंकि रात में भरपूर नींद लेने से सभी एंडोक्राइन ग्लैंड्स एक्टिव होते हैं और मेटाबॉलिज्म दुरुस्त रहता है। इससे शरीर के सेल्स रिपेयर होने, इंफ्लेमेशन कम करने, हार्मोनल बैलेंस बनाए रखने में मदद मिलती है। *

प्रस्तुतिः रजनी अरोड़ा



### हार्ट अटैक-कार्डिएक अरेस्ट में अंतर

**कार्डिएक अरेस्ट** और हार्ट अटैक में अंतर होता है। दिल की सतह पर बहुत सारी नसें यानी एपिकार्डियल वेसेल्स या कोरोनरी आर्टरीज होती हैं। हार्ट अटैक तब होता है, जब दिल को खून पहुंचाने वाली ये नसें कोलेस्ट्रॉल के जमने या ब्लड क्लॉट बनने से ब्लॉक हो जाती हैं, जिससे ऑक्सीजनेटिड ब्लड दिल की मांसपेशियों तक नहीं पहुंच पाता और हार्ट का वो हिस्सा काम करना बंद कर देता है। सीने में तेज दर्द होता है, सांस लेने में मुश्किल होती है। लेकिन मरीज होश में रहता है। यथासमय ट्रीटमेंट मिल जाए तो तकरीबन 70 प्रतिशत लोगों की जान बच सकती है।

कार्डिएक अरेस्ट एक इलेक्ट्रिकल फेलियर होता है। शरीर की मांसपेशियों को चलाने के लिए इलेक्ट्रिकल स्टीमुलस की जरूरत होती है। कुछ कारणों से इसमें गड़बड़ी आने पर हार्ट पंप करना अचानक बंद कर देता है। हार्ट की धड़कन धीमी या तेज हो जाती हैं, जिससे पूरे शरीर तक जाने वाला ऑक्सीजनेटिड ब्लड फ्लो रुक जाता है। सांसें थम जाती हैं और इंसान अचानक बेहोश होकर गिर जाता है। अगर कुछ मिनटों के अंदर सीपीआर और एईडी ट्रीटमेंट न मिले, तो तकरीबन 90 प्रतिशत मरीजों की मौत हो जाती है।

---

फिटनेस फंडा
गौरव चोपड़ा

इन दिनों सोनी सब चैनल के शो 'पुष्पा इंपॉसिबल' में प्रोफेसर राजवीर शास्त्री के रोल में गौरव चोपड़ा दिख रहे हैं। इसमें वह काफी एनर्जेटिक नजर आ रहे हैं। अपनी हेल्थ और फिटनेस के बारे में गौरव यहां बता रहे हैं अपनी जुबानी।

# सबसे जरूरी है एक्टिव रहना

जहां तक मेरे फिटनेस फंडे की बात है तो मैं इस बात पर विश्वास नहीं रखता कि रोजाना वर्कआउट करना जरूरी है। मेरा मानना है कि डेली एक्टिव रहना सबसे जरूरी है। मुझे लगता है कि लोग अकसर शब्दों और उनकी व्याख्या को लेकर भ्रमित हो जाते हैं। जैसे ही एक्सरसाइज शब्द सुनते हैं, उन्हें लगता है कि इसका मतलब है, जिम जाना, जबकि ऐसा जरूरी नहीं है। आप बस सीढ़ियां चढ़-उतर लें, या फिर छोटी दूरी के लिए गाड़ी निकालने की बजाय कुछ कदम पैदल चल लें। यह भी बहुत कारगर है। असली बात यह है कि आप चलते-फिरते रहें, अपने शरीर को मूवमेंट देते रहें। जब आप खा रहे हों, तो यह भी सुनिश्चित करें कि आप अपनी बॉडी मशीन का सही इस्तेमाल कर रहे हैं। मैं अकसर एक उदाहरण देता हूं कि जैसे अगर आप कार में बार-बार पेट्रोल भरते रहें लेकिन उसे चलाएं नहीं, तो उसका क्या फायदा? कार अच्छा माइलेज तभी देगी, जब आप उसे चलाएंगे, वो भी सही स्पीड पर। वैसे ही हमारा शरीर भी तभी स्वस्थ रह सकता है, जब हम उसे सक्रिय रूप से इस्तेमाल करें।

**वर्कआउट रूटीन:** मेरा वर्कआउट रूटीन पूरी तरह उस भूमिका पर निर्भर करता है, जिसे मैं किसी शो में निभा रहा होता हूं। जैसे कि फिलहाल मैं प्रोफेसर राजवीर शास्त्री की भूमिका निभा रहा हूं, तो उसके लिए बहुत ज्यादा मस्कुलर शरीर की जरूरत नहीं है। इस किरदार के लिए एक दुबला-पतला और सामान्य-सा शरीर चाहिए। इस समय मैं हफ्ते में तीन बार योग करता हूं और एक-दो बार जिम भी चला जाता हूं।



**डाइट प्लान:** मेरे पास कोई निश्चित डाइट प्लान नहीं है। सच कहूं तो मेरा कोई डाइट प्लान है ही नहीं। मैं एक पुरानी आदत पर चलता हूं, जिसे मैं सालों से अपनाता आ रहा हूं यानी मैं सब कुछ खाता हूं, लेकिन संतुलन के साथ। मैं न न्यूट्रिशन के मामले में और न ही स्वाद के मामले में किसी भी चीज की अति करता हूं। अगर कभी मीठा या डेजर्ट खाने का मन हो, तो खा लेता हूं, लेकिन फिर दो-तीन या चार दिन तक उसे नहीं खाता। इस तरह मुझे लगता है कि हर चीज का संतुलन बना रहता है, क्योंकि मेरा मानना है कि शरीर को हर तरह के पोषक तत्वों की जरूरत होती है। मैं नहीं चाहता कि खुद को किसी भी चीज से पूरी तरह वंचित रखूं या किसी फूड का एडिक्ट हो जाऊं।

**रीडर्स को मैसेज:** मैं रीडर्स से यह कहना चाहूंगा कि मैं फिटनेस के लिए जबरदस्ती समय निकालने की कोशिश नहीं करता। बल्कि मैं फिटनेस को अपनी रोजमर्रा की जिंदगी का हिस्सा बना लेता हूं। कभी-कभी मैं शूट पर निकलने से पहले 50 पुश-अप्स कर लेता हूं, या फिर जब भी किसी नए सीन के लिए ड्रेस बदलता हूं, उस दौरान कर लेता हूं। ऐसे दिनों में जब मैं जिम नहीं जा पाता, तो हर बार ड्रेस बदलते समय 50 पुश-अप्स कर लेता हूं। अब अगर किसी दिन मुझे 4 या 5 बार ड्रेस बदलने हों, तो उतनी बार एक्सरसाइज भी हो जाती है। इस तरह से आप भी फिटनेस को अपनी डेली रूटीन में शामिल कर सकते हैं।

**फिटनेस मंत्र:** मेरा फिटनेस मंत्र बहुत ही सरल है, मैं सब कुछ खाता हूं, सक्रिय रहता हूं, यह सुनिश्चित करता हूं कि मुझे पर्याप्त और अच्छी नींद मिले। इसके अलावा जहां तक संभव हो, प्रोसेस्ड फूड्स से दूर रहता हूं। आप खाने के शौकीन हो सकते हैं और फिर भी फिट रह सकते हैं, यह इस बात पर निर्भर करता है कि आप अपने शरीर रूपी इंजन को कितनी अच्छी तरह समझते हैं? उसमें कितना और कैसा 'फ्यूल' डालते हैं और कितना बर्न करते हैं? यह एक संतुलित तंत्र है, जिसे समझना जरूरी है। किसी भी चीज की अति न करें और खुद को किसी भी चीज से पूरी तरह वंचित भी न रखें। मेरा मानना है कि बैलेंस ही सबसे बेहतर और सबसे कारगर तरीका है। *

प्रस्तुतिः सेहत फीचर्स

---

# बरसात के मौसम में करें सात्विक भोजन

डाइट सजेशन
राजकुमार 'दिनकर'



बारिश के मौसम और उसमें भी प्रमुख रूप से सावन के महीने में सात्विक भोजन की परंपरा केवल धार्मिक या आध्यात्मिक कारणों से ही नहीं है बल्कि इसके पीछे पुख्ता वैज्ञानिक दृष्टिकोण भी है।

**इसलिए है जरूरी:** बरसात के मौसम में आर्द्रता और तापमान में बदलाव के कारण शरीर की पाचनशक्ति बाकी किसी भी मौसम के मुकाबले में काफी कम हो जाती है। ऐसे में तली, भुनी चीजें और मांसाहार पाचन तंत्र को खराब कर देती हैं। सावन का महीना बारिश के मध्य का वह महीना होता है, जब खाद्य सामग्री सबसे जल्दी खराब होती है। इस महीने में ही सबसे ज्यादा जलजनित रोग भी फैलते हैं। यही कारण है कि इस माह में डॉक्टर, लोगों को ताजा, थोड़ा और हल्का खाना खाने की सलाह देते हैं। सात्विक भोजन में ताजे, उबले और कम मसालेदार भोजन किया जाता है। कम मसालों के साथ-साथ इनमें तले पदार्थ भी कम होते हैं, जिस कारण इस दौरान आप कई तरह के संक्रमणों से बचे रह सकते हैं। बारिश के मौसम में पेट की तरह हमारी त्वचा भी बहुत जल्द संक्रमित हो जाती है। बरसात में एलर्जी, दमा और त्वचा रोग बहुत आसानी से लोगों को अपनी चपेट में ले लेते हैं। ऐसे में जब हम सात्विक भोजन करते हैं और हमारे भोजन में हल्दी, अदरक, तुलसी, नीबू आदि हर्बल औषधियां शामिल होती हैं, तो ये हमारे भोजन को शुद्ध और सात्विक तो बनाती ही हैं, हमारी रोग प्रतिरोधक क्षमता को भी कई गुना ज्यादा बढ़ा देती हैं। इसलिए डॉक्टर और डाइटीशियन लोगों को बारिश के महीनों में शुद्ध, सात्विक, ताजा और हल्का भोजन करने की सलाह देते हैं। सात्विक भोजन हमारे तन को ही स्वस्थ नहीं मन को भी शांत रखता है। *








# भड़क उठा धरती का 'शैतानी ज्वालामुखी', नासा ने कैद किया खौफनाक मंजर, हर तरफ धुआं ही धुआं

एजेंसी ▶▶| वॉशिंगटन

सैटेलाइट से ली गई इस तस्वीर में रशिया का शैतानी ज्वालामुखी जिसका नाम क्लुचेव्स्कॉय है, धरती के वायुमंडल में 1 हजार मील लंबी धुंए की नदी उगलता हुआ दिखाई दे रहा है। यह एक स्ट्रैटोज्वालामुखी है। स्मिथसोनियन इंस्टीट्यूशन के ग्लोबल वोलेकेनिज्म प्रोग्राम के मुताबिक क्लुचेव्स्कॉय का शिखर समुद्र तल से 15,597 फीट ऊंचा है।

### किसने ली थी तस्वीर?

इस तस्वीर को नासा के एक्वा सैटेलाइट ने लिया था। यह तस्वीर उस समय की है जब ज्वालामुखी में बड़ा विस्फोट हो रहा था जो 22 जून से 31 दिसंबर के बीच चला था। अचानक हुई इस हलचल से सींग के आकार की 2 धाराएं, राख और जहरीली गैसों का गुबार बाहर निकला। इसकी वजह से उस क्षेत्र में हवाई यात्रा को कुछ समय के लिए बाधित करना पड़ा था।



### कितनी ऊंचाई तक गया?

नासा की पृथ्वी अवलोकन केंद्र के अनुसार इस ज्वालामुखी विस्फोट से निकला धुआं पृथ्वी की सतह से लगभग 12 किमी की ऊंचाई तक गया। साथ ही यह गुबार प्रशांत महासागर में 1000 मील से भी ज्यादा दूरी तक फैल गया। इस तस्वीर में ज्लावालुखी के आसपास के बादलों को नीले रंग में दिखाया गया है, जिससे उन्हें विस्फोट से निकले गुबार से अलग पहचानने में आसानी हो सके। क्लुचेव्स्कॉय, कामचटका के सबसे सक्रिय ज्वालामुखियों में से एक है।

### रिंग ऑफ फायर

कामचटका प्रायद्वीप अग्नि वलय के किनारे पर बसा है जिस कारण यहां पर बहुत सारे ज्वालामुखी हैं। दरअसल, रिंग ऑफ फायर प्रशांत महासागर के बड़े हिस्से को घेरने वाला लगभग 40,000 किमी लंबा घुमावदार क्षेत्र है। इसी जगह पर विवर्तनिक प्लेटें आपस में मिलती हैं। यह रिंग ऑफ फायर इंडोनेशिया, जापान और टोंगा के नीचे भी फैला हुआ है। इसके अलावा इसने दुनिया भर के लगभग 2 तिहाई ज्वालामुखियों को अपने अंदर समेट रखा है। साथ ही दुनिया भर में आने वाले 90 प्रतिशत भूकंप भी यहीं से आते हैं।

## ● रोचक खबरें

### कभी होटल में बर्तन मांजती थी 20 साल की ये लड़की, अब हर महीने कमा रही 30 करोड़ रुपए!

**न्यूयार्क।** अमेरिका के फ्लोरिडा की रहने वाली 20 वर्षीय सोफी रैन इन दिनों काफी सुर्खियों में हैं। हो भी क्यों नहीं, आखिर इस लड़की की कहानी ही कुछ ऐसी है। सोफी कभी होटल में बर्तन मांजती थीं, लेकिन अब इंटरनेट की दुनिया में धमाल मचाकर हर महीने 3.6 मिलियन डॉलर (यानी लगभग 30 करोड़ रुपए) कमा रही हैं। सोफी का बचपन बेहद गरीबी में बीता। मियामी की सोफी बताती हैं कि उनके परिवार को गुजारा करने के लिए अक्सर फूड स्टैम्प्स (अमेरिका में कम आय वाले परिवारों को मिलने वाले फूड बेनिफिट्स और वित्तीय मदद) पर निर्भर रहना पड़ता था। अपने माता-पिता की आर्थिक तंगी देखकर उनका दिल टूट जाता था। 17 की उम्र में उन्होंने एक होटल में वेट्रेस का काम शुरू किया, लेकिन उनकी खूबसूरती और सोशल मीडिया पर बढ़ती पॉपुलैरिटी ने उनके लिए एक नया रास्ता खोल दिया। उनकी किस्मत तब पलटी जब उन्होंने दोस्तों के कहने पर एडल्ट साइट ओनलीफैन्स जॉइन किया। फिर देखते ही देखते सोफी के इंस्टाग्राम अकाउंट पर 70 लाख से अधिक फॉलोअर्स हो गए, और अब वह ओनलीफैन्स की नंबर वन स्टार हैं। रिपोर्ट्स के मुताबिक, सोफी ने सिर्फ एक साल में ही 43 मिलियन डॉलर (यानी लगभग 360 करोड़ रुपए) की कमाई की है। इस हिसाब से देखा जाए, तो उन्होंने हर महीने 30 करोड़ कमाए। जाहिर है, अधिकांश लोगों की नजरों में सोफी का प्रोफेशन सही नहीं है। लेकिन, उनका कहना है कि उनकी नीयत साफ है और भगवान उनकी मजबूरी समझते हैं। उन्होंने कहा, हफ्ते के छह दिन मैं अपने पुरुष फैन्स से ऑनलाइन चैट करती हूं, और सातवें दिन चर्च जाकर भगवान से माफी मांगती हूं। उनका का कहना है कि जब तक भगवान कोई संकेत नहीं देते, वो ये काम नहीं छोड़ेंगी। सोफी ने कहा, मैं वर्जिन हूं, और शादी तक इसे बनाए रखना चाहती हूं। उन्हें हर दिन शादी के प्रपोजल और मोटी रकम के ऑफर आते हैं, पर वह अपने सिद्धांतों पर अड़ी हैं।



### पिद्दी-सा ये कीड़ा घातक हथियारों से है लैस, दुश्मनों पर छोड़ता है खौलता हुआ रासायनिक मिश्रण

**लंदन।** कीड़ों की दुनिया में बॉम्बार्डियर बीटल अपने अनोखे और बेहद प्रभावी रक्षा तंत्र के लिए जाना जाता है। पिद्दी-सा दिखने वाला यह कीड़ा खतरे को भांपते ही अपने दुश्मनों पर एक खौलता हुआ रासायनिक मिश्रण छोड़ता है, जो किसी भी शिकारी को धूल चटाने के लिए काफी है। बॉम्बार्डियर बीटल के शरीर में हाइड्रोजन पेरोक्साइड और हाइड्रोक्विनोन नामक दो रसायन अलग-अलग चैंबरों में जमा होते हैं। जब बीटल को किसी से खतरा महसूस होता है, तो वह इन दोनों रसायनों को एक साथ मिलाता है और अपने पेट के ऊपरी हिस्से से दुश्मन पर स्प्रे कर देता है। आपको जानकर हैरानी होगी कि यह रासायनिक मिश्रण कितना घातक होता है। जब ये दोनों रसायन आपस में मिलते हैं, तो एक अत्यंत गर्म एसिड बनता है, जिसका तापमान लगभग 100 डिग्री सेल्सियस तक पहुंच जाता है। यह बीटल के दुश्मन के संपर्क में आते ही उसे गंभीर रूप से जला देता है। जब बॉम्बार्डियर बीटल इस एसिड से हमला करता है, तो एक तेज़ पॉपिंग ध्वनि उत्पन्न होती है और एक हानिकारक भाप जैसा स्प्रे निकलता है। यह स्प्रे इतना शक्तिशाली होता है कि शिकारियों को दहशत में डालने या उन्हें घायल करने के लिए काफी है। दिलचस्प बात यह है कि बीटल इस स्प्रे को अलग-अलग दिशाओं में सटीकता से छोड़ सकता है, जिससे वह आसानी से



### 11 साल के इंडोनेशियाई बोट रेसिंग बच्चे के लिए पागल हुई पूरी दुनिया



**जकार्ता।** एक 11 साल का इंडोनेशियाई लड़का, काले कपड़ों में, घुटनों के बल बैठकर नाव के अगले हिस्से पर पूरे आत्मविश्वास से खड़ा है। यह नजारा इंडोनेशिया के सुमात्रा में होने वाली एक खास नाव दौड़ 'पाकु जालुर' का है। रेयान अर्कान नाम का यह लड़का जिस नाव पर है, उसे कुछ पुरुष चला रहे हैं। वह नाव के चलते हुए मेली माइक के गाने 'यंग ब्लैक एंड रिच' पर डांस करता दिखता है। इस वीडियो को देखकर लोग कह रहे हैं कि उसने 'अब तक की सबसे बेहतरीन ऑरा फार्मिंग' की है। इस वीडियो पर कई मशहूर लोग भी प्रतिक्रिया दे चुके हैं, जैसे कि एनएफएल स्टार ट्रैविस केल्से, एफ1 ड्राइवर एलेक्स एल्बोन, यूट्यूबर केएसआई, फुटबॉल क्लब पीएसजी और दूसरे खेलों के बड़े खिलाड़ी। आजकल के बच्चे और किशोर यानी जेन जी और जेन अल्फा लगातार नए-नए ट्रेंड बना रहे हैं और नए शब्द भी गढ़ रहे हैं। वे हमेशा खुद को सबसे अलग, सबसे दिलचस्प और सबसे 'कूल' दिखाना चाहते हैं। सोशल मीडिया जैसे सोशल मीडिया पर कई नए ट्रेंड्स आते हैं – जैसे सुंदर तस्वीरें डालना, मजेदार वीडियो बनाना और अब 'ऑरा फार्मिंग' करना। नाम सुनने में यह कोई ध्यान लगाने या योग जैसा लगता है, लेकिन इसका मतलब कुछ और है। ऑरा फार्मिंग का मतलब है। सोशल मीडिया पर ऐसा माहौल बनाना जिससे लोग आपकी तारीफ करें। लेकिन, यह सब ऐसे दिखना चाहिए जैसे आपने कोई कोशिश ही नहीं की। उदाहरण के लिए आपने कोई ट्रेंडी और महंगे जूते खरीदे। अब आप यह नहीं कहेंगे, 'देखो, मेरे नए महंगे जूते।' इसके बजाय आप उन्हें पहनकर एक कूल पोज़ में फोटो पोस्ट करेंगे, जिससे लगे कि यह तो आपकी रोजमर्रा की बात है।

# भारत के इन शहरों के लिए खतरा बन रहा 'ओजोन' प्रदूषण

**नई दिल्ली।** वर्तमान समय में भारत के बड़े शहर प्रदूषण की मार झेल रहे हैं। अब इस बीच एक रिपोर्ट सामने आई है, जो हैरान करने वाली है। एक नई रिपोर्ट में जानकारी सामने आई है कि भारत के बड़े शहरों जैसे कोलकाता, बेंगलुरु, मुंबई, हैदराबाद और चेन्नई में इस साल गर्मी के दौरान जमीन के स्तर पर ओजोन प्रदूषण काफी बढ़ा हुआ था। सेंटर फॉर साइंस एंड एनवायरनमेंट की नई रिपोर्ट में कहा गया है कि शहरों में ओजोन का स्तर कई दिनों तक आठ घंटे के मानक से अधिक रहा। यह प्रदूषण बेहद खतरनाक है, जिसका असर लोगों के स्वास्थ्य और खेती पर बुरा असर पड़ रहा है। आइए जानते हैं कि आखिर समस्या क्या है?



### क्या होता है ओजोन प्रदूषण?

तीन ऑक्सीजन अणुओं से बनने वाली ओजोन एक गैस है। ऊंचे आसमान में यह सूरज की हानिकारक किरणों से बचाती है, लेकिन जमीन के पास यह प्रदूषण बन जाता है। किसी स्रोत से यह सीधे नहीं निकलता है, बल्कि वाहनों, उद्योगों और बिजलीघरों से निकलने वाली नाइट्रोजन ऑक्साइड, वाष्पशील कार्बनिक यौगिक और कार्बन मोनोऑक्साइड के सूरज की रोशनी में रासायनिक प्रतिक्रिया से बनता है। यह बहुत प्रतिक्रियाशील गैस होती है, जो हवा में लंबी दूरी तक फैल सकती है। इससे यह शहरों से लेकर गांवों तक को प्रभावित करती है।

### कई शहरों में ओजोन का स्तर खतरनाक स्तर पर पहुंच गया

रिपोर्ट के मुताबिक, इस साल मार्च-मई में कई शहरों में ओजोन का स्तर बेहद खतरनाक हो गया था। दिल्ली की रिपोर्ट पहले ही जारी की जा चुकी है। इसकी वजह से इस अध्ययन में उसे शामिल नहीं किया गया। बेंगलुरु में गर्मी के दौरान 92 दिनों में से 45 दिन ओजोन का स्तर मानक से अधिक रहा। यह बीते साल की तुलना में 29 फीसदी बढ़ा है। होमबेगोड़ा नगर सबसे ज्यादा प्रभावित क्षेत्र रहा। मुंबई की बात करें, तो 32 दिन ओजोन स्तर बढ़ा, जो साल 2024 की तुलना में 42 फीसदी कम है। चकाला सबसे प्रभावित इलाका रहा। कोलकातामें 22 दिन ओजोन स्तर बढ़ा। यहां भी बीते साल की तुलना में 45 प्रतिशत कम है। रवींद्र सरोवर और जादवपुर हॉटस्पॉट थे। हैदराबाद में 20 दिन ओजोन स्तर बढ़ा। यह बीते साल की तुलना में 55 फीसदी कम है। बोल्लारम सबसे ज्यादा प्रभावित रहा, जबकि चेन्नई में 15 दिन ओजोन स्तर बढ़ा, जो बीते साल शून्य था। यहां आलंदुर सबसे प्रभावित क्षेत्र र। इन शहरों में ओजोन का स्तर सर्दियों और अन्य मौसमों में भी बढ़ रहा है, खासकर गर्म जलवायु वाले इलाकों में।



### सांस की नली को पहुंचता है नुकसान

हर शहर में कुछ खास इलाकों में ओजोन का स्तर सबसे अधिक बढ़ता है। यहां पर प्रदूषण का असर और गंभीर होता है। ओजोन से सांस की नली को नुकसान पहुंचता है। अस्थमा और दमा जैसी बीमारियों को बढ़ाता है। इससे फसलों को भी नुकसान पहुंचता है।

### ओजोन प्रदूषण की वजह

ओजोन में वृद्धि मौसम और प्रदूषण स्रोतों पर निर्भर होती है। गर्मी और सूरज की रोशनी इसकी रासायनिक प्रतिक्रिया को बढ़ाती है। वाहन, उद्योग, कचरा जलाना और ठोस ईंधन का इस्तेमाल इसकी वजहे हैं।

# 6 मिनट के लिए अंधेरे में डूब जाएगी दुनिया 100 सालों तक नहीं दिखेगा ऐसा नजारा

**नई दिल्ली।** सूर्यग्रहण ऐसी घटना है जो आस्था और विज्ञान दोनों के जानने-मानने वालों को अपनी ओर आकर्षित करता है। ऐसा ही कुछ होगा 2 अगस्त 2027 को जब लोग 6 मिनट का पूरा सूर्यग्रहण देख सकेंगे। इस दौरान दोपहर का आसमान अंधेरे में डूब जाएगा, जैसा पहले शायद ही कभी किसी ने देखा होगा। 2 अगस्त 2027 को एक बेहद दुर्लभ सूर्यग्रहण देखने को मिलेगा। इसमें दोपहर के समय आसमान में काला अंधेरा छा जाएगा। इसे दुनिया के अलग-अलग महाद्वीपों पर रहने वाले लाखों लोग आसानी से देख सकेंगे। ये सूर्यग्रहण 6 मिनट 23 सेकंड तक चलेगा। दिन का उजाला अंधेरे में चला जाएगा जो अगले लगभग 100 सालों तक यानी 2114 तक दोबारा देखने को नहीं मिलेगा।

## 2 अगस्त 2027 को देखने को मिलेगा बेहद दुर्लभ सूर्यग्रहण

### कहां से शुरू होगा ग्रहण?

ये सूर्यग्रहण 2 अगस्त 2027 को अटलांटिक महासागर से शुरू होगा। इसका रास्ता जिब्राल्टर जलडमरूमध्य, साउथ स्पेन और उत्तरी अफ्रीका से होते हुए अरब प्रायद्वीप तक जाएगा और हिंद महासागर में जाकर खत्म हो जाएगा। साथ ही सऊदी अरब के जेद्दा और मक्का से भी इसकी छाया गुजरेगी। इसके अलावा यमन और सोमालिया के कुछ हिस्सों पर ग्रहण का आखिरी चरण खत्म होने से पहले यह लुप्त हो जाएगा।



### किसकी क्या तैयारी?

2027 सूर्यग्रहण को लेकर कई प्रोग्राम बनाए जा रहे हैं। इसमें प्राचीन कर्णक मंदिरों से ग्रहण का सीधा प्रसारण किया जाएगा। स्पेन के काडिज में युवाओं को प्रेरित करने के लिए विज्ञान कार्यशालाओं का आयोजन, सऊदी अरब में पर्टन पैकेज तैयार किए जा रहे हैं, जिससे लोग इस घटना का लुत्फ उठा सकें।

### क्यों है इतना खास और लंबा?

अधिकतर सूर्यग्रहण 3 मिनट से कम समय तक रहते हैं, लेकिन ये ग्रहण दुनिया के कई हिस्सों को दोगुने से ज्यादा समय तक अंधेरे में डुबोए रखेगा। इसके तीन मुख्य कारण हैं। पहला, पृथ्वी सूर्य से सबसे दूरी पर होगी जिसे अपसौर कहते हैं, जिस कारण से सूरज छोटा दिखेगा। दूसरा कारण है कि चंद्रमा धरती के सबसे करीब होगा, जिससे ये बड़ा दिखाई देगा। तीसरा ये कि चंद्रमा की छाया भूमध्य रेखा से होकर गुजरेगी, इस रास्ते पर परछाई धीमी गति से बढ़ती है।

**2026 में लॉन्च होने वाला यूरोपीय प्लेटो मिशन इसमें ला सकता है नई क्रांति**

# वैज्ञानिकों ने खोज निकाला अंतरिक्ष में धरती से 35 गुना बड़ा ग्रह

**वॉशिंगटन।** वैज्ञानिकों ने एक नया, बड़ा और रहस्यमय ग्रह को खोज निकाला है जिसका नाम है केप्लर-139 एफ। पृथ्वी से 35 गुना भारी और नेप्ट्यून से दोगुना बड़ा ये ग्रह बहुत अनोखा है। वैज्ञानिकों ने इसका पता तब लगाया जब इसके तारे के चारों ओर घूम रहे दूसरे ग्रहों की कक्षा में कुछ अबनॉर्मल हरकत देखी। इस खोज से जुड़ी सारी रिपोर्ट खगोलभौतिकी जर्नल पत्रिका में छपी है।

**किसने और कैसे खोजा :** सबसे पहले आपको बता दें कि इस ग्रह को नासा के केप्लर टेलीस्कोप के पुराना डाटा और खास तकनीक ट्रांजिट टाइमिंग वेरिएश की मदद से खोजा गया है। केप्लर टेलीस्कोप आमतौर पर उन ग्रहों को खोजता है जो अपने तारे के सामने से गुजरते हैं। ऐसा होने पर तारे की रोशनी कुछ समय के लिए हल्की पड़ जाती है जो टेलीस्कोप में कैद हो जाता है।



### वैज्ञानिकों को कैसे लगा पता?

केप्लर-139 नाम के स्टार सिस्टम ने पहले से ही 3 सुपर अर्थ और एक गैसीय ग्रह की खोज कर रखी है। लेकिन, इन ग्रहों के बीच की कक्षाओं की दूरी में एक गैप को देखने के बाद वैज्ञानिकों को शक हुआ कि शायद वहां कोई और ग्रह भी हो सकता है। इसी शक के आधार पर कैलेब लैमर्स और उनके साथी जोशुआ विन ने इसका अध्ययन किया और केप्लर-139एफ के मौजूदगी की घोषणा की।

### क्यों जरूरी है ये खोज?

यह सिर्फ एक खोज नहीं, बल्कि इस बात की सबूत है कि ऐसे और भी ग्रह हो सकते हैं जो अभी तक इंसानों की तकनीक से छिपे हुए हैं। केप्लर-139एफ 11 डिग्री पर झुका हुआ है जो चीन और अमेरिकी की टेलीस्कोप की पकड़ से बाहर था। यह ग्रह 355 दिन में अपने ग्रह का चक्कर लगाता है। साथ ही इसकी कक्षा ऐसी जगह से पास होती है, जिससे लगता है कि यह दक्षिण चीन सागर और हिंद महासागर के ऊपर से गुजर रहा है। 2026 में लॉन्च होने वाला यूरोपीय प्लेटो मिशन इसमें नई क्रांति ला सकता है। यह पुराने ग्रहों को तो टीटीवी से नापेगा ही, साथ में उन ग्रहों को भी पकड़ सकेगा जो अभी तक छिपे हुए हैं।

### यहां लगता है अंगों का बुफे! किडनी-दिल-गुर्दा जो मन वो खाओ, ताजा करते हैं सर्व



**ताइपे सिटी।** ताइवान की सड़कों पर खानपान का नजारा देखने को मिलता है, जो दुनिया के लिए अनोखा और हैरान करने वाला है। यहां वैसे तो कई तरह के डिशेज मिलते हैं, लेकिन मशहूर नाइट मार्केट्स में अंगों का बुफे बेहद लोकप्रिय है। आप सोच रहे होंगे कि अंगों का बुफे कैसा होता है? इससे पहले की आप कंफ्यूज हो, आपको बता दें कि यहां पशुओं के अंग जैसे किडनी, दिल, लिवर, आंत और यहां तक कि जीभ और फेफड़े तक को ताजा पकाकर परोसा जाता है।

**खानपान संस्कृति का अहम हिस्सा :** ये स्ट्रीट फूड स्टॉल्स ताइवान की खानपान संस्कृति का अहम हिस्सा हैं। अब इस मार्केट का वीडियो सोशल मीडिया पर वायरल होकर दुनिया भर में चर्चा का विषय बना हुआ है। ताइवान के नाइट मार्केट्स, जैसे ताइपे का रावहे और शिलिन नाइट मार्केट, खाने-पीने के शौकीनों के लिए स्वर्ग माने जाते हैं। यहां आपको पारंपरिक ताइवानी व्यंजनों के साथ-साथ पशुओं के अंगों से बने व्यंजन भी मिलते हैं। इन स्टॉल्स पर ग्राहकों के सामने ही किडनी, दिल, लिवर और आंत जैसे अंगों को ग्रिल, उबालकर या तलकर तैयार किया जाता है। ताइवान में सुअर (पोर्क) और मुर्गी (पोल्ट्री) के अंग सबसे आम हैं, जबकि गोमांस (बीफ) और बकरी (गोट) के अंग विशेष बाजारों में मिलते हैं। इन व्यंजनों को सस्ता, स्वादिष्ट और पौष्टिक माना जाता है, जिसके कारण ये स्थानीय लोगों और पर्यटकों में खासे लोकप्रिय हैं।

## एचडीएफसी लाइफ के मुनाफे में 14 फीसदी की वृद्धि

**नई दिल्ली।** एचडीएफसी लाइफ इंश्योरेंस कंपनी का चालू वित्त वर्ष की पहली तिमाही का शुद्ध लाभ 14.4 प्रतिशत बढ़कर 546 करोड़ रुपये रहा है। 'बैक-बुक'' मुनाफा बढ़ने से कंपनी का लाभ बढ़ा है। 'बैक बुक'' से आशय मौजूदा ऋण के ऐसे पोर्टफोलियो या पॉलिसियों से है, जिन्हें वित्तीय संस्थान पहले ही जारी कर चुका है। निजी क्षेत्र की इस बीमा कंपनी ने इससे पिछले वित्त वर्ष की अप्रैल-जून तिमाही में 478 करोड़ रुपये का शुद्ध लाभ कमाया था।

# त्योहारी मौसम में 2.16 लाख अस्थाई नौकरियां पैदा होने की उम्मीद

### कार्यबल समाधान फर्म एडेको इंडिया ने जारी की रिपोर्ट

एजेंसी ⏭ मुंबई

आगामी त्योहारी मौसम के दौरान देश भर में 2.16 लाख से अधिक अस्थायी नौकरियां पैदा होने की उम्मीद है। यह सालाना आधार पर 15-20 प्रतिशत की वृद्धि है। बुधवार को जारी एक रिपोर्ट में यह संभावना जताई गई।

- सालाना आधार पर 15-20 प्रतिशत तक की वृद्धि

कार्यबल समाधान फर्म एडेको इंडिया ने अपनी रिपोर्ट में कहा कि त्योहारी मांग की पूर्ति के लिए अस्थायी एवं अंशकालिक रोजगार में उछाल आने का अनुमान खुदरा क्षेत्र, ई-कॉमर्स, बैंकिंग एवं वित्तीय सेवा, लॉजिस्टिक, आतिथ्य, यात्रा और दैनिक उपभोग के सामान (एफएमसीजी) जैसे क्षेत्रों से प्रेरित है।

#### ग्रामीण मांग को बढ़ावा देना वाला होगा

एडेको इंडिया के निदेशक और जनरल स्टाफिंग प्रमुख दीपेश गुप्ता ने कहा, ''इस साल का त्योहारी मौसम एक तेज और अधिक संरचनात्मक मांग वक्र देख रहा है। हमने इस मांग को पहले ही पूरा करने के लिए सक्रिय रूप से तैयारी की है। इस वर्ष की भर्ती में वृद्धि उपभोक्ता धारणा में सुधार, ग्रामीण मांग को बढ़ावा देने वाले अनुकूल मानसून, चुनाव के बाद के आर्थिक आशावाद और आक्रामक त्योहारी विज्ञापनों से प्रेरित है।

*लॉजिस्टिक व आपूर्ति क्षेत्र में बढ़ेगी भर्तियां : लॉजिस्टिक एवं आपूर्ति क्षेत्र में भर्तियां 30-35 प्रतिशत बढ़ने का अनुमान है, जबकि बैंकिंग, वित्तीय सेवा एवं बीमा क्षेत्र में 30 प्रतिशत बढ़ोतरी की उम्मीद है। ई-कॉमर्स और खुदरा क्षेत्र कुल नई मौसमी नौकरियों का 35-40 प्रतिशत हिस्सा होंगे, जबकि आतिथ्य एवं यात्रा क्षेत्रों में 20-25 प्रतिशत की वृद्धि देखी जाएगी।*



#### महिलाओं की भागीदारी में 23 फीसदी की वृद्धि

रिपोर्ट के मुताबिक, नई भर्तियों के दौरान मिलने वाले वेतन में महानगरों में 12-15 प्रतिशत और उभरते शहरों में 18-22 प्रतिशत वृद्धि की उम्मीद है। इसके साथ ही लचीली, अल्पकालिक भूमिकाओं के लिए बढ़ती प्राथमिकता के कारण इस वर्ष की मौसमी भर्तियों के दौरान महिलाओं की भागीदारी में 23 प्रतिशत बढ़ोतरी देखी जा रही है।

#### निर्धारित समय से पहले भर्तियां शुरू

रक्षा बंधन, दशहरा और दिवाली जैसे आगामी त्योहारों के समय त्योहारी बिक्री होने और शादियों के मौसम में बिक्री तेज होने की उम्मीद में अस्थायी कामगारों की भर्ती गतिविधियों में तेजी आई है। कई कंपनियां मांग को आसानी से पूरा करने और अपेक्षित रूप से मजबूत त्योहारी अवधि के लिए अपनी परिचालन तैयारी को सुनिश्चित करने के लिए निर्धारित समय से पहले ही भर्तियों का दौर शुरू कर चुकी हैं।

# आरबीआई ब्याज दरों में और कटौती कर सकता है, स्थिति पर रखी जा रही नजर

एजेंसी ⏭ नई दिल्ली

भारतीय रिजर्व बैंक के गवर्नर संजय मल्होत्रा ने कहा है कि केंद्रीय बैंक नीतिगत दर में आगे किसी भी कटौती का फैसला लेने से पहले उभरती स्थिति पर नजर रखते हुए 'देखो और इंतजार करो' का रुख अपनाएगा। उन्होंने यह भी कहा कि आर्थिक वृद्धि और मूल्य स्थिरता दोनों समान रूप से महत्वपूर्ण हैं।



भारतीय रिजर्व बैंक (आरबीआई) की मौद्रिक नीति समिति (एमपीसी) मुद्रास्फीति में गिरावट के साथ मानक रेपो दर में कटौती कर रही है। साथ ही इसने तटस्थ रुख अपनाया है। तटस्थ रुख का मतलब है कि रिजर्व बैंक जरूरत के मुताबिक प्रमुख ब्याज दर में घट-बढ़ कर सकता है। केंद्रीय बैंक फरवरी से अबतक रेपो दर में कुल मिलाकर एक प्रतिशत की कटौती कर चुका है।

#### मुद्रास्फीति के अनुमान पर आंतरिक आंकलन

मल्होत्रा ने एक टीवी चैनल दिए साक्षात्कार में कहा कि मुद्रास्फीति के अनुमान पर आंतरिक आकलन किया जा रहा है और उन्हें नहीं पता कि यह तीन प्रतिशत होगी या नहीं। इसका कारण ये आकलन अभी चल रहा है। उन्होंने कहा, हम निश्चित रूप से अपना नवीनतम अनुमान जारी करेंगे और एमपीसी हमेशा की तरह, भविष्य के अनुमान को लेकर उभरती स्थिति को ध्यान में रखेगी। उसके आधार पर यह निर्णय लेगी कि अर्थव्यवस्था को वास्तव में किस प्रकार की नीतिगत दर की जरूरत है।

#### अगली बैठक 4 अगस्त से

रिजर्व बैंक की मौद्रिक नीति समिति की अगली बैठक अगले महीने चार से छह अगस्त को होने वाली है। मौद्रिक नीति समीक्षा की घोषणा छह अगस्त को की जाएगी। मल्होत्रा ने कहा कि नीतिगत दर में कटौती का असर अभी शुरुआती दौर में है। उनके पास अभी मई तक के आंकड़ें हैं।

**मेरे पास अभी मई तक के आंकड़े :** मल्होत्रा ने कहा, ''जून में हमने 0.5 प्रतिशत तक की कटौती की थी। कुल एक प्रतिशत के मुकाबले अभी एक प्रतिशत तक पहुंचने में काफी समय है... अभी भी, मेरे पास जून के आंकड़े नहीं हैं। मई तक यह 0.24 प्रतिशत था। मेरा मानना है कि इसमें सुधार हुआ है, लेकिन हमें अभी काफी दूरी तय करनी है।'

**बैंक मूल्य स्थिरता पर ध्यान देता है :** गवर्नर ने कहा, ''जैसा कि आप जानते हैं, हम मुख्य रूप से मूल्य स्थिरता पर ध्यान देते हैं। यही हमारा मुख्य कार्य है, हमारा प्राथमिक उद्देश्य है। और फिर हम वृद्धि दर पर भी ध्यान देते हैं।

**DIRECTORATE OF RESEARCH SERVICES**
**INDIRA GANDHI KRISHI VISHWAVIDYALAYA**
**KRISHAK NAGAR, RAIPUR 492 012 (C.G.)**
**Phone & Fax: 0771-2443035**

No./DRS/Tender/EOI/2025/1093 Raipur, Dated: 15/07/2025

**EXPRESSION OF INTEREST (EOI) NOTICE**

Expression of Intertest (EOI) is invited from firms/individuals involved in seed production and marketing for commercialization of notified varieties of different crops developed by IGKV, Raipur. The details of the notification and conditions etc. are available in the university website http://www.igkv.ac.in. and the same can be downloaded. The last date of submission of EOI is 18th August 2025 up to 2 PM.

सं-44556 Director of Research

**OFFICE OF MUNICIPAL CORPORATION KORBA**
**e-Procurement Tender Notice**
**Main Portal: http://eproc.cgstate.gov.in**

NIT No:- 1464/Water Supply/2025 Korba Dated: 11.07.2025

| S.N. | System Tender No. | Name of Work/Description of Work | Probable Amount of Contract |
|---|---|---|---|
| 1. | 171913 (1st Call) | Management Contract for Operation, maintenance and repairs of Existing Korba Water supply scheme part-1 consisting of three WTP of capacity 6.81, 32 and 12 MLD from head works to distribution network for maintenance of all the components of the scheme including cost of labour and chemical for maintaining and supplying regular water supply for 12 months | Rs. 350.24 Lakh |

The details can be viewed directly from the Government of Chhattisgarh http://eproc.cgstate.gov.in from 11.07.2025. at 10.30 Hours. (IST) onwards.

Superitending Engingeer
Municipal Corporation Korba (C.G.)

**कार्यालय अनुविभागीय अधिकारी (रा.) बिलाईगढ़, जिला सारंगढ़-बिलाईगढ़ (छ.ग.)**

// ईश्तहार //

क्र/765/अ.वि.अ./ खाद्य-शाखा/2025 बिलाईगढ़ दिनाँक 15/07/2025

एतद् द्वारा सर्वसाधारण आम जनता को सूचित किया जाता है कि सार्वजनिक वितरण प्रणाली के तहत ग्राम पंचायत झुमका में शासकीय उचित मूल्य दुकान आई.डी. क्रमांक 442007041 का संचालन किया जाना है।

अत: इच्छुक संस्था जैसे कि ग्राम पंचायत/महिला स्व. सहायता समूह / प्राथमिक कृषि साख समितियां / अन्य सहकारी संस्थाएँ / राज्य शासन द्वारा विनिर्दिष्ट उपक्रम/वन सुरक्षा समितियां से निर्धारित प्रपत्र अनुसार आवेदन-पत्र आमंत्रित किया जाता है कि इच्छुक संस्था/महिला अपने पंजीयन प्रमाण पत्र एवं अन्य सुसंगत दस्तावेजों सहित आवेदन पत्र इस कार्यालय में दिनांक 29/07/2025 तक प्रस्तुत कर सकते हैं। निर्धारित तिथि के पश्चात प्राप्त आवेदन-पत्रों पर कोई विचार नहीं किया जावेगा।

आज दिनांक 15/07/2025 को मेरे हस्ताक्षर एवं पदमुद्रा से जारी किया गया।

टीप :-आवेदन-पत्र इस कार्यालय से प्राप्त की जा सकती है।

अनुविभागीय अधिकारी) (रा.)
जी -252602243/1 बिलाईगढ़

**इंदिरा गांधी कृषि विश्वविद्यालय, रायपुर (छत्तीसगढ़)**

**B.Tech.(Agril.Engg.) तथा B.Tech.(Food Technology) पाठ्यक्रमों की रिक्त सीटों पर सत्र 2025-26 में प्रवेश हेतु विज्ञापन**

इंदिरा गांधी कृषि विश्वविद्यालय, रायपुर के अन्तर्गत संचालित B.Tech.(Agril. Engg.) तथा B.Tech.(Food Technology) के चार वर्षीय स्नातक पाठ्यक्रमों की रिक्त सीटों पर सत्र 2025-26 के प्रथम वर्ष में प्रवेश हेतु छत्तीसगढ़ के मूलनिवासी PET-2025, JEE Mains-2025 तथा 12th गणित समूह (Maths, Physics, Chemistry, English) से उत्तीर्ण अभ्यर्थियों से ऑनलाइन आवेदन आंमत्रित किए जाते हैं। ऑनलाईन काउसिंलिंग में भाग लेने हेतु इच्छुक अभ्यर्थियों को दिनांक 16 जुलाई 2025 से 23 जुलाई, 2025 (रात्रि 12.00 बजे) के मध्य ऑनलाईन पंजीयन कराना अनिवार्य होगा। इस अवधि में पंजीयन कराने वाले अभ्यर्थियों को प्रावीण्यता सूची के आधार पर नियमानुसार प्रवेश दिया जायेगा। अन्य प्रदेशों के 12वी. गणित समूह से उत्तीर्ण अभ्यर्थी भी इस अवधि में ऑनलाईन पंजीयन कर प्रवेश प्रक्रिया में भाग ले सकते हैं, जिन्हें छत्तीसगढ़ के मूलनिवासी अभ्यर्थियों की प्रवेश प्रक्रिया समाप्त होने के उपरांत रिक्त सीटों पर प्रवेश दिया जायेगा। ऑनलाईन पंजीयन हेतु दिशा-निर्देश, ऑनलाईन काउसिंलिंग समय सारणी एवं अन्य जानकारी विश्वविद्यालय की वेबसाईट www.igkv.ac.in पर 16 जुलाई, 2025 से उपलब्ध होगी।

REGISTRAR
I.G. Krishi Vishwavidyalaya
सं-44568 RAIPUR (C.G.)

# कुल वाहन बिक्री में ईवी की हिस्सेदारी बढ़ेगी

एजेंसी ⏭ नई दिल्ली

दुर्लभ खनिज तत्व (आरईई) की समस्या के समय पर समाधान और नए मॉडल की पेशकशों के साथ वित्त वर्ष 2027-28 तक कुल कार बिक्री में इलेक्ट्रिक वाहन (ईवी) की हिस्सेदारी बढ़कर सात प्रतिशत से अधिक हो जाएगी।

रेटिंग एजेंसी केयरएज एडवाइजरी की एक रिपोर्ट में यह अनुमान लगाया गया है।



- वर्ष 2027-28 तक बढ़कर सात प्रतिशत के पार होगी
- ईवी परिवेश में पिछले तीन साल में काफी प्रगति हुई

यह वृद्धि देश में चार्जिंग बुनियादी ढांचे में सुधार के लिए सरकार के प्रयासों पर भी निर्भर करेगी। भारत के इलेक्ट्रिक कार परिवेश में पिछले तीन साल में महत्वपूर्ण प्रगति हुई है। केयरएज एडवाइजरी एंड रिसर्च की वरिष्ठ निदेशक एवं प्रमुख तन्वी शाह ने कहा, "भारत में इलेक्ट्रिक कारों की हिस्सेदारी 2027-28 तक सात प्रतिशत को पार कर जाने की संभावना है, बशर्ते दुर्लभ खनिज संबंधी व्यवधान का समय पर समाधान किया जाए। मॉडल पेशकश की एक मज़बूत श्रृंखला, ईवी चार्जिंग बुनियादी ढांचे का विस्तार और पीएलआई (उत्पादन से जुड़ी प्रोत्साहन) योजना के तहत बैटरी स्थानीयकरण के साथ, देश ईवी स्वीकार्यता में तेज़ी लाने को लेकर अच्छी स्थिति में है।

## रुपया 18 पैसे टूटकर 85.94 प्रति डॉलर

**मुंबई।** अंतरबैंक विदेशी मुद्रा विनिमय बाजार में रुपया बुधवार को 18 पैसे टूटकर 85.94 प्रति डॉलर पर बंद हुआ। भारत-अमेरिका व्यापार समझौते को लेकर अनिश्चितताओं के बीच प्रमुख विदेशी मुद्राओं के मुकाबले अमेरिकी मुद्रा में मजबूती से रुपये पर दबाव बढ़ा। कच्चे तेल की कीमतों में गिरावट से हालांकि घरेलू मुद्रा को निचले स्तर पर समर्थन मिला।

**छत्तीसगढ़ गृह निर्माण मण्डल, वृत्त-अम्बिकापुर**

**आंशिक संशोधन (विज्ञापन क्र. 136)**

छ.ग. गृह निर्माण मण्डल, वृत्त-अम्बिकापुर अंतर्गत दिनांक 12.07.2025 को हरिभूमि बिलासपुर, नई दुनिया बिलासपुर एवं रिहन्द टाईम्स अम्बिकापुर में प्रकाशित विज्ञापन क्रं. 136 में आंशिक संशोधन करते हुए जिला-बलरामपुर रामानुजगंज में धरती आबा जनजाति ग्राम उत्कर्ष अभियान अंतर्गत ब्लॉक कुसमी, धुतराडीह में 100 शैय्या बालक छात्रावास एवं ब्लॉक वाड्रफनगर बभानी, ब्लॉक कुसमी-नटवरनगर, दिवारी एवं ब्लॉक राजपुर-कवडु में 50 शैय्या बालक/बालिका छात्रावास भवन निर्माण कार्य की निविदा दिनांक 26.07.2025 तक आमंत्रित की जाती है। उक्त कार्य हेतु निविदा संबंधित शेष नियम व शर्तें पूर्वानुसार रहेंगी।

सं-44557 उपायुक्त

**कार्यालय प्रमुख अभियंता, लोक स्वास्थ्य यांत्रिकी विभाग, इन्द्रावती भवन, अटल नगर, नवा रायपुर**

**विज्ञप्ति**
**दस्तावेजों के सत्यापन बाबत सूचना**

लोक स्वास्थ्य यांत्रिकी विभाग में उप अभियंता (सिविल) के रिक्त पदों की भर्ती हेतु समाचार पत्रों के विज्ञापन कमांक जी-242505394 द्वारा जारी विज्ञापन के संबंध में व्यावसायिक परीक्षा मण्डल, अटल नगर, नवा रायपुर द्वारा जारी परीक्षा परिणाम मेरिट सूची के आधार पर निम्न अभ्यर्थियों की निर्धारित अर्हता के सत्यापन हेतु दस्तावेजों का परीक्षण दिनांक 23.07.2025 को समय प्रात: 10:30 बजे से स्थान हॉल कमांक-01, लॉबी, तृतीय तल, इन्द्रावती भवन, अटल नगर, नया रायपुर (दूरभाष:-0771-2221656) में किया जाना है। जो निम्नानुसार है :-उप अभियंता (सिविल) अनारक्षित (मुक्त) के रिक्त पद 32 अभ्यर्थी का रोल नंबर 16101125, 25121191, 25091017, 25061053, 11021442, 16081250, 25061305, 25031201, 16091068, 16051433, 13051259, 16011392, 13101077, 16031254, 16021334, 25031092, 16041302, 16031248, 16101252, 13091101, 16061073, 16041175, 16031334, 13021139, 25131145, 25111294, 25051326, 16091027, 25121199, 17011269, 25111046, 25121260 अन्य पिछडा वर्ग (मुक्त) के रिक्त पद 10 अभ्यर्थी का रोल नंबर 13041335, 25091058, 25041043, 11031318, 25061333, 25111197, 25071154, 25081114, 25041040, 11021231 अनुसूचित जाति (मुक्त) के रिक्त पद 21 अभ्यर्थी का रोल नंबर 25021082, 13071078, 16091227, 16081267, 13061020, 13051305, 13111047, 25131154, 25011153, 13021435, 25051067, 25081485, 17021200, 13071150, 13081004, 16011477, 16061015, 16091104, 13061189, 25121237, 16031354 अनुसूचित जनजाति (मुक्त) के रिक्त पद 12 अभ्यर्थी का रोल नंबर 13051254, 16011420, 13101189, 25061439, 16081282, 16011449, 17011050, 16061234, 13021406, 13031224, 16041360, 25101043 अनारक्षित (महिला) के रिक्त पद 15 अभ्यर्थी का रोल नंबर 16031020, 16101375, 16071057, 25021006, 16011444, 16011312, 25111458, 13051249, 11021299, 25051343, 16051444, 16031513, 13091084, 16051082, 13051089 अनारक्षित (भू.पू.सै.) के रिक्त पद 05 अभ्यर्थी का रोल नंबर 13101037, 13021320, 25021156, 25071198, 16051168, अनुसूचित जाति (महिला) के रिक्त पद 08 अभ्यर्थी का रोल नंबर 16031052, 25041260, 25071201, 25091431, 13011056, 16031571, 13091310, 13071164 अनुसूचित जनजाति (महिला) के रिक्त पद 06 अभ्यर्थी का रोल नंबर 25061051, 16041198, 16081116, 13081127, 13091285, 16101230 अन्य पिछडा वर्ग (महिला) के रिक्त पद 04 अभ्यर्थी का रोल नंबर 13111223, 25051016, 16011210, 13021348 अनुसूचित जाति (भूपूसै) के रिक्त पद 02 अभ्यर्थी का रोल नंबर 25081360, अन्य पिछड़ा वर्ग (भू.पू.सै.) के रिक्त पद 01 अभ्यर्थी का रोल नंबर 25111076 अनुसूचित जनजाति (भू.पू.सै.) के रिक्त पद 02 अभ्यर्थी का रोल नंबर 16061260, दिव्यांगजन 04 (HH) 04 (OA, OL) HH-13021227, 13021331, 16051257, 13121133, OA, OL-16101358, 11031205, 16031150, 16081177 उप अभियंता (वि/या) अनुसूचित जाति (मुक्त) के रिक्त पद 04 अभ्यर्थी का रोल नंबर 13172150, 16112342, 25152353, 13202058 अनुसूचित जाति (महिला) के रिक्त पद 01 अभ्यर्थी का रोल नंबर 16152164 अनुसूचित जनजाति (मुक्त) के रिक्त पद 04 अभ्यर्थी का रोल नंबर 13212392, 25142031, 11072056, 13202228 अनुसूचित जनजाति (महिला) के रिक्त पद 01 अभ्यर्थी का रोल नंबर 25192101

विस्तृत विवरण की जानकारी विभागीय वेबसाइट http://phed.cg.gov.in पर उपलब्ध है।

प्रमुख अभियंता
लोक स्वास्थ्य यांत्रिकी विभाग
जी.-252602245/2 छत्तीसगढ़, अटल नगर

**छत्तीसगढ़ शासन वन विभाग सरगुजा वनमण्डल, अम्बिकापुर (छ.ग.)**

**नीलाम सूचना**

सर्व साधारण को सूचनार्थ प्रकाशित किया जाता है, कि सरगुजा वनमण्डल, के अधीनस्थ काष्ठागार अम्बिकापुर, में भण्डारित ईमारती काष्ठ का दर्शित तिथि एवं समय में ई-ऑक्शन किया जावेगा। इच्छुक व्यापारियों एवं अन्य क्रेताओं से अनुरोध है कि वे ई-ऑक्शन में भाग लेवें। ई-ऑक्शन से संबंधित शर्ते एवं अन्य जानकारी कार्यालयीन दिवस व समय पर वनमण्डल कार्यालय/काष्ठागार अम्बिकापुर से प्राप्त की जा सकती है।

काष्ठागार अम्बिकापुर
नीलाम दिनांक- 25.07.2025 समय – प्रात: 09.00 बजे से

| प्रजाति | नया वनोपज | | पुराना वनोपज | | योग वनोपज | |
|---|---|---|---|---|---|---|
| | लटठा | बल्ली | लटठा | बल्ली | लटठा | बल्ली |
| | (घ.मी.) | (नग) | (घ.मी.) | (नग) | (घ.मी.) | (नग) |
| सागौन | 0.000 | 0 | 110.845 | 3350 | 110.845 | 3350 |
| साल | 206.522 | 50 | 4464.030 | 5040 | 4670.552 | 5090 |
| साजा | 6.544 | 0 | 47.025 | 176 | 53.569 | 176 |
| धावडा | 6.913 | 0 | 69.331 | 19 | 76.244 | 19 |
| सलिहा | 0.000 | 0 | 58.633 | 39 | 58.633 | 39 |
| हल्दू | 0.000 | 0 | 5.074 | 37 | 5.074 | 37 |
| खम्हार | 0.000 | 0 | 83.283 | 472 | 83.283 | 472 |
| अन्य | 49.987 | 20 | 639.793 | 1551 | 689.780 | 1571 |
| तिंसा | 0.000 | 0 | 0.146 | 0 | 0.146 | 0 |
| योग: | 269.966 | 70 | 5478.16 | 10684 | 5748.126 | 10754 |
| जलाऊ | 117 Chatta | | 2316 Chatta | | 2433 Chatta | |

टीप :- 01. क्रेताओं को ई-ऑक्शन के पूर्व एम.एस.टी.सी. ई-कॉमर्स में रजिस्ट्रेशन करना अनिवार्य है। 02. क्रेताओं को ई-ऑक्शन के पूर्व क्रय लाटों के अपसेट प्राईज मूल्य के 10 प्रतिशत की राशि अपने वालेट में रखना अनिवार्य है। सफल बोलीदार को एक सप्ताह के भीतर शेष 15 प्रतिशत ई.एम.डी. की राशि जमा करना अनिवार्य है। 03. लॉट की थप्पी एवं फोटो एम.एस.टी.सी. ई-ऑक्शन पोर्टल में अपने आई.डी. से लॉगईन करके देख सकते है। 04. ई-ऑक्शन में लॉट क्रय के पश्चात प्रथम क्रेता को 30 सेकण्ड का समय प्राप्त होगा, उसी लॉट में अन्य क्रेताओं द्वारा 30 सेकण्ड के पूर्व क्रय करने पर 20 सेकंण्ड का संमय प्राप्त होगा।

वनमण्डलाधिकारी
जी.-252602229/5 सरगुजा वनमण्डल अंबिकापुर (छ.ग.)

**कार्यालय वनमण्डलाधिकारी, कोरबा वनमण्डल कोरबा छत्तीसगढ़**
फोन का.: 07759-221273, नि: 07759-222504, फैक्स 07759-223531,
Email: dfo_korba@yahoo.co.in

क्रमांक/राजस्व/4075 कोरबा, दिनांक 14/07/2025

**नीलाम सूचना**

सर्व साधारण को सूचनार्थ प्रकाशित किया जाता है कि कोरबा वनमंडल के अंतर्गत जलाऊ डिपो कोसाबाडी कोरबा में रखी गई निम्न विवरण अनुसार वनोपज जलाऊ लकड़ी का ई-ऑक्शन द्वारा निवर्तन किया जाना है। इच्छुक व्यापारी ई-ऑक्शन में अवश्य भाग लेवें। ई-ऑक्शन की शर्ते एवं अन्य जानकारी कार्यालयीन दिवस व समय पर वनमण्डल कार्यालय अथवा वन परिक्षेत्र कार्यालय, कुदमुरा उत्पादन से प्राप्त कर सकते है।

डिपो का नाम-जलाऊ डिपो कोसाबाड़ी
नीलाम दिनांक-22.07.2025
नीलाम प्रारंभ-प्रात: 09:00 बजे से
**वनोपज की अनुमानित मात्रा**

| डिपो का नाम | प्रजाति | पुराना वनोपज | नया वनोपज | योग |
|---|---|---|---|---|
| जलाऊ डिपो कोसाबाड़ी | सतकठा जलाऊ | 1358 चट्टा | 149 चट्टा | 1507 चट्टा |
| | सागौन जलाऊ | 46 चट्टा | - | 46 चट्टा |
| | योग - | 1404 चट्टा | 149 चट्टा | 1553 चट्टा |
| अस्थाई डिपो नोनबिर्रा | सतकठा जलाऊ | 1111 चट्टा | - | 1111 चट्टा |
| | सलिहा जलाऊ | 08 चट्टा | - | 08 चट्टा |
| | योग - | 1119 चट्टा | - | 1119 चट्टा |
| नगरीय डिपो कोसाबाड़ी | सतकठा जलाऊ | 118 चट्टा | - | 118 चट्टा |
| | योग - | 2641 चट्टा | 149 चट्टा | 2790 चट्टा |

टीप :-
01. क्रेताओं को ई-ऑक्शन के पूर्व एम.एस.टी.सी. ई-कॉमर्स में रजिस्ट्रेशन करना अनिवार्य है।
02. क्रेताओं को ई-ऑक्शन के पूर्व क्रय लाटों के अपसेट प्राईज मूल्य के 10 प्रतिशत की राशि अपने वालेट में रखना अनिवार्य है। सफल बोलीदार को एक सप्ताह के भीतर शेष 15 प्रतिशत ई.एम.डी. की राशि जमा करना अनिवार्य है।
03. लॉट की थप्पी एवं फोटो एम.एस.टी.सी. ई-ऑक्शन पोर्टल में अपने आई.डी. से लॉगईन करके देख सकते है।
04. ई-ऑक्शन में लॉट क्रय के पश्चात प्रथम क्रेता को 30 सेकण्ड का समय प्राप्त होगा, उसी लॉट में अन्य क्रेताओं द्वारा 30 सेकण्ड के पूर्व क्रय करने पर 20 सेकंण्ड का संमय प्राप्त होगा।

वनमण्डलाधिकारी
जी.-252602225/3 कोरबा वनमण्डल कोरबा

## राशिफल

**मेष** – मन प्रसन्न रहेगा। दाम्पत्य सुख में वृद्धि होगी। परिवार में धार्मिक कार्य होंगे। माता-पिता से धन की प्राप्ति हो सकती है। तरक्की के मार्ग प्रशस्त होंगे।

**वृष** – स्वास्थ्य का ध्यान रखें। परिवार की समस्याओं पर भी ध्यान दें। पिता का साथ मिलेगा। रहन-सहन कष्टमय हो सकता है। बौद्धिक कार्यों से आय बढ़ेगी।

**मिथुन** – मन परेशान रहेगा। संयत रहें। क्रोध से बचें। परिवार में शान्ति बनाये रखने का प्रयास करें। भाइयों के सहयोग से नए कारोबार की शुरुआत करेंगे।

**कर्क** – आत्मविश्वास में कमी रहेगी। मन परेशान रहेगा। व्यर्थ के झगड़े एवं विवादों से बचें। स्वास्थ्य के प्रति सचेत रहें। शैक्षिक कार्यों के लिए विदेश जा सकते हैं।

**सिंह** – व्यर्थ के क्रोध एवं वाद-विवाद से बचें। किसी सम्पत्ति से आय के साधन बन सकते हैं। नौकरी में कार्यभार में वृद्धि हो सकती है।

**कन्या** – पठन-पाठन में रुचि रहेगी। शैक्षिक कार्यों के लिए विदेश जाने के योग बन रहे हैं। जीवनसाथी से मनमुटाव की स्थिति रहेगी।

**तुला** – मन प्रसन्न रहेगा। परिश्रम की अधिकता रहेगी। आय में कमी एवं खर्च अधिक की स्थिति हो सकती है। सुस्वादु खानपान में रुचि रहेगी।

**वृश्चिक** – आत्मसंयत रहें। मानसिक शान्ति बनाये रखने के प्रयास करें। परिवार के स्वास्थ्य का ध्यान रखें। माता का साथ मिलेगा। रुके हुए धन की प्राप्ति होगी।

**धनु** – आत्मसंयत रहें। क्रोध के अतिरेक से बचें। कारोबार में कठिनाइयां आ सकती हैं। शैक्षिक कार्यों में आशातीत परिणाम मिलेंगे।

**मकर** – वाणी में मधुरता रहेगी, परन्तु धैर्यशीलता बनाये रखने के प्रयास करें। माता के स्वास्थ्य का ध्यान रखें। खर्चों में वृद्धि होगी। रहन-सहन अव्यवस्थित रहेगा।

**कुंभ** – आत्मविश्वास भरपूर रहेगा। मन प्रसन्न भी रहेगा। फिर भी व्यर्थ के क्रोध एवं वाद-विवाद से बचें। परिवार की समस्याओं पर ध्यान दें।

**मीन** – परिवार में शान्ति बनाये रखने के प्रयास करें। खर्चों में वृद्धि होगी। किसी धार्मिक स्थल की यात्रा पर जाना हो सकता है।

## शब्द पहेली - 5930



**बाएँ से दाएँ**
1.लूटमार,डाका-4
5.रपटना -4
9.डोली उठानेवाले-3
10.पुत्र,लड़का-3
12.अधिकार-2
14.नवीन,नया-2
15.एक विदेशी शराब-2
16.कला,हुनर-2
17.मां का प्यार-3
19.दम,बल,जोर-3
21.पपीहा,पपीहरा-3
22.करामात,कारनामा-4
24.शमशीर,कृपाण-4
25.तरंगित,लहरीय-5
26.बोरिया-बिस्तर-4
29.साले की पत्नी-4
33.प्रयास,यत्न-3
34.सहायता,सहयोग-3
36.लीन,तल्लीन-3
37.गहन वन,बुनाई कर्म-2
38.टुकड़ा,कण-2
39.मैं का बहुवचन-2
41.भीगा हुआ-2
42.अंधकार,अंधेरा-3
43.द्रव मापने की इकाई-3
45.प्राचीर,स्तंभ-4
46.बादला,जरबाफ-4

**ऊपर से नीचे**
2.अधिकार-2
3.जगत,दुनिया-3
4. सुनसान शांति,-4
5.आदत-4
6.साजन, बालम-3
7.क्रमबद्धता-2
8.मूर्ख,बेवकूफ-4
11.बुनाई करने वाला-4
13.कटि,मध्यांग-3
16.धार्मिक आज्ञा-3
18.पितामह-2
20.कमर में पहनने वाला आभूषण -5
21.चलने का ढ़ंग-2
23.पिया,साजन-3
24.दया,रहम-3
26.बेमिसाल, अनूठा-4
27.स्वदेश,मातृभूमि-3
28.जनता,आम लोग -2
30.मैं का बहुवचन-2
31.अभिरुचि,तल्लीनता-3
32.जनता की राय-4
34.उपाधि,पदवी-4
35.देहरी,चौखट-4
38.कक्ष,रूम-3
40.बटाणा,काबुली-3
42.स्तर,परत-2
44.ईश्वर,खुदा,भगवान-2

**शब्द पहेली- 5929 का हल**



## सूडोकु नवताल 5940

★★★★★ कठिनतम



**सूडोकु नवताल 5939 का हल**



- प्रत्येक पंक्ति में 1 से 9 तक के अंक भर जाने आवश्यक है।
- प्रत्येक आड़ी और खड़ी पंक्ति में एवं 3×3 के वर्ग में किसी भी अंक की पुनरावृत्ति न हो इसका विशेष ध्यान रखें।
- पहले से मौजूद अंकों को आप हटा नहीं सकते।
- पहेली का केवल एक ही हल है।

MANGAL SENACHA, BANGALORE

*गाजा के खान यूनिस में बुधवार को एक फूड डिस्ट्रीब्यूशन सेंटर पर 43 लोगों की मौत हो गई। इनमें से 21 लोग खाना लेने की कोशिश में मारे गए। जबकि 15 लोगों की मौत भगदड़ में कुचल कर हुई। गाजा के स्वास्थ्य मंत्रालय ने बताया कि यह हादसा गाजा ह्यूमैनिटेरियन फाउंडेशन (जीएचएफ) सेंटर पर हुआ। मंत्रालय ने इजरायली सेना और अमेरिका पर 'जानबूझकर' भूखे लोगों का नरसंहार करने का आरोप लगाया।*

**ह्यूमैनिटेरियन फाउंडेशन सेंटर पर हुआ हादसा**

# गाजा में फूड सेंटर पर भगदड़, 43 की मौत

## इजराइल-अमेरिका पर जानबूझकर भूखे लोगों के नरसंहार का आरोप

एजेंसी ▶▶| नई दिल्ली

जीएचएफ ने भी अब तक 20 लोगों के मारे जाने की बात स्वीकार की है। लेकिन इसके लिए हमास से जुड़े लोगों पर हिंसा भड़काने का आरोप लगाया। यूएन ने जीएचएफ सेंटर्स को मौत का जाल करार दे चुका है। मई के अंत से अब तक इन सेंटर्स पर या आसपास 870 से ज्यादा फलस्तीनी मारे जा चुके हैं। गाजा के स्वास्थ्य मंत्रालय के मुताबिक, अक्टूबर 2023 में शुरू हुए युद्ध के बाद से इजराइली हमलों में गाजा के 58,573 लोग मारे गए हैं और 1,39,607 अन्य घायल हुए हैं।

### 5 लाख लोगों पर भुखमरी का संकट

गाजा में जंग के बीच 5 लाख लोगों पर भुखमरी का संकट पैदा हो गया है। गाजा के हालात पर 12 मई को संयुक्त राष्ट्र ने एक रिपोर्ट पेश की थी। इसके मुताबिक अगर इजराइल पाबंदियां नहीं हटाता है तो गाजा में हर 5 में से 1 व्यक्ति भुखमरी की चपेट में आ सकता है।









## राहुल ने पीएम मोदी को लिखी चिट्ठी



**नई दिल्ली।** कांग्रेस के वरिष्ठ नेता और नेता प्रतिपक्ष राहुल गांधी ने प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी को एक चिट्ठी लिखी है। उन्होंने इस चिट्ठी में संसद के मॉनसून सत्र के दौरान जम्मू कश्मीर के राज्य का दर्जा बहाल करने के लिए सरकार की ओर से बिल लाने का आग्रह किया है। राहुल गांधी ने इस चिट्ठी में लिखा कि जम्मू-कश्मीर के राज्य का दर्जा बहाल करने की मांग वैध है और संवैधानिक और लोकतांत्रिक अधिकारों पर आधारित है। चिट्ठी में कहा गया है कि पिछले पांच साल में जम्मू कश्मीर के लोगों ने पूर्ण राज्य का दर्जा बहाल करने की मांग की है। पूर्व में ऐसे कई उदाहरण रह हैं, जब केंद्रशासित प्रदेशों को राज्य का दर्जा दिया गया। ऐसा पहली बार हुआ, जब किसी राज्य को केंद्रशासित प्रदेश में तब्दील किया गया। हालांकि, सूत्रों के मुताबिक, केंद्र सरकार की संसद के मॉनसून सत्र में इस तरह का कोई बिल लाने की योजना नहीं है। संसद का मॉनसून सत्र 21 जुलाई से शुरू हो रहा है। बता दें कि 2019 में केंद्र सरकार ने जम्मू-कश्मीर का विभाजन कर उन्हें दो केंद्रशासित प्रदेशों में तब्दील कर दिया था। केंद्र सरकार ने सुप्रीम कोर्ट के समक्ष आश्वासन दिया है कि जम्मू-कश्मीर के राज्य का दर्जा जितना जल्दी संभव हो सकेगा, बहाल किया जाएगा।

### ब्रिक्स देशों को बनाया निशाना, ब्राजील और चीन का भी नाम

# रूस से व्यापार, नाटो ने दी भारत को सौ फीसदी प्रतिबंध की खुली धमकी

*नाटो के प्रमुख मार्क रूट ने ब्राजील, चीन और भारत जैसे ब्रिक्स देशों को कड़ी चेतावनी दी है। रूट ने कहा है कि अगर ये देश रूस के साथ कारोबार करना जारी रखेंगे तो उन्हें गंभीर आर्थिक दंड का सामना करना पड़ेगा। रूट ने यह टिप्पणी अमेरिकी कांग्रेस में सीनेटरों के साथ बैठक के बाद पत्रकारों से बातचीत में कही।*

एजेंसी ▶▶| वाशिंगटन

मार्क रूट ने दिल्ली, बीजिंग और ब्राजील के नेताओं से अपील की कि वे रूस के राष्ट्रपति व्लादिमीर पुतिन पर इस बात के लिए दबाव डालें कि वे शांति वार्ता को गंभीरता से लें। रूट ने कहा, 'अगर आप चीन के राष्ट्रपति हैं, भारत के प्रधानमंत्री हैं या ब्राजील के राष्ट्रपति हैं, और आप रूस के साथ कारोबार करना जारी रखते हैं, उनका तेल और गैस खरीदते हैं, तो आप जानते हैं; अगर मॉस्को में बैठा व्यक्ति शांति वार्ता को गंभीरता से नहीं लेता है, तो मैं 100 प्रतिशत सेकंडरी सैंक्शन लगा दूंगा।' मार्क रूट ने कहा कि इन तीनों देशों को इस पर गौर करना चाहिए क्योंकि इसका इन पर बड़ा असर हो सकता है। उन्होंने कहा, 'प्लीज पुतिन को फोन करें और उन्हें बताएं कि उन्हें शांति वार्ता के लिए गंभीर होना चाहिए वरना इसका ब्राज़ील, भारत और चीन पर बड़ा असर होगा।'

**खास बातें**

- यूक्रेन से शांतिवार्ता के लिए पुतिन पर दबाव बनाने कहा
- अमेरिकी राष्ट्रपति ने भी दी थी ऐसी ही धमकी



### ट्रंप ने भी दी थी चेतावनी

इससे पहले अमेरिकी राष्ट्रपति डोनाल्ड ट्रंप ने यूक्रेन को फिर से मिलिट्री सपोर्ट देने का ऐलान किया था और रूस और उसके कारोबारी सहयोगियों को टैरिफ को लेकर धमकी दी थी। ट्रंप ने रूस से एक्सपोर्ट पर 100% टैरिफ लगाने की चेतावनी दी थी और कहा था कि अगर 50 दिन के अंदर रूस और यूक्रेन के बीच कोई समझौता नहीं होता है तो वह उन देशों पर सेकंडरी सैंक्शन लगा देंगे जो रूस से तेल खरीदना जारी रखेंगे। गौरतलब है भारत भी रूस से तेल लेता रहा है।

### रूस-यूक्रेन के बीच चल रही है जंग

बताना होगा कि रूस और यूक्रेन के बीच लंबे वक्त से जंग चल रही है और इस जंग में नाटो देश यूक्रेन के साथ पूरी मजबूती के साथ खड़े हैं। मार्क रूट ने कहा कि नाटो यूक्रेन की मदद करना जारी रखेगा। उन्होंने यह भी कहा कि ट्रंप के साथ समझौते के तहत अमेरिका अब यूक्रेन को बड़े पैमाने पर हथियार मुहैया कराएगा।

### भारत पर क्या असर होगा?

इस बात को समझना बेहद जरूरी है कि भारत, चीन और तुर्की ऐसे देश हैं जो रूस से बहुत बड़े पैमाने पर कच्चा तेल खरीदते हैं और अगर डोनाल्ड ट्रंप इन देशों पर प्रतिबंध लगाते हैं तो इनमें से भी भारत पर इसका बहुत बड़ा असर हो सकता है। इसकी वजह से एनर्जी सप्लाई बाधित हो सकती है और तेल की कीमतें भी बढ़ सकती हैं। ट्रंप के द्वारा यह धमकी दिए जाने के बाद रूस के उप विदेश मंत्री सर्गेई रयाबकोव ने कहा था कि उनका देश डोनाल्ड ट्रंप के साथ बातचीत के लिए तैयार है लेकिन रूस किसी भी तरह की चेतावनी को स्वीकार नहीं करेगा और इसका कोई नतीजा नहीं निकलेगा।

## लव जिहाद, धर्मांतरण कानून यूपी सरकार को सुप्रीम नोटिस

एजेंसी ▶▶| नई दिल्ली

सुप्रीम कोर्ट ने लव जिहाद और गैरकानूनी धर्मांतरण के खिलाफ उत्तर प्रदेश में बने विवादास्पद कानून को चुनौती देने वाली याचिका पर राज्य सरकार को नोटिस जारी किया है। ये ऐसे समय में आया है जब इस कानून को लेकर सवाल उठाए जा रहे हैं। ये याचिका लखनऊ की सामाजिक कार्यकर्ता रूपरेखा वर्मा ने दायर की है। उन्होंने अपनी याचिका में दलील दी है कि ये कानून विभिन्न धर्मों से संबंध रखने वाले जोड़ों को परेशान करने का एक जरिया बन गया है। वर्मा का कहना है कि इस कानून की आड़ में किसी को भी धर्मांतरण के आरोप में आसानी से फंसाया जा सकता है, जिससे व्यक्तिगत स्वतंत्रता और संवैधानिक अधिकारों का हनन होता है। याचिका में यह भी मांग की गई है कि जब तक मामले की



सुनवाई पूरी नहीं हो जाती, तब तक सुप्रीम कोर्ट उत्तर प्रदेश सरकार को इस अधिनियम के तहत दर्ज मामलों में कोई भी कार्रवाई न करने का निर्देश दे। सुप्रीम कोर्ट ने इस नई याचिका को पहले से ही लंबित इसी तरह के मामलों के साथ जोड़ दिया है। यह संकेत देता है कि शीर्ष अदालत इस मुद्दे पर व्यापक सुनवाई कर सकती है।

**हरियाणा केंद्रीय विश्वविद्यालय**
**महेंद्रगढ़**
(नैक द्वारा 'ए' ग्रेड प्राप्त विश्वविद्यालय)

**सीयूईटी 2025 के अंतर्गत स्नातक (यूजी) कार्यक्रमों के लिए पंजीकरण आरंभ**
**शैक्षणिक सत्र: 2025–26**

हरियाणा केंद्रीय विश्वविद्यालय, महेंद्रगढ़ निम्नलिखित कार्यक्रमों में प्रवेश के लिए राष्ट्रीय परीक्षा एजेंसी द्वारा आयोजित सीयूईटी (यूजी) –2025 परीक्षा में उपस्थित होने वाले उम्मीदवारों के लिए ऑनलाइन पंजीकरण फॉर्म आमंत्रित करता है:

**स्नातक (यूजी) कार्यक्रम**

| | | | |
|---|---|---|---|
| बी.वॉक. | • रिटेल एंड लोजिस्टिक्स मैनेजमेंट<br>• बायोमेडिकल साइंसेज<br>• इंडस्ट्रीयल वेस्ट मैनेजमेंट | इंटीग्रेटेड कार्यक्रम | • बी.एससी. एम.एससी. इन केमेस्ट्री<br>• बी.एससी.एम.एससी. इन मेथेमेटिक्स<br>• बी.एससी. एम.एससी. इन फिजिक्स |

• बी.एससी. (ऑनर्स) इन साइक्लॉजी

**महत्त्वपूर्ण तिथि**

| | |
|---|---|
| ऑनलाइन पंजीकरण की अंतिम तिथि | 22 जुलाई, 2025 |
| पंजीकरण लिंक | https://cuhcuet.samarth.edu.in/ |

विस्तृत विवरण के लिए www.cuh.ac.in देखें। कुलसचिव (प्रभारी)

**कार्यालय नगर पालिक निगम, बिलासपुर (छ.ग.)**
**जोन क्र. 08, कोनी बस डिपो**

ई-मेलः commissionerzone08@gmail.com / वेबसाईट www.bilaspurnagarnigam.com

**हक हस्तांतरण एवं कर निर्धारण के खातों में नाम परिवर्तन संबंधी सूचना**

कर सम्पत्ति कर विभाग कार्यालय जोन आयुक्त जोन क्र 08 नगर पालिक निगम बिलासपुर द्वारा विज्ञापन जुलाई 2025-26 हक हस्तांतरण एवं कर निर्धारण के खातों में नाम परिवर्तन के संबंध में इस कार्यालय में आवेदन प्राप्त हुए है यदि किसी व्यक्ति को किसी प्रकार की आपत्ति प्रस्तुत करना हो तो इस सूचना प्रकाशन तिथि से 15 दिवस के भीतर कार्यालय जोन आयुक्त जोन क्र 08 सिटी बस डिपो कोनी नगर पालिक निगम बिलासपुर (छ.ग.) के कार्यालय में आवेदन प्रस्तुत कर सकते है निर्धारित अवधि के पश्चात आपत्ति पर विचार नही किया जायेगा।

| क्र. | वार्ड क्र. | मोहल्ले का नाम | प्रकरण क्रमांक एवं दिनांक | जिसके नाम पर दर्ज है | जिसके नाम पर दर्ज करना है | आधार |
|---|---|---|---|---|---|---|
| 1 | 59 | मेलापारा सरकंडा बिलासपुर | 016/ 02.06.2025 | श्री सुन्दर लाल शर्मा पिता स्व. नन्दु शर्मा | राम बाबू शर्मा पिता स्व. नन्दु शर्मा | मृत्यु प्रमाण पत्र, शपथ पत्र बी1 पी 2 ऋण पुस्तिका |
| 2 | 68 | रिवर व्यू कालोनी | 017/ 02.06.2025 | श्री हरिकेश्वर सिंह पिता गणेश सिंह | श्रीमती कल्पना भगत पति श्री अमित कुमार तिर्की | रजिस्ट्री पेपर बी 1 पी 11 शपथ पत्र डायवर्सन प्रपत्र |
| 3 | 59 | संजय हाईडस बिलासपुर | 019/ 10.06.2025 | किशोर निखारे पिता आत्माराम निखारे | सुधीर सिंह पिता श्री प्रेम सिंह | रजिस्ट्री प्रपत्र बी 1 पी 11 शपथ पत्र |
| 4 | 59 | चांटीडीह | 20/ 16.06.2025 | हरिशंकर यादव श्याम लाल यादव | मुनिया बाई यादव पिता स्व. श्याम लाल यादव | बी 1 पी 11 शपथ पत्र अतिरिक्त न्यायालय का आदेश |
| 5 | 63 | अरविंद नगर सरकंडा | 21/ 20.06.2025 | अन्नु पाण्डेय पति नवीन पाण्डेय | पल्लवी नायडू पिता श्री एन के नायडू | रजिस्ट्री पत्र बी 1 पी 11 शपथ पत्र डायसर्वन प्रपत्र |
| 6 | 63 | डी.एल. एस. कॉलेज सरकंडा | 22/ 23.06.2025 | चन्द्रशेखर साव पिता श्री लहुरमन साव | मीरा साव पति स्व. गोवर्धन प्रसाद साव | रजिस्ट्री प्रत्र बी 1 पी 2 डायवर्सन शपथ पत्र |
| 7 | 65 | बंधवापारा सरकडा | 23/ 02.06.2025 | श्रीमती विभा मिश्रा पति रवि शेखर मिश्रा | श्रीमती दीपा भटनागर पति शेखर भटनागर | रजिस्ट्री प्रपत्र बी 1 पी 11 डायर्वसन पत्र |
| 8 | 60 | रामकृष्ण इन्क्लेव | 024/ 23.06.2025 | श्रीवंका कामेश पिता व्ही जगन्नाथ | नेहा राठौर पति श्री गजेन्द्र कुमार राठौर | रजिस्ट्री प्रपत्र बी 1 पी 11 डायर्वसन पत्र |
| 9 | 59 | चांटीडीह सरकडा | 026/ 04.07.2025 | गीता बाई सोनी पति नंदकिशोर सोनी | सुब्रेते परवीरा पिता श्री विजय रंजन परवीरा | रजिस्ट्री प्रपत्र बी 1 पी 2 शपथ पत्र |
| 10 | 63 | जोरापारा सरकंडा | 027/ 07.07.2025 | श्रीमती विमला मिश्रा पति स्व. राम कुमार मिश्रा | सतीश चंद मिश्रा पिता स्व. श्री राम कुमार मिश्रा | रजिस्ट्री प्रपत्र बी 1 पी 2 शपथ पत्र डायवर्सन |
| 11 | 68 | कोनी बिलासपुर | 028/ 07.07.2025 | विघ्नेश्वर इन्फ्रा द्वारा भागीदार 1. अमीत शर्मा पिता रघुनंदन शरन शर्मा 2 रमेश साहू पिता सुंदरलाल साहू | रत्ना साहू पति श्री कृष्ण कुमार साहू | रजिस्ट्री प्रपत्र बी 1 पी 2 शपथ पत्र |
| 12 | 62 | बंगालीपारा सरकंडा | 029/ 11.07.2025 | मोतीराम भोजवानी पिता ज्ञान चंद भोजवानी | दिनेश कुमार पिता स्व. लाल जी पाण्डेय | रजिस्ट्री प्रपत्र बी 1 पी 2 शपथ पत्र डायवर्सन |
| 13 | 63 | सरकंडा बिलासपुर | 030/ 11.07.2025 | देवेन्द्र कुमार राठौर पिता स्व.श्री मनहरण लाल राठौर | माया जैन पति श्री अरविंद कुमार जैन | रजिस्ट्री प्रपत्र बी 1 पी 2 शपथ पत्र डायवर्सन |

वृक्षारोपण कार्य महान, एक वृक्ष सौ पुत्र समान — जोन आयुक्त, जोन क्र. 08 न.पा.नि. बिलासपुर (छ.ग.)

### स्वदेशी टेक्नोलॉजी पर सीडीएस चौहान ने कही दूर की बात

# कल के हथियार, आज के युद्ध नहीं जीत सकते...नया जमाना नई लड़ाई

हरिभूमि न्यूज ▶▶| नई दिल्ली



- नए जमाने की टेक्नोलॉजी अपनानी होगी हमें

चीफ ऑफ डिफेंस स्टाफ (सीडीएस) जनरल अनिल चौहान ने बुधवार को कहा है कि भारत पुराने हथियारों से नए जमाने की लड़ाई नहीं जीत सकता। उन्होंने कहा कि हमें नए जमाने की टेक्नोलॉजी अपनानी होगी।

हमें अपने देश में बने हथियारों पर ध्यान देना होगा। सीडीएस ने ऑपरेशन सिंदूर के बारे में भी कुछ नई बातें बताईं। उन्होंने बताया कि कैसे भारत ने पाकिस्तान के ड्रोन और 'लोइटरिंग म्यूनिशन्स' को नाकाम कर दिया और हमें कोई नुकसान भी नहीं हुआ। दिल्ली में एक डिफेंस वर्कशॉप में जनरल चौहान ने कहा, 'ऑपरेशन सिंदूर के दौरान 10 मई को, पाकिस्तान ने बिना हथियारों वाले ड्रोन और 'लोइटरिंग म्यूनिशन्स' का इस्तेमाल किया। उनमें से किसी ने भी भारतीय सेना या सिविल इंफ्रास्ट्रक्चर को कोई नुकसान नहीं पहुंचाया। ज्यादातर को 'काइनेटिक' और 'नॉन-काइनेटिक' तरीकों से नाकाम कर दिया गया। कुछ तो लगभग सही हालत में बरामद भी हुए।' पीटीआई की रिपोर्ट के अनुसार उन्होंने आगे कहा, 'कल के हथियार आज की लड़ाई नहीं जीत सकते। आज की लड़ाई लड़ने के लिए कल की टेक्नोलॉजी चाहिए।'

### विदेशी टेक्नोलॉजी पर निर्भरता, तैयारी कमजोर करती

सीडीएस ने यह भी कहा, 'हम अपने मिशन के लिए जरूरी 'इम्पोर्टेड' टेक्नोलॉजी पर निर्भर नहीं रह सकते। विदेशी टेक्नोलॉजी पर निर्भरता हमारी तैयारी को कमजोर करती है।' ऑपरेशन सिंदूर, पहलगाम में हुए आतंकी हमले का पाकिस्तान को जवाब था। इसमें भारत ने पाकिस्तान और पाकिस्तान के कब्जे वाले जम्मू और कश्मीर (पीओजेके) में आतंकी ठिकानों पर हवाई हमले किए थे। भारत ने बाद में पाकिस्तान की तरफ से की गई सैन्य कोशिशों को भी नाकाम किया और कई पाकिस्तानी एयरबेस को तबाह कर दिया।

## 'नागरिकता साबित करना चुनाव आयोग का काम नहीं'

एजेंसी ▶▶| नई दिल्ली



बिहार में वोटर लिस्ट रिवीजन (एसआईआर) को लेकर घमासान मचा हुआ है। कांग्रेस महासचिव जयराम रमेश और एआईएमआईएम प्रमुख असदुद्दीन ओवैसी ने इसे लेकर चुनाव आयोग और बीजेपी पर निशाना साधा है। जयराम रमेश ने कहा कि बिहार में एसआईआर के लिए लोक कल्याण मार्ग के निवासी जिम्मेदार हैं। उन्होंने कहा कि इससे दलित, आदिवासी, अल्पसंख्यक, महिला, पिछड़े वर्ग बहुत प्रभावित होंगे। बता दें, यह मामला अभी सुप्रीम कोर्ट में लंबित है। 28 जुलाई को इस पर दूसरी बार सुनवाई होने वाली है। रमेश ने कहा, नागरिकता साबित करना चुनाव आयोग की जिम्मेदारी नहीं है।'

उन्होंने ने कहा, 'ये लोकसभा के पहले क्यों नहीं कराया? विधानसभा चुनाव से चार-पांच महीने पहले यह कवायद क्यों की जा रही है?... बिहार में डर का माहौल है।

**Chhattisgarh State Electricity Regulatory Commission**
Irrigation Colony, Shanti Nagar, Raipur - 492 001 (C.G.) Ph.0771-4073568, Fax: 4073553
Website: www.cserc.gov.in, E-mail: cserc.sec.cg@nic.in;

**NOTICE FOR PUBLIC HEARING**

Public hearing on following will be held on 23/07/2025 at 11:30 a.m. in the Commission's Court Room.

| S. No. | In the matter of |
|---|---|
| 1. | Draft Chhattisgarh State Electricity Regulatory Commission (Framework for Resource Adequacy) Regulations, 2025- Notice for inviting objections/suggestions has been published in newspapers on 06/09/2024. |
| 2. | Draft Chhattisgarh State Electricity Regulatory Commission (Intra-State Deviation Settlement Mechanism and Related Matters) Regulations, 2025 – Notice for inviting objections/suggestions has been published in newspapers on 28/06/2025. |
| 3. | Matter remanded by Hon'ble APTEL vide order dated 07/04/2025 passed in appeal no. 327 of 2017 in the matter of Chhattisgarh State Power Transmission Company Limited and Chhattisgarh State Electricity Regulatory Commission– Notice for inviting objections/suggestions has been published in newspapers on 27/05/2025 |

The Commission has published public notices for inviting objections/suggestions on the above from public and stake-holders. For this purpose, relevant documents have been uploaded on the Commission's website since the date of publication of the notices. These documents are still available on the website of the Commission. Though sufficient time has been given to stakeholders/public for filing objections/suggestions on above petitions, stakeholders may still file their objections/suggestions till the date of hearing.

"SAVE ELECTRICITY" SECRETARY

**साउथ ईस्टर्न कोलफील्ड्स लिमिटेड**
''मिनी रत्न कम्पनी''
(कोल इंडिया लिमिटेड का एक उपक्रम)

**आम सूचना**

इस प्रकाशन के माध्यम से सर्वसाधारण को सूचित किया जाता है कि एसईसीएल दीपका क्षेत्रांतर्गत दीपका विस्तार परियोजना हेतु ग्राम मलगांव के निम्नलिखित प्रभावित भू–विस्थापित एवं उनके द्वारा नामित आश्रित उम्मीदवार को एसईसीएल में रोजगार उपलब्ध कराने हेतु मुख्यालय बिलासपुर से स्वीकृति बाबत प्रस्ताव प्रेषित किया जाना है। प्रस्ताव में प्रभावित खातेदार/नामित आश्रित द्वारा संलग्न भूमि एवं अन्य व्यक्तिगत दस्तावेजों में भिन्नता पाई गयी है। विवरण निम्नानुसार हैः–

| क्र. | भूमि दस्तावेज के अनुसार भू-स्वामी का नाम एवं पिता का नाम | | | | | | | नामांतरण पंजी/ फौती नामांतरण | खाता नं./ अर्जित खसरा नं. | कुल अर्जित भूमि | | आधार कार्ड, शैक्षणिक योग्यता प्रमाण पत्र के अनुसार रोजगार हेतु नामित व्यक्ति का नाम पिता का नाम एवं जन्मतिथि | आवेदन के साथ प्रस्तुत शपथ पत्र के अनुसार रोजगार नामित व्यक्ति का नाम एवं पिता का नाम एवं जन्मतिथि | अन्य (विभिन्न दस्तावेज़ों में खातेदार का नाम एवं अन्य विसंगति) (आधार कार्ड के अनुसार) |
|---|---|---|---|---|---|---|---|---|---|---|---|---|---|---|
| | पत्रक V के अनुसार | पत्रक VI के अनुसार | बी1 (2000-01) के अनुसार | पी-II के (2000-2001) के अनुसार | बी1 (2017-18) के अनुसार | पी-II के (2017-18) के अनुसार | मुआवजा प्राप्ति रशीद के अनुसार | | | हे.में | एकड़ में | | | |
| 1 | 2 | | 3 | 4 | 5 | 6 | 7 | 8 | 9 | 10 | 11 | 12 | 13 | 14 |
| 1 | तिरिथ बाई पिता जय सिंह | 193/4 | 193/4 | 193/4 | 193/4 | 193/4 | 193/4 | 193/4 | 193/4 | 0.243 | 1.50 | 25.12.2002 | रमिला पिता जयहरि सिंह | रमिला पिता जयहरि सिंह |

उपरोक्तानुसार खातेदार का नाम तिरिथ बाई पिता जय सिंह तथा रोजगार हेतु नामित व्यक्ति रमिला पिता जयहरि सिंह का नाम पढ़ा एवं समझा जावे। अतः किसी भी संबन्धित व्यक्ति को उक्त व्यक्तियों के पहचान पर कोई आपत्ति हो तो अपना पूरा नाम, हस्ताक्षर, पता एवं मूल दस्तावेजों प्रमाणों के साथ इसकी लिखित शिकायत अधोहस्ताक्षरी के कार्यालय में इस सूचना के प्रकाशन के 07 दिवस के भीतर उपस्थित होकर प्रस्तुत करें। अन्यथा समयावधि के पश्चात प्रस्तुत दावा आपत्ति अमान्य होगी।

महाप्रबंधक, एसईसीएल, दीपका क्षेत्र

# टेस्ट रैंकिंग: जडेजा को फायदा तो गिल को हुआ घाटा, रूट फिर बने दुनिया के नंबर एक बल्लेबाज

एजेंसी ▶▶| दुबई

इंग्लैंड के स्टार बल्लेबाज जो रूट ने एक सप्ताह के अंदर फिर से अंतरराष्ट्रीय क्रिकेट परिषद (आईसीसी) की पुरुष टेस्ट बल्लेबाजी रैंकिंग में शीर्ष स्थान हासिल कर लिया है जबकि भारत के ऑलराउंडर रविंद्र जडेजा बुधवार को जारी नवीनतम सूची में 34वें स्थान पर पहुंच गए। लॉर्ड्स में भारत के खिलाफ पांच मैचों की श्रृंखला के तीसरे टेस्ट में रूट ने 104 और 40 रन बनाए थे, जिसे इंग्लैंड ने 22 रन से जीता। इस शानदार प्रदर्शन से वह अपने करियर में आठवीं बार दुनिया के नंबर एक बल्लेबाज बने।



### रूट सबसे उम्रदराज नंबर एक टेस्ट बल्लेबाज

रूट अभी 34 साल के हैं और वह दिसंबर 2014 में कुमार संगकारा के बाद सबसे उम्रदराज नंबर एक टेस्ट बल्लेबाज हैं। श्रीलंका के खिलाड़ी ने 37 साल की उम्र में यह उपलब्धि हासिल की थी। रूट ने अपना शीर्ष स्थान हमवतन हैरी ब्रुक से खो दिया था, जो अब केन विलियमसन से पीछे तीसरे स्थान पर खिसक गए हैं। भारतीय बल्लेबाजों में सलामी बल्लेबाज यशस्वी जायसवाल और उपकप्तान ऋषभ पंत एक-एक पायदान नीचे क्रमशः पांचवें और आठवें स्थान पर खिसक गए हैं। कप्तान शुभमन गिल भी तीन पायदान गिरकर नौवें स्थान पर आ गए हैं। लॉर्ड्स में 72 और नाबाद 61 रन की पारी खेलने वाले जडेजा पांच पायदान ऊपर चढ़कर 34वें स्थान पर आ गए हैं। इसी मैच में 100 और 39 रन की पारी खेलने वाले केएल राहुल भी पांच पायदान ऊपर चढ़कर जडेजा से एक पायदान पीछे 35वें स्थान पर हैं। इंग्लैंड के कप्तान बेन स्टोक्स ने लॉर्ड्स में 77 रन और पांच विकेट लेकर 'मैन ऑफ द मैच' का पुरस्कार जीता, जिससे वह बल्लेबाजों की सूची में दो स्थान ऊपर 42वें और गेंदबाजों की सूची में एक स्थान ऊपर 45वें स्थान पर पहुंच गए हैं।

### बोलैंड ने लगाई छलांग, पहुंचे कॅरियर के सर्वश्रेष्ठ स्तर पर

भारतीय तेज गेंदबाज जसप्रीत बुमराह टेस्ट गेंदबाजी रैंकिंग में अपना दबदबा बनाए हुए हैं और दक्षिण अफ्रीका के कागिसो रबाडा पर 50 अंकों की बढ़त के साथ शीर्ष स्थान पर बरकरार हैं। आस्ट्रेलियाई तेज गेंदबाज स्कॉट बोलैंड ने छह स्थान की छलांग लगाकर अपने करियर के सर्वश्रेष्ठ छठे स्थान पर पहुंच गए हैं। इस तरह से वह अपने चार हमवतन गेंदबाजों पैट कमिंस, जोश हेजलवुड, नाथन लियोन और मिशेल स्टार्क के साथ शीर्ष 10 में शामिल हो गए हैं। भारतीय ऑलराउंडर वाशिंगटन सुंदर गेंदबाजों की सूची में 58वें से 46वें स्थान पर पहुंच गए हैं।

स्टोक्स की अगुवाई वाली टीम पर टेस्ट के बाद मैच फीस का 10% लगाया जुर्माना

## इंग्लैंड को लॉर्ड्स की गलती पड़ी भारी, कटे नंबर, डब्ल्यूटीसी तालिका में नीचे खिसका



**लंदन।** इंग्लैंड की टीम बुधवार को विश्व टेस्ट चैंपियनशिप (डब्ल्यूटीसी) तालिका में एक पायदान नीचे तीसरे स्थान पर खिसक गई क्योंकि लॉर्ड्स में भारत के खिलाफ तीसरे टेस्ट मैच में धीमी ओवर गति के कारण उसके दो अंक काट दिए गए। बेन स्टोक्स की अगुवाई वाली टीम पर टेस्ट के बाद मैच फीस का 10 प्रतिशत जुर्माना भी लगाया गया है। इंग्लैंड ने यह मैच 22 रन से जीता था।

### विश्व टेस्ट चैंपियनशिप में इंग्लैंड के अंक 24 से घटकर 22 हुए

विश्व टेस्ट चैंपियनशिप में इंग्लैंड के अंक 24 से घटकर 22 हो गए हैं। इस कारण उसका अंक प्रतिशत (पीसीटी) 66.67 प्रतिशत से घटकर 61.11 प्रतिशत हो गया। श्रीलंका को इसका फायदा मिला जिसका प्रतिशत 66.67 है और वह इंग्लैंड को पीछे छोड़कर दूसरे स्थान पर पहुंच गया है। ऑस्ट्रेलिया अब तक अपने तीनों मैच जीतकर 100 प्रतिशत अंकों के साथ डब्ल्यूटीसी तालिका में शीर्ष पर है, जबकि भारत का प्रतिशत 33.33 है। इंग्लैंड के कप्तान बेन स्टोक्स ने अपराध स्वीकार कर लिया और प्रस्तावित दंड को स्वीकार कर लिया, इसलिए औपचारिक सुनवाई की कोई जरूरत नहीं पड़ी। मैदानी अंपायर पॉल रीफेल और शरफुद्दौला इब्ने शाहिद, तीसरे अंपायर अहसान रजा और चौथे अंपायर ग्राहम लॉयड ने आरोप लगाए थे।

## खबर संक्षेप



### दीपिका ने जीता मैजिक स्किल पुरस्कार

**नई दिल्ली।** भारतीय महिला हॉकी टीम की स्ट्राइकर दीपिका ने एफआईएच प्रो लीग 2024-25 सत्र के भुवनेश्वर चरण के दौरान नीदरलैंड के खिलाफ किए गए अपने मैदानी गोल के लिए पोलिग्रास मैजिक स्किल पुरस्कार जीता है। एफआईएच हॉकी प्रो लीग के 2024-25 सत्र के लिए पोलिग्रास मैजिक स्किल अवार्ड के विजेता का फैसला विश्व भर के हॉकी खेल प्रेमियों के मतदान के आधार पर किया गया। दीपिका ने यह गोल फरवरी 2025 में प्रो लीग के भुवनेश्वर चरण के दौरान किया था। कलिंग स्टेडियम में खेला गया यह मैच निर्धारित समय में 2-2 से बराबर रहा था, जिसके बाद भारत ने शूटआउट में नीदरलैंड को हराया। भारतीय टीम जब दो गोल से पीछे चल रही थी तब दीपिका ने 35वें मिनट में यह अविश्वसनीय गोल किया। उन्होंने नीदरलैंड की रक्षा पंक्ति को भेदते हुए बायीं ओर से शानदार तरीके से ड्रिबल किया, बेसलाइन को छुआ और एक डिफेंडर की स्टिक के ऊपर से गेंद को आगे निकालकर गोलकीपर को छकाते हुए गेंद को नेट में पहुंचाया।

### आईसीसी एजीएम की बैठक में टी20 विश्व कप के विस्तार पर होगी चर्चा

**सिंगापुर।** अंतरराष्ट्रीय क्रिकेट परिषद (आईसीसी) की बृहस्पतिवार से यहां शुरू हो रही चार दिवसीय वार्षिक आम बैठक (एजीएम) के दौरान बहुचर्चित दो स्तरीय टेस्ट प्रणाली, टी20 विश्व कप का विस्तार और नए सदस्यों को स्वीकृति देने जैसे विषयों पर गहन चर्चा की जाएगी। नया विश्व टेस्ट चैंपियनशिप (डब्ल्यूटीसी) चक्र (2025-27) शुरू हो चुका है और ऐसे में दो स्तरीय टेस्ट प्रणाली पर चर्चा धन आवंटन और प्रमोशन (निचली से शीर्ष लीग में जाना) तथा रेलीगेशन (शीर्ष लीग से निचली में खिसकना) से संबंधित प्रावधानों के इर्द-गिर्द घूमने वाली है। हालांकि यह सामान्य रूप से स्वीकार किया गया है कि मौजूदा डब्ल्यूटीसी चक्र में कोई बदलाव नहीं किया जाएगा और नई प्रणाली संभावित रूप से 2027 के बाद लागू होगी।

### स्विस ओपन टेनिस टूर्नामेंट : अर्जुन, प्रशांत क्वार्टर फाइनल में



**नई दिल्ली।** अर्जुन काधे और विजय सुंदर प्रशांत की भारतीय पुरुष युगल जोड़ी ने स्विट्जरलैंड के गस्टाड में चल रहे स्विस ओपन टेनिस टूर्नामेंट के क्वार्टर फाइनल में जगह बनाई जबकि एन श्रीराम बालाजी और रित्विक बोलीपल्ली की उनकी हमवतन जोड़ी इस एटीपी 250 टूर्नामेंट के पहले दौर में हारकर बाहर हो गई। अर्जुन और प्रशांत ने कोलंबिया के निकोलस बेरिएनटोस और मैक्सिको के मिगुएल रायेस वारेला की जोड़ी को इस 596035 यूरो इनामी क्ले कोर्ट प्रतियोगिता के पहले दौर में 7-5 6-3 से हराया।

चौथा मैच 23 जुलाई से, दोनों टीमों के बीच होगा कांटे का मुकाबला

# भारत-इंग्लैंड टेस्ट सीरीज : टीम इंडिया का ओल्ड ट्रैफर्ड में रिकॉर्ड खराब, नहीं जीता अब तक कोई टेस्ट

एजेंसी ▶▶| नई दिल्ली

भारत और इंग्लैंड के बीच 5 मैचों की टेस्ट सीरीज का चौथा मैच मैनचेस्टर के ओल्ड ट्रैफर्ड के मैदान में खेला जाएगा। ओल्ड ट्रैफर्ड स्टेडियम की बात करे तो यह मैदान भारत के लिए अब तक लकी नहीं रहा है। यहां भारत ने अब तक कुल 9 टेस्ट मैच खेले हैं लेकिन एक भी जीत नहीं दर्ज कर पाया है। टीम इंडिया को यहां 4 टेस्ट मैचों में हार का सामना करना पड़ा है जबकि 5 ड्रॉ पर समाप्त हुए हैं। यह आंकड़ा बताते है कि भारत को चौथे मैच में इस मैदान पर जीत हासिल करने के लिए कड़ी मशक्कत करनी होगी।

### मेजबान इंग्लैंड फिलहाल सीरीज में 2-1 से आगे

वहीं भारत और इंग्लैंड के बीच चल रही 5 मैचों की टेस्ट सीरीज अब निर्णायक मोड़ पर पहुंच चुकी है। तीन मैच खेले जा चुके हैं और मेजबान इंग्लैंड फिलहाल सीरीज में 2-1 से आगे है। अब अगला और चौथा टेस्ट मैच 23 जुलाई से मैनचेस्टर के ओल्ड ट्रैफर्ड स्टेडियम में खेला जाएगा, जहां टीम इंडिया के लिए जीत हासिल करना एक बड़ी चुनौती होगी।



**मेजबान इंग्लैंड के पास बेहतरीन चांस**

दूसरी तरफ, इंग्लैंड की टीम शानदार फॉर्म में है और घरेलू परिस्थितियों का भरपूर फायदा उठाते हुए अपनी सीरीज में 3-1 की अजेय बढ़त हासिल करना चाहेगी। अब सभी की निगाहें 23 जुलाई से शुरू होने वाले चौथे टेस्ट पर टिकी हैं। क्या टीम इंडिया ओल्ड ट्रैफर्ड के खराब रिकॉर्ड को तोड़ पाएगी? क्या भारत सीरीज में वापसी कर इंग्लैंड को निर्णायक टेस्ट के लिए मजबूर करेगा? इन सभी सवालों के जवाब अब जल्द ही मिलेंगे, लेकिन एक बात तय है कि मैनचेस्टर टेस्ट भारत के लिए करो या मरो की तरह होगा।

### भारत को हर हाल में जीतना होगा चौथा टेस्ट

लॉर्ड्स टेस्ट में 22 रनों की करीबी हार झेलने के बाद भारतीय टीम अब हर हाल में चौथा टेस्ट जीतकर सीरीज में बराबरी हासिल करना चाहेगी। हालांकि, इसके लिए शुभमन गिल की कप्तानी में टीम इंडिया को अपनी रणनीति और प्रदर्शन दोनों में स्पष्ट सुधार करना होगा। बल्लेबाजी में निरंतरता और गेंदबाजी में धार की जरूरत अब पहले से कहीं ज्यादा होगी।

### टीम इंडिया के सामने दोहरी चुनौती

भारत के सामने अब दोहरी चुनौती है। एक ओर तो उन्हें सीरीज में बराबरी हासिल करनी है, और दूसरी ओर एक ऐसे मैदान पर पहली जीत दर्ज करनी है, जहां कभी जीत मिली ही नहीं। इसके लिए कप्तान शुभमन गिल, केएल राहुल, यशस्वी जायसवाल, जसप्रीत बुमराह और रवींद्र जडेजा जैसे स्टार खिलाड़ियों को अपना सर्वश्रेष्ठ प्रदर्शन देना होगा।

### विश्व टेस्ट चैंपियनशिप में भारत चौथे स्थान पर

अंतरराष्ट्रीय क्रिकेट परिषद (आईसीसी) के अनुसार मैच रेफरी रिची रिचर्डसन ने इंग्लैंड पर यह जुर्माना लगाया क्योंकि उसकी टीम ने निर्धारित समय में दो ओवर कम किए थे। भारत अभी विश्व टेस्ट चैंपियनशिप की अंक तालिका में चौथे स्थान पर है। आईसीसी ने कहा, 'खिलाड़ियों और उनके सहयोगी स्टाफ के लिए आईसीसी आचार संहिता की न्यूनतम ओवर गति से जुड़ी धारा 2.22 के अनुसार खिलाड़ियों पर उनके निर्धारित समय में प्रत्येक ओवर कम फेंकने पर मैच फीस का पांच प्रतिशत जुर्माना लगाया जाता है।' इसमें कहा गया है, 'इसके अलावा आईसीसी विश्व टेस्ट चैंपियनशिप की खेल शर्तों के अनुच्छेद 16.11.2 के अनुसार निर्धारित समय में प्रत्येक ओवर कम होने पर टीम का प्रत्येक ओवर के लिए एक अंक काट दिया है। इस तरह से इंग्लैंड के विश्व टेस्ट चैंपियनशिप के कुल अंकों में से दो अंक काट दिए गए हैं।'

टेनिस

## अमेरिकी ओपन 24 अगस्त से भाग्य आजमाएंगे 10 पूर्व चैंपियन



एजेंसी ▶▶| न्यूयॉर्क

गत चैंपियन यानिक सिनर और एरीना सबालेंका उन 10 पूर्व अमेरिकी ओपन विजेताओं में शामिल हैं, जो अगले महीने होने वाले वर्ष के इस अंतिम ग्रैंडस्लैम टूर्नामेंट में अपना भाग्य आजमाएंगे।

अमेरिकी टेनिस एसोसिएशन ने 24 अगस्त से शुरू होने वाले इस टूर्नामेंट में भाग लेने वाले खिलाड़ियों की प्रवेश सूची जारी की है, जिसमें 18 पूर्व ग्रैंड स्लैम एकल चैंपियन शामिल हैं। अमेरिकी ओपन में सीधा प्रवेश 14 जुलाई तक की रैंकिंग पर आधारित था। पुरुषों के लिए कटऑफ 101 और महिलाओं के लिए 99 नंबर था। विश्व के नंबर एक खिलाड़ी सिनर ने हाल में विंबलडन फाइनल में दुनिया के दूसरे नंबर के खिलाड़ी कार्लोस अल्काराज़ को हराकर अपना चौथा ग्रैंड स्लैम खिताब जीता था।

दुनिया की नंबर एक महिला खिलाड़ी सबालेंका विंबलडन के सेमीफाइनल में अमांडा अनिसिमोवा से हार गईं, जो सातवें नंबर पर हैं और शीर्ष आठ में शामिल चार अमेरिकी महिला खिलाड़ियों में से एक हैं। अमेरिका के सर्वाधिक 30 खिलाड़ियों (16 महिला, 14 पुरुष) को सीधे प्रवेश मिला है।

### लुंगी एनगिडी बने टी20 में सबसे ज्यादा विकेट लेने वाले तीसरे साउथ अफ्रीकी गेंदबाज

**जकार्ता।** साउथ अफ्रीका के तेज गेंदबाज लुंगी एनगिडी ने हमवतन दिग्गज डेन स्टेन को पछाड़ दिया है। वह साउथ अफ्रीका के लिए सबसे ज्यादा टी20 विकेट लेने वाले तीसरे गेंदबाज बन गए हैं। न्यूजीलैंड के खिलाफ पहले टी20 मैच के दौरान एनगिडी ने ये खास उपलब्धि हासिल की। जिम्बाब्वे, साउथ अफ्रीका और न्यूजीलैंड के बीच त्रिकोणीय टी20 सीरीज आयोजित की गई है। हरारे क्रिकेट ग्राउंड पर पहले मुकाबले में न्यूजीलैंड और साउथ अफ्रीका आमने-सामने हैं। साउथ अफ्रीका ने टॉस जीतकर पहले गेंदबाजी करने का फैसला किया।

लास वेगास फ्रीस्टाइल शतरंज

## भारतीय दल की अगुआई करेंगे प्रज्ञानानंदा, गुकेश दौरे से हटे



एजेंसी ▶▶| लास वेगास (अमेरिका)

भारतीय खिलाड़ी आर. प्रज्ञानानंदा को 16 खिलाड़ियों के फ्रीस्टाइल शतरंज टूर्नामेंट में मैग्नस कार्लसन के साथ एक ही ग्रुप में रखा गया है जबकि अर्जुन एरिगेसी और विदित गुजराती दूसरे पूल में साथ में हैं। दुनिया के नंबर एक खिलाड़ी मैग्नस कार्लसन इस बार भी खिताब के प्रबल दावेदार के रूप में शुरुआत करेंगे। टूर्नामेंट बुधवार देर रात शुरू होगा।

इस प्रतियोगिता की कुल पुरस्कार राशि 750,000 अमेरिकी डॉलर है, जिसमें से 200,000 की राशि विजेता के लिए है। प्रत्येक ग्रुप में आठ खिलाड़ी हैं और शीर्ष चार खिलाड़ी अगले चरण में पहुंचेंगे जबकि इसके बाद निचले स्थान पर रहने वाले आधे खिलाड़ी एक-दूसरे के खिलाफ खेलेंगे। विश्व चैंपियन डी. गुकेश इस प्रतियोगिता में शिरकत नहीं करेंगे क्योंकि उन्हें एक महीने के अंदर ग्रैंडमास्टर टूर के मुख्य टूर्नामेंट में हिस्सा लेना है। उन्नीस वर्षीय प्रज्ञानानंदा अपने अभियान की शुरुआत उज्बेकिस्तान के नोडिरबेक अब्दुसत्तोरोव के खिलाफ करेंगे। कार्लसन अपने शुरुआती दौर में पहले चरण के विजेता जर्मनी के विन्सेंट कीमर से भिड़ेंगे। अमेरिका के हैंस नीमन फ्रीस्टाइल शतरंज टूर्नामेंट में पहली बार भाग लेंगे और पहली बाजी में एरिगेसी के सामने होंगे।

### छेत्री ने कहा-आईएसएल स्थगित होने से भारतीय फुटबॉल दहशत में, अनिश्चितता चिंताजनक



**नई दिल्ली।** पूर्व कप्तान और शीर्ष स्ट्राइकर सुनील छेत्री ने कहा कि भारतीय फुटबॉल में अनिश्चितता की मौजूदा स्थिति काफी चिंताजनक है और शीर्ष स्तर के फुटबॉल टूर्नामेंट इंडियन सुपर लीग (आईएसएल) को अनिश्चितकाल के लिए स्थगित किए जाने से खेल जगत चिंतित, आहत और डरा हुआ है। लीग में बेंगलुरु एफसी की ओर से खेलने वाले छेत्री ने कहा कि उन्हें देश में इस खेल के भविष्य को लेकर आशंकाएं व्यक्त करने वाले फोन कॉल और संदेशों की बाढ़ आ गई है। 40 वर्षीय खिलाड़ी ने एक्स पर लिखा, 'मुझे सबसे पहले यह चिंता हुई कि मेरे पास खेल का, जो समय बचा है उसको मैं कैसे बिताऊंगा। लेकिन विभिन्न क्लबों के खिलाड़ियों से बात करने के बाद मुझे एहसास हुआ कि मेरी समस्या उतनी महत्वपूर्ण नहीं है।'

## डोपिंग मामले में तारा मूर को 4 साल का बैन

**लंदन।** खेल पंचाट ने डोपिंग के एक मामले में ब्रिटिश टेनिस खिलाड़ी तारा मूर पर चार साल का प्रतिबंध लगा दिया गया है। खेल पंचाट ने अंतरराष्ट्रीय टेनिस इंटीग्रिटी एजेंसी (आईटीआईए) के साथ सहमति व्यक्त की है कि प्रदर्शन बढ़ाने वाली दवाओं के सेवन के लिए उन्हें निलंबित किया जाना चाहिए। मूर को अप्रैल 2022 में एनाबॉलिक स्टेरॉयड बोल्डेनोन और नैंड्रोलोन के सेवन के लिए पॉजिटिव पाया गया था, लेकिन दिसंबर 2023 में उन्हें खेलने की मंजूरी दे दी गई थी, जब एक स्वतंत्र पंचाट ने फैसला दिया कि कोलंबिया में एक प्रतियोगिता में भाग लेने के दौरान दूषित मांस खाने के कारण ऐसा हुआ था। आईटीआईए ने उस फैसले के खिलाफ खेल पंचाट में अपील की थी। खेल पंचाट ने आईटीआईए के पक्ष में निर्णय दिया, जिसमें कहा गया कि उसके पैनल के अधिकतर सदस्यों का यह मानना था कि मूर यह साबित नहीं कर पाई कि दूषित मांस के सेवन के कारण उनका नमूना पॉजिटिव पाया गया था। 32 वर्षीय मूर वर्तमान में एकल रैंकिंग में 864वें और युगल में 187वें स्थान पर हैं।



## अंडर-19 टेस्ट : दबाव बनाने में असफल रहा भारत, इंग्लैंड ने पहला टेस्ट ड्रा पर रोका



एजेंसी ▶▶| बेकेनहम

इंग्लैंड अंडर 19 ने कप्तान हमजा शेख के जुझारू शतक की बदौलत भारत अंडर 19 टीम की जीत की उम्मीदों पर पानी फेरते हुए उसे पहले युवा टेस्ट क्रिकेट मैच के चौथे और अंतिम दिन ड्रॉ पर रोक दिया। भारतीय टीम ने इंग्लैंड के सामने 350 रन का लक्ष्य रखा था। इंग्लैंड ने 63 ओवर में सात विकेट पर 270 रन बनाकर भारत को दो मैचों की श्रृंखला में 1-0 की बढ़त हासिल नहीं करने दी।

**मेयस ने खेली अर्धशतकीय पारी**

शेख ने 140 गेंदों पर 11 चौकों और दो छक्कों की मदद से 112 रन बनाए। उन्हें बेन मेयस से महत्वपूर्ण सहयोग मिला, जिन्होंने 82 गेंदों पर 51 रन बनाए। उनके अलावा विकेटकीपर-बल्लेबाज थॉमस रीव ने 35 गेंदों पर 50 रन का योगदान दिया। भारत ने 14वें ओवर में इंग्लैंड का स्कोर 3 विकेट पर 62 रन कर दिया था लेकिन इसके बाद वह दबाव बनाने में असफल रहा। इंग्लैंड ने शेख की मेयस और रीव के साथ उपयोगी साझेदारियों से अच्छी वापसी की।

### अल्बर्ट और जैक नहीं आए दबाव में

जब खेल समाप्त होने में एक घंटे का समय बचा था तब भारत ने लगातार ओवरों में दो रन आउट करके अपनी उम्मीद जगाई। उसने पहले शेख को आउट किया और फिर अगले ओवर में एकांश सिंह को वापस पवेलियन भेजा।



Dr. Juneja's
पेट सफा
Natural Laxative Granules & Tablets
सहायक है:
कब्ज़ गैस एसिडिटी
अगर आप भी कब्ज़, गैस, एसिडिटी जैसी समस्या से परेशान है तो आज ही लीजिए, पेट सफा ग्रेन्यूल्स/टैबलेट्स । यह मुंह में चिपकता नहीं । सोने से पहले खाएं और आराम पाएं ।
20% EXTRA
NO.1 BRAND
TABLETS
Provides Effective Relief
Balances Digestive Health
Ayurvedic Proprietary Medicine
Clinically Tested*
*For efficacy and safety.
24x7 Helpline: 91197 88888 | www.petsaffa.com
Available at all medical & general stores
Divisa
www.divisastore.com
UIN-A01-AY-PB-2025

# लोकसभा अध्यक्ष की पहल, अब सांसदों और आगंतुकों को मिलेगा 'सेहतमंद आहार'

हरिभूमि न्यूज ▶▶| नई दिल्ली

संसद में कामकाज की उत्पादकता बढ़ाने के बाद अब लोकसभा अध्यक्ष ओम बिरला ने सांसदों, अधिकारियों और आगंतुकों की सेहत का भी खास ख्याल रखने की योजना बनाई है। इसके तहत अब संसद में रागी बाजरा इडली और ज्वार उपमा से लेकर मूंग दाल का चीला और उबली सब्जियों के साथ ग्रिल्ड मछली तक कई सेहतमंद आहार उपलब्ध कराए जाएंगे। सेहतमंद आहार का मेन्यू लोकसभा अध्यक्ष ओम बिरला के कहने पर तैयार किया गया है। लोकसभा अध्यक्ष का मानना है कि स्वास्थ्य से किसी तरह का समझौता किए बिना जनकल्याण के कार्यों को आगे बढ़ाना है। संसद की कैंटीन में सेहत को ध्यान में रखते हुए भोजन उपलब्ध कराने की पहल इस मायने में भी महत्वपूर्ण है कि सत्र के दौरान कार्यवाही लंबे समय तक और कई बार देर रात तक चलती है। स्वस्थ जीवन शैली को बढ़ावा देने के लिए संसद की कैंटीन ने पोषण को अहमियत देते हुए विशेष मेन्यू की पहल की है। अब संसद में लज़ीज़ पकवानों के साथ ही बाजरे से बने पकवान, फाइबर युक्त सलाद और प्रोटीन-पैक सूप उपलब्ध होगा जो एक स्वस्थ आहार को बढ़ावा देने के व्यापक प्रयास का हिस्सा है।

## सेहतमंद आहार का मेन्यू लोकसभा अध्यक्ष ओम बिरला के कहने पर किया गया है तैयार

### मुख्य आकर्षणों में ये होंगे

मेन्यू में उन खाद्य पदार्थों को प्रमुखता से स्थान मिला है, जो संयुक्त राष्ट्र द्वारा घोषित अंतराष्ट्रीय मोटा अनाज वर्ष, 2023 में शामिल थे। मुख्य आकर्षणों में सांबर के साथ रागी बाजरा इडली और चटनी (270 किलो कैलोरी), ज्वार उपमा (206 किलो कैलोरी) और चीनी-मुक्त मिक्स बाजरा खीर (161 किलो कैलोरी) शामिल हैं। चना चाट और मूंग दाल चीला जैसे लोकप्रिय भारतीय व्यंजन भी प्रमुखता से शामिल हैं।



### प्रधानमंत्री मोदी ने मोटापे पर जागरूकता की अपील की थी

सेहतमंद विकल्पों को बढ़ावा देने की तात्कालिकता को समझते हुए प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी ने हाल ही में अपने 'मन की बात' संबोधन में मोटापे से निपटने के लिए देशव्यापी जागरूकता और सामूहिक कदम उठाने की आवश्यकता पर बल दिया था। उन्होंने विशेष रूप से खाद्य तेल की खपत को कम करने की अपील की थी।

### मांसाहारियों का भी ख्याल

मांसाहार का सेवन करने वाले सदस्यों की सेहत का भी ख्याल रखा गया है। उनके लिए ग्रिल्ड उबली सब्जियों के साथ ग्रिल्ड चिकन (157 किलो कैलोरी) और ग्रिल्ड फिश (378 किलो कैलोरी) जैसे पोषक विकल्प उपलब्ध हैं। पेय पदार्थों के मेन्यू में 'हेल्थ-फर्स्ट' दृष्टिकोण को दर्शाया गया है जिसमें ग्रीन और हर्बल चाय, मसाला सत्तू और गुड़ के स्वाद वाला आम पन्ना होगा जो चीनी से भरपूर सोडे और पारंपरिक मिठाइयों की जगह ले रहा है।

## खबर संक्षेप

### सेंदरी का मेंटल हास्पिटल, न्यायमित्रों ने पेश की रिपोर्ट

**बिलासपुर**। सेंदरी स्थित प्रदेश के एकमात्र मेंटल अस्पताल की हालत पर बुधवार को न्यायमित्रों की ओर से हाईकोर्ट में रिपोर्ट प्रस्तुत की गई। इसमें अस्पताल के इंफ्रास्ट्रक्चर सहित अन्य सुधार की जरूरत बताई गई। ध्यान रहे कि सेंदरी मानसिक चिकित्सालय में दीवारों पर सीपेज सहित अन्य कमियों को दूर करने के निर्देश हाईकोर्ट ने दिए। कोर्ट ने राज्य शासन को अस्पताल में स्वीकृत कुल पद और डॉक्टरों सहित अन्य कुल नियुक्त स्टाफ का भी विवरण देने के निर्देश दिए। मामले में दो सप्ताह बाद अगली सुनवाई रखी गई है। उल्लेखनीय है कि पिछली सुनवाई के दौरान शासन ने कोर्ट में बताया था कि चार सायकेट्रिस्ट और अन्य स्टाफ की नियुक्ति की गई है। इस पर कोर्ट ने मेंटल हास्पिटल का निरीक्षण करने का निर्देश न्यायमित्रों को दिया था। राज्य में मानसिक रोगियों के इलाज के लिए 2017 में बने अधिनियम के अनुसार प्रावधान और सुविधा नहीं होने पर हाईकोर्ट में जनहित याचिका दायर की गई है। मामले में हाईकोर्ट ने स्वतः संज्ञान भी लिया है। दोनों मामलों की एक साथ सुनवाई चल रही है।

### मुठभेड़ में दो नक्सली ढेर, एक जवान शहीद

**बोकारो**। झारखंड के बोकारो जिले में बुधवार सुबह सुरक्षा बलों ने कर दिया और इस दौरान सीआरपीएफ के एक जवान की भी जान चली गई। पुलिस ने बताया कि गोमिया थाना क्षेत्र के बिरहोर डेरा जंगल में सुबह करीब साढ़े पांच बजे सुरक्षाबलों और नक्सलियों के बीच मुठभेड़ शुरू हुई। बोकारो जोन के पुलिस महानिरीक्षक क्रांति कुमार गडीदेसी ने बताया, सुरक्षाबलों ने मुठभेड़ के दौरान दो नक्सलियों को मार गिराया। सीपीआरएफ की कोबरा बटालियन के एक जवान की भी मुठभेड़ में जान चली गई।

## इज़रायल ने हमले की पुष्टि, दमिश्क में मची अफरा-तफरी

# इजरायल ने सीरिया में घुसकर की एयर स्ट्राइक, रक्षा मंत्रालय पर ड्रोन अटैक

एजेंसी ▶▶| दमिश्क

इजरायल और सीरिया के बीच तनाव एक बार फिर चरम पर है। गाजा में हमास और लेबनान में हिजबुल्लाह के खिलाफ युद्ध के बीच इजरायली सेना ने सीरिया पर हमले तेज कर दिए हैं। बुधवार को उसने सीरिया की राजधानी दमिश्क स्थित रक्षा मंत्रालय परिसर के एंट्री गेट को निशाना बनाकर ड्रोन हमले किए। इस हमले के पीछे की वजह दक्षिणी सीरिया के ड्रूज़ बहुल शहर स्वैदा में सरकारी बलों और स्थानीय ड्रूज लड़ाकों के बीच संघर्ष बताया जा रहा है। इज़रायल ने हमले की पुष्टि करते हुए कहा कि यह कार्रवाई ड्रूज़ नागरिकों की सुरक्षा सुनिश्चित करने के उद्देश्य से की गई है। आईडीएफ ने कहा, हमने दमिश्क में सीरियाई शासन के सैन्य मुख्यालय परिसर के प्रवेश द्वार को निशाना बनाया। हम दक्षिणी सीरिया में ड्रूज़ नागरिकों के खिलाफ हो रही कार्रवाइयों पर करीबी नजर रखे हुए हैं।

## सीरिया में लगातार तीसरे दिन इजरायली हमले

इजरायल का यह तीसरे दिन लगातार सीरियाई इलाके में हमला है। इससे पहले स्वैदा और आस-पास के इलाकों में भी कई हवाई हमले किए गए थे। बुधवार को भी पूरे दिन स्वैदा शहर और आसपास के गांवों में मोर्टार और तोपों से भारी गोलाबारी की खबरें आईं। स्थानीय समाचार पोर्टल के अनुसार, सुबह से ही स्वैदा के कई इलाकों में तेज़ गोलीबारी और विस्फोट सुने गए।सीरियाई रक्षा मंत्रालय के अंदर मौजूद सूत्रों ने बताया कि कम से कम दो ड्रोन हमले हुए हैं और अधिकारी मंत्रालय के तहखाने में शरण ले चुके हैं। सीरिया की सरकारी समाचार एजेंसी ने बताया कि इस हमले में दो नागरिक घायल हुए हैं।



### ड्रूज बनाम सीरियाई सरकार, इजरायल का हस्तक्षेप

स्वैदा में हिंसा की शुरुआत तब हुई जब सीरियाई सरकार ने सोमवार को क्षेत्र में ड्रूज़ और बेद्धइन समुदायों के बीच चल रही झड़पों को शांत कराने के लिए सैनिक भेजे, लेकिन वहां पहुंचते ही उनकी मुठभेड़ ड्रूज़ मिलिशिया से ही हो गई। इज़रायल ने इस बीच हस्तक्षेप करते हुए दावा किया है कि वह ड्रूज़ समुदाय की सुरक्षा के लिए कार्रवाई कर रहा है।

**इजरायली हमले की क्या वजह**

दक्षिणी सीरिया के शहर स्वैदा में ड्रूज़ अल्पसंख्यक समुदाय की बहुलता है, बीते कुछ दिनों से सीरियाई सरकारी बलों और स्थानीय ड्रूज़ लड़ाकों के बीच भीषण झड़पों का केंद्र बना हुआ है। इजरायल खुद को ड्रूज़ समुदाय का रक्षक बताते हुए इन झड़पों में हस्तक्षेप कर रहा है। इजरायल पहले ही स्वैदा में सीरियाई सेना की कई चौकियों पर हमला कर चुका है। माना जा रहा है कि अगर हालात नहीं सुधरे तो इजरायल सीरिया में और गहरे और अधिक विध्वंसक हमले कर सकता है।

### इधर, स्टूडियो में सीरियाई एंकर की निकल गई चीख

इजरायली सेना ने सीरिया की राजधानी दमिश्क में स्थित रक्षा मंत्रालय के मुख्यालय और राष्ट्रपति भवन के नजदीक एयर स्ट्राइक कर दी। इस हमले का मंजर भी सामने आया है, जब दमिश्क के एक न्यूज चैनल की एंकर लाइव प्रसारण कर रही थी और उसी दौरान जोरदार धमाके की आवाज के साथ उनकी चीख निकल जाती है। इस भयावह हमले का खौफनाक मंजर सामने आया है। सोशल मीडिया पर हमले के कई वीडियो वायरल हो रहे हैं। एक वीडियो में सीरियाई न्यूज एंकर को डर के मारे भागते हुए देखा जा सकता है। वीडियो में दिख रहा है कि एंकर न्यूज पढ़ रही है, तभी पीछे से जोर का धमाका होता है और एंकर की चीख निकल जाती है। वो अपनी सीट से नीचे उतरकर भाग जाती है।

## राजस्थान में दर्दनाक घटना

# 9 साल की बच्ची और एक घंटे में 2 बार हार्ट अटैक, स्कूल में बेहोशी के बाद चली गई जान



एजेंसी ▶▶| जयपुर

राजस्थान में 9 साल की एक बच्ची की एक घंटे के भीतर दो बार हार्ट अटैक आने से मौत हो गई। चौथी क्लास में पढ़ने वाली छात्रा को पहला अटैक स्कूल में आया। उसे हेल्थ सेंटर ले जाया गया। वहां उसे दूसरी बार अटैक आया। डॉक्टरों ने इंजेक्शन लगाने के बाद उसे रेफर कर दिया। अस्पताल ले जाते समय रास्ते में उसकी मौत हो गई। रिपोर्ट के अनुसार, सीकर के दांता स्थित आदर्श विद्या मंदिर में पढ़ने वाली कक्षा 4 की छात्रा प्राची कुमावत की हार्ट अटैक से मौत हो गई।

### जिंदादिल बच्ची थी प्राची

एंबुलेंस दोपहर करीब 12:15 बजे रवाना हुई और करीब 1:30 बजे हमें पता चला कि उसकी मौत हो गई है। उन्होंने कहा कि वह होशियार, खुशमिजाज़ और जिंदादिल बच्ची थी। हम उसे डांटते थे तो भी वह मुस्कुराती रहती थी। दांता सीएचसी में तैनात डॉ. आर.के. जांगिड़ ने बताया कि प्रथम दृष्टया बच्ची को दिल का दौरा पड़ा था। उसे स्कूल में अचानक दिल का दौरा पड़ा था।

### बचाने की कोशिश नाकाम

अभी पोस्टमार्टम नहीं हुआ है, लेकिन सीएचसी के डॉक्टरों ने निष्कर्ष निकाला कि यह दिल का दौरा था और उन्होंने इसके लिए उपाय किए। इससे उसकी हालत में कुछ समय के लिए सुधार हुआ। उन्होंने आगे कहा, हमने उसे ऑक्सीजन दी और कार्डियक रिससिटेशन किया। फिर हमने उसे सीकर के श्री कल्याण (सरकारी) अस्पताल रेफर कर दिया, लेकिन अस्पताल पहुंचने से पहले ही उसकी मौत हो गई।

## परिवार न्यायालय का फैसला बरकरार, पति की याचिका खारिज

# हाईकोर्ट ने कहा- पत्नी का काल डिटेल मांगना निजता का हनन

हरिभूमि न्यूज ▶▶| बिलासपुर

छत्तीसगढ़ हाईकोर्ट ने अपने महत्वपूर्ण फैसले में कहा है कि गोपनीयता संवैधानिक रूप से संरक्षित अधिकार है, जो मुख्य रूप से संविधान के अनुच्छेद 21 के तहत जीवन और व्यक्तिगत स्वतंत्रता की गारंटी से देता है। इस टिप्पणी के साथ ही जस्टिस राकेश मोहन पांडेय ने विवाद होने पर पति के पत्नी की मोबाइल कॉल डिटेल और सीडीआर की मांग करने वाली याचिका को खारिज कर दी है।



दरअसल, याचिकाकर्ता दुर्ग जिले के युवक की शादी राजनांदगांव जिले के युवती से 4 जुलाई 2022 को हिंदू रीति-रिवाज के साथ हुई थी। विवाह के कुछ समय बाद ही पति ने डिवोर्स के लिए हिंदू विवाह अधिनियम, 1955 की धारा 13(1) (1) के तहत एक याचिका दायर की। इसमें आरोप लगाया गया कि पत्नी विवाह के 15 दिन बाद अपने माता-पिता के घर गई, जिसके बाद उसका व्यवहार काफी बदल गया। आरोप है कि पत्नी ने याचिकाकर्ता की मां और भाई के साथ दुर्व्यवहार किया।

### तलाक के आवेदन में लांछन का उल्लेख नहीं

इस दौरान पत्नी ने धारा 125 के तहत एक आवेदन पेश किया। साथ ही पति की मां, पिता और भाई के खिलाफ घरेलू हिंसा के तहत शिकायत की। इस पर पति ने 24 जनवरी 2024 को दुर्ग के एसएसपी को आवेदन देकर पत्नी की कॉल डिटेल रिकॉर्ड (सीडीआर) की डिटेल की मांग की लेकिन, पुलिस ने कॉल डिटेल देने से इनकार कर दिया। इस पर पति ने कॉल डिटेल के लिए फैमिली कोर्ट में आवेदन दिया, जो कि खारिज कर दिया गया। इसके बाद हाईकोर्ट में अपील की गई। याचिका में पति ने पत्नी पर आरोप लगाते हुए मोबाइल पर दूसरे से बातचीत करने के सबूत होने का दावा किया। इस याचिका में फैमिली कोर्ट में दाखिल किए गए केस में पति ने तलाक के लिए लगाई गई अर्जी में उल्लेख ही नहीं किया। उन्होंने पत्नी के व्यवहार में बदलाव और साथ रहने से इनकार करने का जिक्र किया है।

### किसी की व्यक्तिगत गोपनीयता खत्म नहीं होती

सुनवाई के दौरान पत्नी की ओर से कहा गया कि वैवाहिक जीवन साझेदारी का संबंध होता है, लेकिन इसका मतलब यह नहीं कि किसी की व्यक्तिगत गोपनीयता खत्म हो जाती है। पति अपनी पत्नी को अपने मोबाइल या बैंक पासवर्ड देने के लिए बाध्य नहीं कर सकता और ऐसा करना गोपनीयता का हनन और घरेलू हिंसा माना जा सकता है। दोनों पक्षों को सुनने के बाद जस्टिस राकेश मोहन पांडेय की सिंगल बेंच ने कहा कि पति ने अपनी तलाक की अर्जी में कहीं भी चरित्रहीनता का आरोप नहीं लगाया है। ऐसे आरोप लिखित बहस में पहली बार लगाए गए हैं। इसके अलावा, संविधान के अनुच्छेद 21 के तहत हर व्यक्ति को जीवन और व्यक्तिगत स्वतंत्रता का अधिकार प्राप्त है, जिसमें गोपनीयता भी शामिल है। इसी आधार पर हाईकोर्ट ने फैमिली कोर्ट के फैसले को सही मानते हुए पति की याचिका को खारिज कर दिया।

# एनटीपीसी लारा के 6 वाहन जिंदल की जमीन पर डंप करने पहुंचे थे फ्लाईऐश..!

हरिभूमि न्यूज ▶▶| रायगढ़

एनटीपीसी लारा के 6 वाहन कलमी गांव में जेएसपीएल की जमीन पर अवैध रूप से फ्लाईऐश डंप करने पहुंचे थे। फ्लाईऐश अनलोड होता इससे पहले ही जिंदल प्रबंधन द्वारा इन वाहनों को पकड़कर पर्यावरण विभाग को इसकी सूचना दी गई। सूचना पर विभागीय टीम मौके पर पहुंची और एनटीपीसी उद्योग पर 4 लाख 5 हजार रुपए का जुर्माना लगाया गया है।

दरअसल जिले के अधिकांश उद्योगों के पास फ्लाईऐश के निपटान की कोई सुविधा नहीं है। चाहे दिन हो या रात उद्योगों द्वारा बेखौफ होकर किसी भी गांव की खाली जमीन, मुख्य मार्ग किनारे, एनएच किनारे, जंगल, नदी-नालों यहां तक कि गावों के प्रवेश मार्ग में फ्लाईऐश डंप कर दिया जाता है। जिससे पर्यावरण तो प्रदूषित हो ही रहा है, साथ ही लोगों के स्वास्थ्य पर भी इसका बुरा असर पड़ रहा है। क्योंकि उद्योगों की यह कालिख लोगों शरीर में सांस के माध्यम से घुस रहा है और उन्हें कई घातक बीमारियों का शिकार बना रहा है। ऐसा ही एक कारनामा एनटीपीसी लारा का देखने को मिला है। बुधवार को एनटीपीसी लारा से फ्लाईऐश लेकर निकले 6 वाहन अवैध डंपिंग के इरादे से कलमी गांव पहुंच गए। इसके बाद सभी वाहन के चालक वहां स्थित खाली जमीन पर फ्लाईऐश अनलोड करने की तैयारी करने लगे। चूंकि उक्त जमीन जेएसपीएल पतरापाली की है तो इसकी भनक कंपनी प्रबंधन को लग गई। जानकारी पाकर कंपनी के अधिकारी-कर्मचारी मौके पर पहुंचे और फ्लाईऐश डंप होने से पहले ही वाहन चालकों को पकड़ लिया। इसके बाद इसकी सूचना पर्यावरण विभाग को दी गई। सूचना मिलते ही पर्यावरण विभाग की टीम मौके पर पहुंची और फ्लाईऐश लोड वाहन को वापस एनटीपीसी भेजते हुए उद्योग प्रबंधन पर 4 लाख 5 हजार रुपए का जुर्माना लगाया गया।

## सूचना का करते हैं इंतजार

जिले में जिस तरह फ्लाईऐश का अवैध रूप से डंपिंग हो रहा है, पर्यावरण विभाग द्वारा उस तरह की कार्रवाई नजर नहीं आ रही है। जब भी पर्यावरण विभाग के अधिकारियों से कहीं पर भी फ्लाईऐश डंप होने की शिकायत की जाती है तो उनके द्वारा यह कहा जाता है कि वो कैसे जानेंगे उक्त फ्लाईऐश किस उद्योग का है और किसने डंप किया है। इसके बाद मामले को दबा दिया जाता है। विभागीय अधिकारियों की मानें तो जब कभी किसी स्थान पर फ्लाईऐश डंप होता रहे और उसकी जानकारी मिले तभी कार्रवाई की जाती है। इसका मतलब यह है कि विभागीय अधिकारियों को अवैध रूप से फ्लाईऐश डंपिंग का लाइव शिकायत मिले, तब जाकर ही कार्रवाई होगी।



### रायपुर व बलौदाबाजार जिलों में जाना था फ्लाईऐश

पंचनामा कार्रवाई के दौरान पर्यावरण विभाग की टीम द्वारा एनटीपीसी लारा प्रबंधन से फोन पर संपर्क किया गया तो वहां के प्रतिनिधि ने बताया कि उक्त वाहन रायपुर व बलौदाबाजार जिलों में लो लाइन व एनएच निर्माण के लिए जाना है, लेकिन ये वाहनें कलमी गांव कैसे पहुंच गई इसकी जानकारी उन्हें नहीं है। इस तरह उद्योग प्रबंधन ने अपनी खामी छिपाने के लिए पल्ला झाड़ लिया। हालांकि पर्यावरण विभाग ने जुर्माना उद्योग पर ही लगाया है।

एनटीपीसी लारा से 6 वाहन फ्लाईऐश लेकर रायपुर व बलौदाबाजार जाने के लिए निकले थे, लेकिन वो कलमी गांव पहुंच गए। वाहन चालकों द्वारा जिंदल की जमीन पर अवैध रूप से फ्लाईऐश डंप करने की तैयारी की जा रही थी। फ्लाईऐश अनलोड होने से पहले ही जिंदल प्रबंधन द्वारा वाहन चालकों को पकड़ कर इसकी सूचना हमें दी गई। हमारे द्वारा एनटीपीसी उद्योग पर 4 लाख 5 हजार रुपए का जुर्माना लगाया गया है।

**अंकुर साहू**
क्षेत्रीय अधिकारी, पर्यावरण।

# आईआईटी-मद्रास ने बनाई भारत की 'सबसे हल्की' व्हीलचेयर

हरिभूमि न्यूज ▶▶| नई दिल्ली

भारतीय प्रौद्योगिकी संस्थान (आईआईटी)-मद्रास ने बुधवार को स्वदेशी रूप से बनाई गई भारत की सबसे हल्की व्हीलचेयर 'वाईडी वन' पेश की। अधिकारियों ने बताया कि 'वाईडी वन' देश की पहली स्वदेशी रूप से विकसित 'मोनो-ट्यूब रिजिड-फ्रेम' व्हीलचेयर है, जिसे दुनिया की सर्वश्रेष्ठ व्हीलचेयर के तौर पर डिजाइन किया गया है। अधिकारियों ने कहा कि अंतरराष्ट्रीय मानकों के अनुसार निर्मित 'वाईडी वन' प्रत्येक उपयोगकर्ता के शरीर, मुद्रा और दैनिक गतिशीलता आवश्यकताओं के लिए पूरी तरह से अनुकूलित है। उन्होंने कहा कि केवल



नौ किलोग्राम वजन वाली इस व्हीलचेयर को कार, ऑटो या सार्वजनिक वाहनों में रखकर ले जाना भी आसान है। आईआईटी मद्रास के निदेशक वी. कामकोटि के अनुसार दुनिया भर में व्हीलचेयर को अक्सर दिव्यांगता के एक सार्वभौमिक प्रतीक के रूप में देखा जाता है, लिहाजा इसका इस्तेमाल करने वालों को एक अलग नजर से देखा जाता है। उन्होंने कहा कि इस धारणा को बदलना होगा।

### दो अफसर गिरफ्तार

**नई दिल्ली**। सीबीआईने पटना में सहायक निदेशक के रूप में तैनात भारतीय राजस्व सेवा के अधिकारी सहित आयकर विभाग के दो अधिकारियों को एक व्यक्ति से जब्त धन को छोड़ने के लिए कथित तौर पर दो लाख रुपए की रिश्वत लेने के आरोप में गिरफ्तार किया है।

ओम हॉस्पिटल
NABH Entry Level
मेडिसिन विभाग
• मधुमेह • हृदय रोग
• वाट रोग • गुर्दे की बीमारी
• थायरॉइड रोग • आई सी यू
• फेफड़ों संबंधित बीमारियाँ
• कोविड और कोविड के पश्चात की जटिलताएं
शहीद वीर नारायण सिंह आयुष्मान स्वास्थ्य योजना, BSKY, ESIC, CSEB, TPA एवं INSURANCE से फ्री में ईलाज
एच.पी.पेट्रोल पंप के पास, महादेवघाट रोड, रायपुरा चौक, रायपुर (छ.ग.), मो. 8370008551
खरोरा रोड़, तिल्दा (छ.ग.), मो. 9302734809
स्व.राजा वीरेंद्र सिंह शासकीय महाविद्यालय के पास, एनएच रोड,सरायपाली (छ.ग.), मो.8370008558
प्रताप देव वार्ड नं. 11, हटा गांधी मैदान के सामने जगदलपुर (छ.ग.), मो. 9131753200
ओम डेन्टल हॉस्पिटल, समता कॉलोनी,रायपुर (छ.ग.) मो. 8305948040
#Rajesh

कालड़ा हॉस्पिटल यूनिट ऑफ कालड़ा बर्न एवं प्लास्टिक सर्जरी सेंटर
फाइलेरिया
हाथी पांव एवं अन्य अंगों का ईलाज



छ.ग.शासन से मान्यता प्राप्त
पचपेड़ी नाका, धमतरी रोड कलर्स मॉल के पास, रायपुर
कॉल : 9827143060/8871003060
Ajay 9424201700

हरिभूमि कम्यूनिकेशन्स प्राईवेट लिमिटेड के लिए मुद्रक एवं प्रकाशक प्रियंक सिंह परिहार द्वारा हरिभूमि पब्लिकेशन्स, रिंग रोड नं. 2, गौरवपथ, बिलासपुर (छत्तीसगढ़)-495001 से मुद्रित एवं हरिभूमि कार्यालय, रिंग रोड नं. 2, गौरव पथ, बिलासपुर (छत्तीसगढ़)-495001 से प्रकाशित। प्रधान संपादक : डॉ. हिमांशु द्विवेदी, स्थानीय संपादक: प्रवीण शुक्ला। RNI No. CHHHIN/2001/03764, फोन : 07752-401050, फैक्स : 07752-401052. e-mail : bilaspur@haribhoomi.com